वर्ष- 13 अंक - 332
लखनऊ, सोमवार 3 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सावन का पहला सोमवार आज, शिव मंदिरों में रौनक 10

सदन के संचालन के लिए सहयोग अपेक्षित : महाना 03


## एसबीआई लॉकर में रखी बहुमूल्य वस्तुओं का रिकॉर्ड से मिलान

**अयोध्या चंदा प्रकरण**

- चंपत राय ने महंत नृत्यगोपाल दास से की मुलाकात
- पूरी प्रक्रिया की हुई वीडियोग्राफी

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**



राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण की जांच के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पहली बार एसबीआई के लॉकर में सुरक्षित रखी गई सोने-चांदी की ईंटों, आभूषणों और अन्य बहुमूल्य वस्तुओं का भौतिक सत्यापन कराया। ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव डॉ. कृष्ण मोहन की मौजूदगी में शनिवार को पूरे दिन चली इस प्रक्रिया में लॉकर में रखी प्रत्येक वस्तु का अभिलेखों से मिलान किया गया और पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

जानकारी के अनुसार, सुबह शुरू हुआ सत्यापन देर शाम तक चला। इस दौरान ट्रस्ट के चार्टर्ड अकाउंटेंट चंदन राय और जगदीश आफले भी मौजूद रहे। गुणवत्ता, मात्रा और रिकॉर्ड का बारीकी से मिलान कर यह सुनिश्चित किया गया कि लॉकर में सुरक्षित सभी बहुमूल्य वस्तुएं अभिलेखों के अनुरूप हैं। गौरतलब है कि राम मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) नए सिरे से मामले की पड़ताल कर रहा है। प्रारंभिक जांच में दान में मिले सोने-चांदी और अन्य कीमती वस्तुओं के रखरखाव तथा अभिलेखों को लेकर सवाल उठे थे। इसके बाद ट्रस्ट ने निगरानी व्यवस्था भी सख्त कर दी है और चढ़ावे के प्रबंधन में कई नए बदलाव लागू किए हैं। इधर, चढ़ावा प्रकरण के बाद पहली बार श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास से मुलाकात की। महासचिव पद से इस्तीफा देने के बाद यह उनकी पहली औपचारिक भेंट मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि चंपत राय इन दिनों चातुर्मास का पालन कर रहे हैं और इसी क्रम में उन्होंने संतों एवं धर्माचार्यों से मुलाकात का सिलसिला शुरू किया है।

सूत्रों के अनुसार, मुलाकात के दौरान धार्मिक विषयों, चातुर्मास की परंपरा और रामनगरी के आध्यात्मिक वातावरण पर चर्चा हुई। हालांकि, चढ़ावा प्रकरण को लेकर दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। वहीं, चंपत राय की बढ़ी सक्रियता को लेकर अयोध्या के धार्मिक और सामाजिक हलकों में विभिन्न तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,44,370/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,32,250/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,08,310/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,35,000/किग्रा |



### संक्षिप्त समाचार

**अब एक ही शिफ्ट में होगी नीट पीजी परीक्षा**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-पीजी (नीट पीजी-2026) में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने परीक्षा प्रक्रिया में कई अहम बदलाव किए हैं। अब नीट पीजी परीक्षा एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही परीक्षा पैटर्न, प्रश्नों की संख्या और समय-सारिणी में भी बदलाव किया गया है। नए कार्यक्रम के अनुसार, नीट पीजी-2026 का आयोजन 30 अगस्त को देशभर के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगा। पहले परीक्षा दो शिफ्टों में कराने की योजना थी, लेकिन अब सभी अभ्यर्थी एक ही शिफ्ट में परीक्षा देंगे।

**कांवड यात्रा पर रखी जाएगी विशेष नजर**

**लखनऊ।** कांवड़ यात्रा और आतंकी हमले की आशंका जताते हुए उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री आवास, विधानसभा और रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार देर रात को बैठक कर पुलिस अफसरों को निर्देश दिए है कि प्रदेश में कांवड़ यात्राओं पर सावधानी और सतर्कता बरतने के साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात किये जाएं।

**मणिपुर में नौ उग्रवादी गिरफ्तार**

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने उग्रवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए पिछले 24 घंटों में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। अलग-अलग जिलों में चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान हथियार, गोला-बारूद, संचार उपकरण, नकदी और छह शक्तिशाली इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) भी बरामद किए गए। बम निरोधक दस्ते ने सभी आईईडी को मौके पर ही सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया।

### नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान शुरु

# दुश्मन देशों के निशाने पर हमारे युवा : मोदी

- ड्रग्स का आदी बनाने की चल रही आतंकी साजिश
- 100 सप्ताह तक चलेगा जनजागरण अभियान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत में मादक पदार्थों की तस्करी केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि देश को कमजोर करने की एक सुनियोजित आतंकी साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेलकर देश की ऊर्जा और क्षमता को कमजोर करना चाहते हैं। ऐसे प्रयासों को समाज और सरकार को मिलकर विफल करना होगा।


वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का युवा शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहेगा तथा नशे से पूरी तरह दूर रहेगा। उन्होंने युवाओं से इस अभियान का नेतृत्व करने और नशा मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नशा केवल किसी एक व्यक्ति का जीवन नहीं बिगाड़ता, बल्कि पूरे परिवार के सपनों को तोड़ देता है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय युवा स्टार्टअप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), अंतरिक्ष और विज्ञान जैसे क्षेत्रों में दुनिया में अपनी पहचान बना रहे हैं, लेकिन यदि वे नशे की चपेट में आते हैं तो उनका भविष्य अंधकारमय हो सकता है।

उन्होंने कहा कि ड्रग्स कुछ समय का झूठा नशा देता है, लेकिन जीवनभर का नुकसान पहुंचाता है। प्रधानमंत्री ने संतों और गुरुओं की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति हमेशा संयम और सदाचार का संदेश देती रही है।

उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब का हवाला देते हुए कहा कि जो नशा मनुष्य का विवेक छीन ले, वह उसे पतन की ओर ले जाता है। प्रधानमंत्री ने नशे की लत से बाहर निकलने वाले युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे लोग समाज के लिए प्रेरणा हैं। किसी व्यक्ति का अतीत उसकी पहचान नहीं होता, बल्कि कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलने का उसका साहस ही उसकी वास्तविक पहचान बनता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने नशे के कारोबार और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। पिछले वर्षों में बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं और तस्करों के खिलाफ कार्रवाई में उल्लेखनीय तेजी आई है।

**अभियान से जुड़ी चार बड़ी बातें**

- **युवा ही विकसित भारत की ताकत** : प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य युवाओं के संकल्प और भागीदारी से ही पूरा होगा।
- **नशे से बाहर आने वाले योद्धा** : नशे की लत छोड़ने वाले युवाओं को समाज के लिए प्रेरणा बताते हुए उन्हें सम्मान और दूसरा मौका देने की बात कही।
- **नशे के खिलाफ जनभागीदारी** : स्कूल, कॉलेज, सामाजिक संस्थाएं और आध्यात्मिक संगठन मिलकर इस अभियान को जन आंदोलन बनाएंगे।
- **स्वस्थ तन-मन जरूरी** : प्रधानमंत्री ने कहा कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ युवा ही देश के विकास में सबसे बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।




कॉमनवेल्थ गेम्स 2026

## भारत की झोली में आए 39 पदक

- आखिरी दिन नहीं मिला कोई पदक
- जैस्मिन लंबोरिया बनीं ध्वजवाहक

**एजेंसी, ग्लास्गो।**



**2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी भारत को**

ग्लास्गो में आयोजित समापन समारोह के दौरान 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी का बैटन भारत को सौंपा गया। 2030 में यह खेल गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होंगे। यह संस्करण कॉमनवेल्थ गेम्स के 100 साल पूरे होने का भी गवाह बनेगा। अभारत इससे पहले वर्ष 2010 में दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी कर चुका है। उस दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड 101 पदक जीते थे। अब 2030 में भारत के सामने अपने पिछले प्रदर्शन को और बेहतर करने की चुनौती होगी।

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय दल का अभियान रविवार को समाप्त हो गया। आखिरी दिन पदक की उम्मीद लगाए बैठे भारतीय खिलाड़ियों को निराशा हाथ लगी और भारत कोई नया पदक नहीं जोड़ सका। भारत ने ग्लास्गो खेलों में 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य पदक समेत कुल 39 पदक जीते और पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा।

अंतिम दिन भारत की उम्मीदें जूडो और साइक्लिंग में थीं, लेकिन दोनों खेलों में सफलता नहीं मिली। जूडो के महिला 78 किग्रा वर्ग में ईशरूप नारंग कांस्य पदक मुकाबले में हार गईं। वहीं पुरुष वर्ग में यश घंघास और अवतार सिंह पहले ही पदक की दौड़ से बाहर हो गए थे।

ट्रैक साइक्लिंग में भी भारतीय खिलाड़ियों को निराशा मिली। रोनाल्डो सिंह लैतोनजाम पुरुषों की 1000 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में पदक नहीं जीत सके।

इसके बाद पैरा ट्रैक साइक्लिंग में लीशा दास से आखिरी उम्मीद थी, लेकिन वह भी पदक की दौड़ से बाहर हो गईं। हालांकि जूडो में भारत का प्रदर्शन यादगार रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने इस स्पर्धा में दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य समेत चार पदक अपने नाम किए। कॉमनवेल्थ गेम्स के समापन समारोह में भारतीय दल की ध्वजवाहक मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया रहीं। मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मिन ने समारोह में भारतीय दल का नेतृत्व किया।

## अगले कुछ दिनों तक भारी वर्षा का अलर्ट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मानसून ने उत्तर भारत में रफ्तार पकड़ ली है और इसका असर उत्तर प्रदेश में भी तेजी से दिखाई देने लगा है। उत्तराखंड में लगातार हो रही मूसलधार बारिश और भूस्खलन का प्रभाव यूपी के मैदानी इलाकों तक पहुंच रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में अगले कुछ दिनों तक तेज बारिश, आकाशीय बिजली और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने नदियों के किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। प्रदेश में मानसून की सक्रियता बढ़ने के साथ पूर्वांचल और तराई के जिलों में नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। प्रशासन ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। राहत एवं बचाव दल अलर्ट मोड हैं।

## आकाश के ससुर बसपा से निष्कासित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को बड़ा संगठनात्मक फैसला लेते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को बसपा से निष्कासित कर दिया। उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी रणधीर सिंह बेनीवाल को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। मायावती ने स्पष्ट कहा कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद अशोक सिद्धार्थ के व्यवहार में सुधार नहीं आया, इसलिए अब उन्हें भविष्य में किसी भी स्थिति में पार्टी में वापस नहीं लिया जाएगा।

## मेरे परिवार को जान का खतरा : पप्पू यादव

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव पर दिल्ली स्थित आवास पर हुए कथित हमले के बाद उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। घटना के बाद सांसद ने कहा कि उन पर हमला करने की कोशिश करने वालों के पीछे की साजिश का खुलासा होना चाहिए। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र में हिंसा और डराने-धमकाने की राजनीति की कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि हमलावर अपने साथ चाकू लेकर आया था और उसका इरादा गंभीर नुकसान पहुंचाने का था। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों और समर्थकों की सतर्कता से बड़ी घटना टल गई। सांसद ने कहा कि वह जनता की आवाज उठाते रहेंगे और किसी भी तरह के दबाव से पीछे नहीं हटेंगे।

उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अगर एक सांसद के आवास पर इस तरह की घटना हो सकती है तो आम लोगों की सुरक्षा की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने दिल्ली पुलिस से मामले की गहराई से जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## निर्माणाधीन पोखरे में डूबने से तीन किशोरों की मौत

**समृद्धि न्यूज, महाराजगंज।** जनपद के कोठीभार थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका सिसवा के वार्ड नंबर 25 मीराबाई नगर के पोखरा टोला स्थित निर्माणाधीन पोखरे में रविवार को नहाने गए किशोरो में तीन किशोरो की डूबने से मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम के लिए लाये गए तीनों किशोरो के परिजनों से मिलकर डीएम एवं एसपी ने ढ़ांढस बधाया डीएम ने घोषणा किया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए सहायता राशि दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पोखरा टोला निवासी राजवीर 13 पुत्र उमेश यादव, नीतीश यादव 14 पुत्र रमेश यादव,रोहन 13 पुत्र राम लखन तथा कृष्णा रौनियार 15 पुत्र कबूतर रौनियार गांव के निर्माणाधीन पोखर में नहाने गए थे। नहाने के दौरान नीतीश, रोहन और कृष्णा गहरे पानी में चले गए और डूब गये।

**उपलब्धि** — भारत की एयरोस्पेस ताकत में बड़ा उछाल

# देश को मिला पहला स्वदेशी एक्सपेंडेबल टर्बोजेट इंजन

- 350 किलोग्राम थ्रस्ट श्रेणी का इंजन जीटीआरई को सौंपा
- क्रूज मिसाइल व ड्रोन की बढ़ेगी क्षमता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



भारत ने रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और आजाद इंजीनियरिंग ने देश का पहला स्वदेशी 350 किलोग्राम थ्रस्ट श्रेणी का एक्सपेंडेबल टर्बोजेट इंजन सफलतापूर्वक विकसित कर गैस टर्बाइन रिसर्च एस्टैब्लिशमेंट (जीटीआरई) को सौंप दिया है।

यह उपलब्धि भारत को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल करती है, जिनके पास एक्सपेंडेबल टर्बोजेट इंजन के डिजाइन और निर्माण की स्वदेशी क्षमता मौजूद है।

डीआरडीओ की प्रमुख प्रयोगशाला जीटीआरई द्वारा डिजाइन किए गए इस इंजन का निर्माण आजाद इंजीनियरिंग ने किया है। यह इंजन भविष्य के सैन्य अभियानों में अहम भूमिका निभाएगा।

कॉम्पैक्ट आकार वाला यह टर्बोजेट इंजन एक बार इस्तेमाल होने वाले सैन्य प्लेटफार्मों के लिए तैयार किया गया है। इसका उपयोग अगली पीढ़ी की क्रूज मिसाइलों, जेट संचालित लोइटरिंग हथियारों, तेज गति वाले लक्ष्य ड्रोन और मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को शक्ति देने में किया जा सकेगा।

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, इस तकनीक से भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी और विदेशी इंजनों पर निर्भरता कम होगी। स्वदेशी इंजन तकनीक विकसित होना देश के एयरोस्पेस इकोसिस्टम के विस्तार की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**भारत ने अपनी ड्रोन रोधी युद्धक क्षमता को परखा**

भारतीय वायुसेना ने राजस्थान के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में एक सप्ताह तक चले सैन्य अभ्यास रोटर क्लैप-तृतीय का सफलतापूर्वक समापन किया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य बदलते युद्धक्षेत्र की चुनौतियों के बीच वायुसेना की अभियानगत तैयारियों को परखना और विशेष रूप से ड्रोन तथा अन्य मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) से निपटने की क्षमता को और मजबूत बनाना था। रक्षा सूत्रों के अनुसार, अभ्यास में भारतीय वायुसेना की विभिन्न हेलीकॉप्टर इकाइयों ने भाग लिया। पूरे सप्ताह वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियां तैयार कर हेलीकॉप्टर बेड़े की परिचालन क्षमता, त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वय और संयुक्त सैन्य अभियानों का परीक्षण किया गया।

# आईजीआरएस पोर्टल पर चमका देवीपाटन मंडल

समृद्धि न्यूज, गोण्डा।

उत्तर प्रदेश सरकार की एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पोर्टल पर देवीपाटन मंडल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

जुलाई 2026 की जारी रैंकिंग में मंडल ने 110 में से 104 अंक अर्जित कर 94.55 प्रतिशत सफलता दर हासिल की है। यह उपलब्धि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण के प्रति मंडलीय प्रशासन की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि देवीपाटन मंडल के सभी चारों जनपद श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा एवं बलरामपुर में आईजीआरएस पर

- लगातार पांच माह से शीर्ष प्रदर्शन बरकरार
- मंडलायुक्त की सख्त मॉनिटरिंग से प्राप्त की उपलब्धि

प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की नियमित एवं गहन समीक्षा की जाती है। प्रत्येक माह अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर लंबित प्रकरणों, निस्तारण की गुणवत्ता तथा शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि का मूल्यांकन किया जाता है।

उन्होंने बताया कि केवल शिकायतों का निस्तारण ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि शिकायतकर्ता को वास्तविक न्याय मिले। इसी उद्देश्य से वह स्वयं प्रत्येक



माह रैंडम रूप से पांच शिकायतकर्ताओं से सीधे फोन पर बातचीत कर फीडबैक प्राप्त करती हैं। शिकायतकर्ता से यह जानकारी ली जाती है कि उसकी समस्या का वास्तविक समाधान हुआ है या नहीं। यदि कहीं केवल औपचारिक कार्रवाई या कागजी निस्तारण पाया जाता है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाती है। इस व्यवस्था से शिकायत निस्तारण में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

मंडलायुक्त ने कहा कि मंडल में महिलाओं एवं बेटियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संचालित मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद पहल भी आईजीआरएस की सफलता का एक महत्वपूर्ण आधार बनी है। इस अभिनव व्यवस्था के माध्यम से महिलाओं की शिकायतों की नियमित सुनवाई कर उनका शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे महिला शिकायतकर्ताओं का प्रशासन पर विश्वास भी लगातार मजबूत हुआ है।

### आयुक्त की पहल संध्या संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिकता से जन शिकायतों का हो रहा निस्तारण

देवीपाटन मंडल का प्रदर्शन केवल जुलाई माह तक सीमित नहीं है, बल्कि पिछले पांच महीनों से मंडल लगातार प्रदेश के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले मंडलों में शामिल रहा है। मार्च 2026 में प्रथम, अप्रैल 2026 में प्रथम, मई 2026 में द्वितीय तथा जून और जुलाई 2026 में पुनः प्रथम स्थान प्राप्त कर मंडल ने उत्कृष्ट एवं निरंतर प्रदर्शन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने इस उपलब्धि का श्रेय विभागीय अधिकारियों तथा शिकायतों के निस्तारण में लगे कर्मचारियों की टीम भावना और जिम्मेदार कार्यशैली को दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी शिकायतों के समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि आमजन को शासन की योजनाओं और सेवाओं का प्रभावी लाभ मिल सके तथा जनविश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

# नशा मुक्ति युवा व विकसित भारत कार्यक्रम संपन्न

समृद्धि न्यूज, गोण्डा।



स्थानीय श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी बड़गांव गोंडा में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं जिला विद्यालय निरीक्षक गोंडा डॉ रामचंद्र के निर्देशानुसार 2 जुलाई को विद्यालय के सभागार में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवा पीढ़ी को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत वर्चुअल उद्बोधन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण छात्र-छात्राओं को दिखाया गया।

प्रधानमंत्री संबोधन के बाद उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशा मुक्ति हेतु शपथ भी दिलाई गई। जिला युवा अधिकारी शुभम ने जेन जी अगेंस्ट एडिक्शन जो थीम है उसके विषय में बृहद रूप से चर्चा की।

संस्था के प्रधानाचार्य मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश युवा लोगों को एक नया मार्गदर्शन देगा और नशा मुक्त भारत बनाना है जो हम सबको मिलकर साकार करना है।

कार्यक्रम उपरांत जिला युवा अधिकारी ने संस्था के प्रधानाचार्य मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी को सम्मानित किया और विनय श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षकों सहित राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक परमानंद ओझा, शिवम, राजाराम, हिमांशु, अर्पित, अनिकेत सहित युवा मंडल के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

## खबरें एक नजर में

### कटान से खेत-मकान खतरे में

**गोंडा।** घाघरा नदी का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ रहा है। रविवार सुबह 9:30 बजे एल्गिन ब्रिज पर नदी खतरे के निशान से महज 6 सेंटीमीटर नीचे बह रही थी। पिछले 24 घंटे में जलस्तर 9 सेंटीमीटर बढ़ा है। बैराज से 2 लाख 71 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने से नदी का बहाव और तेज हो गया है। बढ़ते जलस्तर का असर तटीय गांवों पर दिखने लगा है। ऐली परसौली समेत कई गांवों में लोगों को आने-जाने और जरूरी सामान लाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीण आटा, चावल, पशु चारा और अन्य सामान नाव से ढो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई जगह वे खुद ही नाव चला रहे हैं क्योंकि प्रशासन ने नाविकों की व्यवस्था नहीं की है। कुछ गांवों में लोग निजी या किराए की नावों से आवागमन करने को मजबूर हैं। जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 20 से अधिक नावें तैनात की हैं। लेकिन कई तटीय गांवों में अब भी नावों की कमी बनी हुई है। घाघरा के बढ़ते जलस्तर के साथ करनैलगंज और तरबगंज तहसील में कटान भी तेज हो गया है। नदी किसानों की उपजाऊ जमीन और फसलों को बहा रही है। नवाबगंज क्षेत्र के कई इलाकों में कच्चे मकान भी कटान की जद में आ गए हैं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि जिन स्थानों पर नाव की जरूरत है वहां नावें उपलब्ध कराई जा रही हैं। बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन हालात पर लगातार नजर रखे हुए है।

### नीलगाय से टकराई विधायक की कार, बाल-बाल बचे






**बहराइच।** समाजवादी पार्टी की विधायक इंद्राणी वर्मा की कार रविवार सुबह बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर नीलगाय से टकरा गई। यह घटना कैसरगंज इलाके में हुई, जब विधायक लखनऊ जा रही थीं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, विधायक और कार में सवार अन्य सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं।हादसे के समय विधायक इंद्राणी वर्मा के साथ कार में अन्य लोग भी मौजूद थे। सभी को मामूली चोटें आईं और किसी को गंभीर नुकसान नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन की गति नियंत्रित होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही एपीएक्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक मशकूर हबीब ने विधायक के लिए दूसरी कार की व्यवस्था की। इसके बाद विधायक इंद्राणी वर्मा लखनऊ के लिए रवाना हो गईं। विधायक इंद्राणी वर्मा ने बताया कि नीलगाय के अचानक सड़क पर आ जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। उन्होंने पुष्टि की कि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

### सिंचाई कालोनी गिरिजापुरी में तेन्दुए का मूवमेन्ट



**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन प्रभाग की सिंचाई कॉलोनी गिरजापुरी में पिछले एक सप्ताह से तेंदुए की लगातार चहलकदमी देखी जा रही है। इसके बाद वन विभाग ने कार्रवाई शुरू की है। रेंजर आशीष गौड़ के नेतृत्व में वन दारोगा राधेश्याम, वन रक्षक संतोष और वाचरों की एक टीम ने राजकीय हथिनी जयमाला और चम्पाकली के साथ कॉलोनी में गश्त की। इस गश्त का उद्देश्य तेंदुए को रिहायशी इलाके से दूर भगाना था। टीम ने कॉलोनी के निवासियों को अलर्ट किया और उन्हें जागरूक किया कि तेंदुआ दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचित करें। वनकर्मियों ने रात में भी गश्त बढ़ा दी है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। स्थानीय लोगों के अनुसार, एक मादा तेंदुआ अपने शावकों के साथ कई दिनों से कॉलोनी में घूम रही है। उन्होंने बताया कि तेंदुआ कई राहगीरों और कॉलोनी निवासियों का पीछा कर चुका है। निवासियों ने वन विभाग से सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी घटना को टाला जा सके।

### नानपारा की तीन छात्राओं का मंडलीय बैडमिंटन में चयन



**बहराइच।** नानपारा स्थित सआदत इंटर कॉलेज की तीन छात्राओं का मंडलीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इन छात्राओं ने जनपद स्तरीय बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसका आयोजन तारा महिला इंटर कॉलेज द्वारा इंदिरा स्टेडियम में किया गया था। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद मिश्रा ने बताया कि अंडर-14 वर्ग में कक्षा 10 की नदवा आफरीन, कक्षा 6 की शेफाली और कक्षा 8 की अशफिया का चयन मंडलीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। डॉ. मिश्रा ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने भी छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और मंडलीय प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### चार मौतों के मामले में नया मोड़, एफआईआर दर्ज

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के झौंना गांव में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत के बहुचर्चित मामले की जांच अब नए मोड़ पर पहुंच गई है। घटना के दूसरे दिन मृतक बजरंगी गिरी के बड़े भाई राजेश गिरी ने कोतवाली देहात में तहरीर देकर 29 लाख रुपये के कथित बकाये को पूरे घटनाक्रम की प्रमुख वजह बताया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि लंबे समय से रुपये वापस न मिलने के कारण बजरंगी गिरी मानसिक तनाव में थे। इसी तनाव के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। तहरीर में एक व्यक्ति को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच तेज कर दी है।

# सफाई कर्मचारी के बेटों का जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

समृद्धि न्यूज, गोण्डा।



उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी विकासखंड हलधरमऊ के ग्राम पंचायत परसागोडरी में कार्यरत अनरूध तिवारी सफाई कर्मचारी के पैतृक आवास पर पहुंचकर उनके बडे बेटे नवनीत तिवारी छोटा बेटा विनीत तिवारी दोनों का चयन अभी जल्द ही पुलिस के पद पर हुआ है उनके पिताजी सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं संघ को जानकारी मिलने पर फूल माला मिठाई लेकर सफाई कर्मचारी के बेटे व परिवार को फूल माला पहनाकर व भेंट कर संघ ने स्वागत किया अभी जल्द ही नवनीत तिवारी का चयन होमगार्ड में भी हो गया है लड़के के चाचा श्री राम तिवारी सेना में मेजर हैं कर्मचारियों में खुशी की लहर है संघ के जिलाध्यक्ष ने भविष्य में अन्य कर्मचारियों के परिवार व बच्चों को कड़ी मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने के लिए आग्रह किया श्री तिवारी ने आश्वासन दिया कि जहां पर किसी भी कर्मचारी को आवश्यकता पड़ती है व संघ को याद करें संघ उसकी आवश्यकता को पूर्ण करेगा।

इस मौके पर जिला संगठन मंत्री उधो राम गौतम ब्लॉक अध्यक्ष हलधरमऊ रमेश सिंह ब्लॉक संगठन मंत्री भोले शंकर ब्लॉक संगठन मंत्री जुबेर अहमद ब्लॉक अध्यक्ष बभनजोत धर्मेंद्र वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष इटियाथोक लोकनाथ शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष मनकापुर अतुल तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष बेलसर रघुनाथ मौर्य ब्लॉक अध्यक्ष छपिया प्रदीप वर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 150 मेडिकल स्टोर जांच के दायरे में

- बिना लाइसेंस चल रहा था अमन फार्मास्युटिकल्स

समृद्धि न्यूज, गोण्डा।

गोंडा में नकली और अवैध दवाओं के कारोबार का बड़ा खुलासा होने के बाद अब 150 से अधिक मेडिकल स्टोर संचालक जांच के दायरे में आ गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग गोंडा समेत आसपास के जिलों के थोक और रिटेल विक्रेताओं के खरीद-बिक्री रिकॉर्ड खंगाल रहा है।

बिना लाइसेंस संचालित अमन फार्मास्युटिकल्स के तीन गोदामों पर 16 से 19 जुलाई के बीच नौ जिलों से आई औषधि निरीक्षकों की संयुक्त टीम ने छापेमारी की थी। इस दौरान करीब रु. 1.13 करोड़ मूल्य की अवैध, नकली और नशीली दवाएं बरामद की गई थीं। जिला औषधि निरीक्षक सुमित वर्मा ने बताया कि अमन फार्मास्युटिकल्स का थोक दवा बिक्री का लाइसेंस वर्ष 2025 में ही समाप्त हो चुका था, इसके बावजूद अवैध कारोबार चल रहा था। मामले में 19 दवाओं के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। मुख्य आरोपी अमन कसौधन की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी 14 जून से फरार है और उसके नेपाल भागने की आशंका है। उसकी तलाश में कई पुलिस टीमें जुटी हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच में कई मेडिकल स्टोर और थोक विक्रेताओं के नाम सामने आए हैं। जल्द ही अन्य संदिग्ध स्थानों पर भी छापेमारी की जाएगी।

## विशेश्वरगंज पुलिस का नशे के कारोबार पर प्रहार




### नशे की सामग्री संग युवक गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, विशेश्वरगंज, **बहराइच।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत विशेश्वरगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 38 पुड़िया अवैध चिपड़ (कुल 190 ग्राम) के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी पयागपुर के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। थाना विशेश्वरगंज पुलिस ने ग्राम देवनपुर मोड़, के पास से छोटू पासी पुत्र चंदर पासी, निवासी ग्राम गोपालपुर, थाना विशेश्वरगंज को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 38 पुड़िया अवैध चिपड़ बरामद हुई, जिसका कुल वजन 190 ग्राम बताया गया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध थाना विशेश्वरगंज में मु0अ0सं0 241/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपित को न्यायालय भेजा गया। थानाध्यक्ष संदीप दुबे ने बताया कि जनपद में नशा तस्करी और मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। इस अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा आगे भी प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

# 45 दिन में 211 गुम मोबाइल बरामद



- 60 लाख के फोन मालिकों को लौटाए

समृद्धि न्यूज, बहराइच।

पुलिस ने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए 211 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन फोनों की अनुमानित कीमत लगभग 60 लाख रुपये है।

रविवार दोपहर तीन बजे पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन सभागार में फोन मालिकों को उनके फोन वापस किए। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद के दरगाह, कोतवाली नगर, हुजूरपुर, विशेश्वरगंज, कैसरगंज सहित अन्य थाना क्षेत्रों से लोगों ने सीईआईआर पोर्टल पर फोन गुम होने की शिकायतें दर्ज कराई थीं। सर्विलांस टीम ने 45 दिनों की कार्रवाई के बाद इन फोनों को बरामद किया।

### लोगों ने जताया आभार

बरामद किए गए ये फोन विभिन्न कंपनियों के थे। फोन वापस मिलने पर मालिकों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक ने इस कार्रवाई में शामिल टीम को नकद पुरस्कार देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी सहित फोन बरामद करने वाली टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# एनडीए सरकार बनाना हो लक्ष्य : अनुप्रिया

समृद्धि न्यूज, बहराइच।




केंद्रीय मंत्री और अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल रविवार दोपहर करीब 1 बजे बहराइच पहुंचीं। उन्होंने पार्टी के जिला स्तरीय कार्यकर्ता समागम में हिस्सा लिया और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से अभी से पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरने का आह्वान किया।

अनुप्रिया पटेल ने कहा कि अपना दल (एस) ने सरकार में रहते हुए हमेशा पिछड़े, वंचित और शोषित वर्गों के अधिकारों की आवाज बुलंद की है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना कराने का सरकार का फैसला उनकी पार्टी की प्रमुख मांगों में शामिल था और यह उसी प्रयास का परिणाम है।

केंद्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में अधिकतम सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर तक सक्रिय होने की अपील की। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि पार्टी प्रदेश में कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का लक्ष्य प्रदेश में एक बार फिर एनडीए सरकार बनाना होना चाहिए।

कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में अनुप्रिया पटेल ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले की निष्पक्ष जांच करा रही है और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। सांसद पप्पू यादव के संत के वेश में संसद परिसर में प्रदर्शन करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को विरोध दर्ज कराने का अधिकार है, लेकिन विरोध का तरीका ऐसा नहीं होना चाहिए जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों।

पेपर लीक की घटनाओं पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह समस्या केवल एक राज्य तक सीमित नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून लागू किया है। कार्यक्रम में नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, जिला अध्यक्ष गिरीश पटेल, अविनाश साहू, संजीव सिंह राठौर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नेपाल में सांप्रदायिक तनाव के बाद सीमा पर अलर्ट

- एसएसबी, नेपाल पुलिस व रूपईडीहा पुलिस ने की गश्त

समृद्धि न्यूज, बहराइच।

पड़ोसी देश नेपाल के सुनसरी सहित अन्य जिलों में सांप्रदायिक तनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

इसी क्रम में शनिवार दोपहर सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी), नेपाल पुलिस और रूपईडीहा पुलिस ने संयुक्त गश्त की। यह गश्त सीमा सुरक्षा बल की 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गिरीश चंद्र पाण्डेय के निर्देश पर की गई।

इसका मुख्य उद्देश्य सीमा क्षेत्र में किसी भी अप्रिय घटना को रोकना, शांति व्यवस्था बनाए रखना, सीमा सुरक्षा को मजबूत करना और भारत-नेपाल के सुरक्षा बलों के बीच समन्वय स्थापित करना था।



### संवेदनशील क्षेत्रों का किया गया निरीक्षण

संयुक्त गश्त में एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट अमित कुमार, रूपईडीहा के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्र, नेपाल एपीएफ के उपाधीक्षक तीर्थराज न्युपाने और निरीक्षक डम्बर साऊद, नेपाल पुलिस के निरीक्षक गणेश गिरी और एएसआई बुद्धिराम चौधरी शामिल थे। पेट्रोलिंग के दौरान सीमा के संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। सुरक्षा बलों ने सीमा सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अवैध गतिविधियों की रोकथाम और सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही, सीमावर्ती क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों से शांति, सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। उन्हें किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित सुरक्षा बल या पुलिस को देने के लिए कहा गया।

# ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, सात गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, बहराइच।

भारत-नेपाल सीमा पर ठगी के नये नये तरीके सामने आ रहे हैं। अब नकली मूर्तियों को अष्टधातु की प्राचीन एवं कीमती प्रतिमा बताकर ऊंचे दामों में बेचने वाले एक गिरोह का रुपईडीहा पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक बुद्ध प्रतिमा, तीन मोटरसाइकिलें तथा कई मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी हरेन्द्र कुमार मिश्रा के अनुसार रुपईडीहा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि साई गांव के जंगल में कुछ लोग नकली मूर्ति को अष्टधातु की प्राचीन बुद्ध प्रतिमा बताकर भारत से नेपाल में बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



बरामदगी में लगभग 4.960 किलोग्राम वजनी 8 इंच की बुद्ध प्रतिमा, तीन मोटरसाइकिलें, नकदी तथा कई मोबाइल फोन शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रमजान अली उर्फ काले खां पुत्र यासीन, निवासी रंजीत बोझा, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच, मन्नू उर्फ दिलदार पुत्र यासीन, निवासी रंजीत बोझा, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच, आजाद अली पुत्र मोहम्मद अली, निवासी रंजीत बोझा, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच, रिजवान पुत्र वसारत, निवासी रंजीत बोझा, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच, महफूज पुत्र करम मोहम्मद, निवासी मिहींपुरवा, थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच, साकिर अली पुत्र अजमेर अली, निवासी मिहींपुरवा, थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच,समीर उर्फ नूर मोहम्मद पुत्र निजामुद्दीन, निवासी टेपरा दाखिला गोपिया, थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। रुपईडीहा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस महत्वपूर्ण मामले का पर्दाफाश किया और रंगे हाथ मुजरिमों को गिरफ्तार भी किया।

# सावन आज, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजेगा क्षेत्र

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर सोमवार की भोर से ही भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठेगा। प्रसिद्ध श्री दुःख हरण नाथ मंदिर, जंगली महादेव मंदिर सहित नगर और ग्रामीण अंचलों के सभी प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक के लिए हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। रविवार देर शाम तक मंदिरों में सजावट, साफ-सफाई, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी तैयारियां अंतिम चरण में पूरी कर ली गईं। पूरा वातावरण भक्ति,



- भोलेनाथ के दरबार में उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब

आस्था और उत्साह से सराबोर दिखाई दे रहा है। सावन के पहले सोमवार का विशेष धार्मिक महत्व होने के कारण शिवभक्त रविवार से ही व्रत-पूजन की तैयारियों में जुटे रहे। कोई गंगाजल लेकर पहुंचा तो कोई बेलपत्र, धतूरा, भांग, दूध, दही और पुष्पों की खरीदारी करता नजर आया। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धापूर्वक भगवान शिव का जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और परिवार में सुख, समृद्धि तथा आरोग्य का वास होता है। क्षेत्र के सबसे प्राचीन और आस्था के प्रमुख केंद्र श्री दुःख हरण नाथ मंदिर को आकर्षक विद्युत झालरों, रंग-बिरंगे पुष्पों और पारंपरिक सजावट से दुल्हन की तरह सजाया गया है। मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही भक्तों का स्वागत हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से होगा।

# एक शिक्षक के भरोसे 200 से ज्यादा बच्चों की पढ़ाई, बेसिक शिक्षा विभाग को विधिक नोटिस

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

जनपद बलरामपुर के विकासखंड तुलसीपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय लोहेपनिया की बदहाल शिक्षा व्यवस्था अब कानूनी दायरे में पहुंच गई है। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता प्रशांत तिवारी ने बेसिक शिक्षा विभाग को विधिक नोटिस भेजते हुए आरोप लगाया है कि 200 से अधिक छात्र-छात्राओं की पढ़ाई केवल एक सहायक अध्यापक के भरोसे चल रही है, जिससे बच्चों का भविष्य गंभीर संकट में पड़ गया है।

विधिक नोटिस में कहा गया है कि विद्यालय में लंबे समय से शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है। छात्र संख्या के अनुपात में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं,

- 15 दिन में शिक्षक नियुक्ति व विद्यालय पृथक्करण की मांग
- कार्रवाई न होने पर हाईकोर्ट में याचिका की चेतावनी
- शिक्षक तैनात करने की मांग पर नहीं दिया गया ध्यान



जिससे नियमित कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं।

इतना ही नहीं, शिक्षकों को चुनाव, जनगणना और अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाए जाने से पढ़ाई और अधिक प्रभावित हो रही है।

नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अलग-अलग परिसरों में संचालित होने के बावजूद दोनों के लिए पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई है। ग्रामीण अभिभावकों द्वारा कई बार अतिरिक्त शिक्षक तैनात करने की मांग किए जाने के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

अधिवक्ता ने इसे शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 तथा निर्धारित छात्र-शिक्षक अनुपात (क्षक्ष्क्र) के प्रावधानों का उल्लंघन बताते हुए 15 दिनों के भीतर विद्यालय को नियमानुसार पृथक करने, पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति करने तथा छात्रों के लिए विशेष शैक्षणिक सुधारात्मक कक्षाएं संचालित कराने की मांग की है।

विधिक नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित अवधि के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय में विधिक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

# सदन के संचालन के लिए सहयोग अपेक्षित : महाना

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सोमवार से प्रारंभ हो रहे 18वीं विधानसभा के वर्ष 2026 के तृतीय सत्र के सफल, गरिमापूर्ण एवं सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सकारात्मक सहयोग का अनुरोध किया है।

विधान भवन में रविवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सदन लोकतांत्रिक विमर्श का सर्वोच्च मंच है। सभी दलों के सहयोग से सदन की कार्यवाही निर्बाध रूप से संचालित होने से सभी सदस्यों को अपनी बात कहने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सदस्यों को अपनी बात रखते समय लोकतांत्रिक मूल्यों एवं विधानसभा के नियमों के अनुरूप संयमित, मर्यादित एवं गरिमापूर्ण भाषा का प्रयोग करना चाहिए, जिससे सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित हो सके।



**▸ सर्वदलीय बैठक संपन्न सदन आज से**

विधानसभा अध्यक्ष महाना ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान सभी दलों के सहयोग से विधानसभा की कार्यवाही सफलतापूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होती रही है। उन्हें विश्वास है कि इस बार भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के सहयोग से सदन की कार्यवाही उसी गरिमा, सौहार्द एवं सकारात्मक वातावरण में संचालित होगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्वस्थ संसदीय परंपराओं का निर्वहन करते हुए पक्ष और विपक्ष, दोनों की समान भागीदारी लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाती है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा करते हुए सदन की गरिमा बनाए रखेंगे। चार दिवसीय इस विधानमंडल सत्र के दौरान अनेक महत्वपूर्ण विधायी एवं वित्तीय कार्य संपन्न किए जाएंगे। साथ ही, इस सत्र में पहली बार सदन में वन्दे मातरम् का पूर्ण गायन किया जाएगा।

### लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करेगा व्यवस्थित संचालन

बैठक में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सदन का सुचारू संचालन सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने कहा कि सभी दलों द्वारा सदन की कार्यवाही के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन का आश्वासन देना लोकतांत्रिक परंपराओं को और सुदृढ़ करेगा। सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, अपना दल (सोनेलाल) के राम निवास वर्मा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की आराधना मिश्रा, राष्ट्रीय लोकदल के राजपाल सिंह बालियान, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओम प्रकाश राजभर, निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के रमेश सिंह, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया सहित विभिन्न दलों के नेताओं ने भाग लिया। सभी दलों ने विधानसभा अध्यक्ष को सदन के सुचारू संचालन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# परियोजनाओं पर कार्य युद्ध स्तर पर जारी : जयवीर

**▸ ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित**
**▸ ईको टूरिज्म के विकास के लिए 50 करोड़ रुपये के बजट का प्राविधान**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



ईको पर्यटन बोर्ड के अंतर्गत कार्यों को सफलतापूर्वक कराए जाने के लिए चालू वित्तीय वर्ष में प्राविधानित धनराशि तीन करोड़ रुपये के सापेक्ष एक करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

यह जानकारी रविवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है। ईको पर्यटन का उद्देश्य प्रकृति से छेड़छाड़ किए बिना पर्यटको को पर्यटन का बेहतर अनुभव प्रदान करना है। साथ ही स्थानीय जनजीवन को प्रभावित किए बिना उनको स्थानीय स्तर पर आमदनी के स्रोत सृजित करना है।

उन्होंने बताया कि ईको टूरिज्म के अंतर्गत पर्यटकों के आवागमन को दृष्टिगत उच्च स्तरीय पर्यटक सुविधाओं के सृजन तथा पर्यटकों के अनुभव को बेहतर करने के उद्देश्य से पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के सृजन के लिए विभिन्न जनपदों में स्थित पर्यटन स्थलों के विकास और सौंदर्यीकरण कराए जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में ईको टूरिज्म के विकास के लिए 50 करोड़ रूपये के बजट का प्राविधान किया गया है जिससे 23 परियोजनाओं के विकास कार्य कराए जा रहे है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि ईको टूरिज्म के अंतर्गत बिछिया-मैलानी-नानपारा रेलमार्ग पर संचालित विस्टाडोम कोच में युवा परिवहन क्लब के लगभग 250 सदस्यों को अलग-अलग दिवसों पर भ्रमण कराया गया।

## खबरें एक नजर में

### ब्रेस्ट सर्जन्स ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट बने डॉ. आनंद



**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) लखनऊ के एंडोक्राइन सर्जरी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद मिश्रा को एसोसिएशन ऑफ ब्रेस्ट सर्जन्स ऑफ इंडिया (एबीएसआई) का प्रेसिडेंट-इलेक्ट (2026-2028) तथा अध्यक्ष (2028-2030) निर्वाचित किया गया है। यह चुनाव जून 2026 में एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा मतदान के माध्यम से सम्पन्न हुआ। चुनाव परिणामों की आधिकारिक घोषणा मदुरै में आयोजित 14वें वार्षिक सम्मेलन की सामान्य सभा (जनरल बॉडी मीटिंग) में निर्वाचन अधिकारी द्वारा वर्तमान अध्यक्ष प्रो. नवनीत कौर की उपस्थिति में की गई। डॉ. आनंद मिश्रा वर्तमान में एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड चैप्टर के चेयरमैन हैं तथा इंडियन एसोसिएशन ऑफ एंडोक्राइन सर्जन्स के प्रेसिडेंट-इलेक्ट भी हैं। उन्होंने एंडोक्राइन एवं ब्रेस्ट सर्जरी, चिकित्सा शिक्षा, शोध तथा गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर डॉ. आनंद मिश्रा ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे देशभर के सहयोगियों के साथ मिलकर भारत में ब्रेस्ट सर्जरी, प्रशिक्षण, अनुसंधान तथा रोगी सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए कार्य करेंगे।

### प्रताप परिषद उ.प्र. की नई कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

**लखनऊ।** प्रताप परिषद उत्तर प्रदेश के द्विवार्षिक कार्यकाल 2026,2028 के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हो गए। चुनाव अधिकारी श्री अरविन्द कुमार सिंह ने चुनाव परिणाम घोषित करते हुए बताया कि सभी 21 पदों पर एक-एक वैध नामांकन प्राप्त होने के कारण मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी और सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों में डॉ. शिव सिंह चौहान अध्यक्ष, राज शेखर सिंह उपाध्यक्ष (प्रथम), राम नगीना सिंह उपाध्यक्ष (द्वितीय) वीरेन्द्र प्रताप सिंह महामंत्री, श्री ओम प्रकाश सिंह एवं ओंकार सिंह संयुक्त मंत्री, हनुमन्त सिंह संगठन मंत्री, बाबू सिंह सिसोदिया कोषाध्यक्ष, विष्णु सिंह प्रचार मंत्री तथा कमल सिंह कार्यालय मंत्री निर्वाचित हुए। इसके अतिरिक्त 11 कार्यकारिणी सदस्य भी निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी संगठन के उद्देश्यों एवं समाजहित में प्रभावी भूमिका निभाएगी।

### पुलिस कमिश्नरेट मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन चार को

**लखनऊ।** बर्बादी के कगार पर पहुंचे शहर के हिन्दू परिवार की विधवा बहुओं को न्याय दिलाने और आरोपियों के खिलाफएफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की मांग को लेकर आगामी चार अगस्त को प्रातः 11 बजे पुलिस कमिश्नरेट मुख्यालय पर होने जा रहे अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के विरोध प्रदर्शन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इस प्रदर्शन को लेकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने बताया कि प्रदर्शन में अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के अलावा अन्य कई हिन्दूवादी संगठन के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। श्री त्रिवेदी ने बताया कि मोनिश हसन के कुचक्र के चलते बरबादी के कगार पर पहुंचा त्रिपाठी परिवार की पीड़ित महिलायें न्याय और आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर दर-दर भटक रही है, और इसके लिये डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों से बराबर मुलाकात कर मामले में कार्यवाही की मांग कर रही है, लेकिन अभी तक पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिससे मजबूर होकर संगठन को पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिये विरोध प्रदर्शन के लिये बाध्य होने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है।

### पब्लिक टॉयलेट पर ताला बंद करने का आरोप

**लखनऊ।** राजधानी में मलिक टिंबर, जनता मार्केट में व्यापारियों ने नगर निगम के खिलाफरविवार शाम करीब साढ़े चार बजे जोरदार प्रदर्शन किया। नगर निगम के खिलाफमुर्दाबाद के नारे लगाए। स्थानीय पार्षद संजय राठौर पर मार्केट के पब्लिक टॉयलेट पर ताला बंद करने का आरोप लगाया। व्यापारी सत्य नारायण तिवारी ने बताया कि बीते दो महीने से सार्वजनिक शौचालय पर ताला जड़ा है। ताला जड़े होने से मजबूरन व्यापारी टॉयलेट के लिए सड़क किनारे जा रहे हैं। महिला कर्मचारी मार्केट के आसपास दूसरों के घरों में जा रही हैं। व्यापारी अनुज कुमार का कहना है कि शौचालय खोले जाने को लेकर नगर आयुक्त से लेकर स्थानीय पार्षद तक से शिकायत कर चुके हैं। समस्या का समाधान नहीं हुआ। ऐसे में मार्केट के व्यापारी काफी परेशान हैं। व्यापारी रमेश सिंह ने बताया कि मार्केट के बाहर एलडीए द्वारा दुकानदारों और ग्राहकों के लिए पार्किंग की बनाई गई थी। पार्किंग में नगर निगम ने वेंडिंग जोन बना दिया। जिसके चलते मार्केट के बाहर सड़क के दोनों तरफठेले-खोमचे लग गए हैं। इन पर पूरे दिन ग्राहकों के वाहन पार्क रहते हैं। बची हुई सड़क पर शाम होते ही अराजकतत्व कार पार्क कर शराब का सेवन करते हैं। नतीजतन मार्केट में महिलाओं का आना बंद हो गया। उन्होंने कहा कि मार्केट में कई महिलाएं नौकरी करने और सामान खरीदने के लिए आती हैं। टॉयलेट बंद होने के कारण उन्हें परेशानी होती है। कई बार नगर निगम में शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मजबूरन दुकानों को बंद कर नगर निगम मुख्यालय के बाहर बड़ा प्रदर्शन करेंगे। जनता मार्केट के व्यापारी के प्रदर्शन की सूचना पाकर उप्र आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता अपने पदाधिकारी मो. अफ्जल के साथ मौके पर पहुंचे। व्यापारी नेता के पहुंचने के बाद जनता मार्केट के व्यापारियों ने प्रदर्शन में साथ देने के लिए स्वागत किया। संजय गुप्ता ने व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि सोमवार को मेयर सुषमा खर्कवाल से मिलकर समस्या को दूर किया जाएगा। इसके लिए व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल मेयर से मुलाकात कर ज्ञापन देंगे।

**उत्तर प्रदेश में 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' संकल्प अभियान का शुभारंभ**

# हर युवा एक व्यक्ति को नशे की लत से कराएं मुक्त : राज्यपाल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत (माय भारत) द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' संकल्प अभियान का प्रदेश स्तरीय शुभारंभ रविवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रशासनिक भवन स्थित ब्राउन हॉल से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव उपस्थित रहें।

कार्यक्रम मेंकेजीएमयू के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी वर्चुअल संबोधन से



जुड़कर 'नशामुक्त एवं विकसित भारत' के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। अपने संबोधन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि ÷प्रत्येक युवा कम-से-कम एक ऐसे व्यक्ति को नशे की लत से मुक्त कराने का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक युवा एक व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करे, तो नशामुक्त समाज का लक्ष्य शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने केजीएमयू द्वारा गोद लिए गए पाँच ग्रामों का विशेष उल्लेख करते हुए सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को 10-10 सदस्यीय समूहों में विभाजित कर प्रत्येक घर का सर्वेक्षण करना चाहिए, नशे से प्रभावित व्यक्तियों की पहचान करनी चाहिए तथा चिकित्सकीय परामर्श, जन-जागरूकता और सतत संवाद के माध्यम से उन्हें नशे की लत से बाहर लाने का प्रयास करना चाहिए। उ.प्र. सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को सकारात्मक दिशा देने, खेल एवं फिटनेस संस्कृति को बढ़ावा देने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का उद्देश्य केवल रोगों का उपचार करना नहीं, बल्कि समाज को स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार बनाना भी है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए नशामुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। अपने जीवन का उदाहरण साझा करते हुए उन्होंने कहा कि वे आज भी अपना भोजन स्वयं बनाती हैं। उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश देते हुए कहा कि हर युवक और हर युवती को भोजन बनाना अवश्य आना चाहिए। उन्होंने बाहर के भोजन तथा ऑनलाइन फूड ऑर्डर पर अनावश्यक निर्भरता कम करने तथा पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक घरेलू भोजन अपनाने की प्रेरणा दी।

# बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व मंदिर चढ़ावे का मुद्दा उठाएगी सपा : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उ.प्र. विधानसभा मानसून सत्र की कार्यवाही के दौरान प्रदेश के युवाओं के बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए जवाब मांगा जाएगा। प्रदेश में बनाए एक्सप्रेस-वे और बिजली दरों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। साथ ही मंदिर चढ़ावा मामले को सदन कार्यवाही में शामिल किया जाएगा। यह बातें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कही। वे रविवार को उत्तर प्रदेश विधानमंडल सत्र के पहले मीडिया को राजधानी लखनऊ के पार्टी मुख्यालय में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र चार दिन के लिए बुलाया जाना केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की



सिर्फ औपचारिकता है। इन्हें मालूम है कि अब वो फिर सरकार में कभी वापस नहीं आएंगे, इसीलिए विधानसभा सत्र को महत्व नहीं दिया जा रहा है। असपा अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षाओं के लीक होने के मामले में भारतीय जनता पार्टी को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा के साथ साथ उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा पेपर लीक हुए हैं, जिससे युवाओं और अभ्यर्थियों का मनोबल टूटा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगे कहा कि जौहर विश्वविद्यालय को लेकर पहले दिन से प्रदेश की सरकार की नियत और मंशा ठीक नहीं रही।

# बागवानी के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा प्रदेश : दिनेश

**▸ मशरूम उत्पादन के मामले में देश में अव्वल बना उत्तर प्रदेश**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश ने बागवानी क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए मशरूम उत्पादन में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज्य ने वर्ष 2024-25 में 51 हजार मीट्रिक टन मशरूम का उत्पादन कर राष्ट्रीय स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। देश के कुल 4.27 लाख मीट्रिक टन मशरूम उत्पादन में उत्तर प्रदेश की लगभग 13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह उपलब्धि किसानों की मेहनत, आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों का परिणाम है।

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने रविवार को जारी बयान में बताया कि योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वैल्यू एडेड फसलों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। मशरूम उत्पादन इसी दिशा में एक सफल पहल के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों की उपज का संरक्षण, मूल्य संवर्धन तथा बेहतर विपणन सुनिश्चित करना है, जिससे उन्हें उनकी उपज का अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि मशरूम की खेती को बढ़ावा



देने के लिए उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। कम भूमि, कम लागत और मात्र तीन से चार सप्ताह में तैयार होने वाली यह फसल किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। उद्यान मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025-26 में मशरूम उत्पादन, कंपोस्ट मेकिंग एवं स्पान मेकिंग की लगभग 30 इकाइयों को 40 प्रतिशत अनुदान पर स्वीकृत किया गया है। वहीं 200 वर्ग फुट की छप्पर विधि पर आधारित मशरूम इकाइयों के लिए 50 प्रतिशत (अधिकतम 1 लाख रुपये) अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके तहत लगभग 80 इकाइयों की स्थापना की गई है। विभाग द्वारा एक लाभार्थी को अधिकतम पांच इकाइयों तक अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहा है। यह खेती किसानों के साथ-साथ महिलाओं के लिए भी स्वरोजगार और उद्यमिता का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है।

# प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रहीमाबाद थाना पुलिस ने युवक और उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि युवक ने अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की हत्या के बाद शव को गोमती नदी में फेंका था।

प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार त्रिगुनायक ने रविवार को बताया कि 30 जुलाई की रात को सहिजना गांव निवासी उमेंद्र प्रताप ने अपनी पत्नी अंजलि सिंह के घर से गायब होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस बीच



31 जुलाई को इंटौजा क्षेत्र में गोमती नदी से एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान अंजलि के रूप में हुई है। वहीं, महिला के भाई की तहरीर पर पुलिस ने हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने विवेचना के दौरान शनिवार की रात को उमेंद्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में उसने बताया कि आरती वर्मा से उसके प्रेम संबंध की जानकारी पत्नी अंजलि को हो गई थी। वह इसका विरोध कर रही थी। इसी वजह से उसने 30 जुलाई की रात को अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। शव को गोमती नदी में फेंक दिया। मृतका के जेवर भी प्रेमिका को दे दिए। वह यह दिखाना चाह रहा था कि पत्नी अपने जेवर लेकर चली गई है। पुलिस ने प्रेमी और प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है।

### चेहरे की जटिल विकृतियों का अत्याधुनिक उपचार एसजीपीजीआई में संभव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अब उत्तर प्रदेश के रोगियों को चेहरे पर लगी जटिल चोटों एवं पोस्ट-ट्रॉमेटिक विकृतियों के उपचार के लिए प्रदेश के बाहर नहीं जाना पड़ेगा। लखनऊ स्थित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग में चेहरे पर लगी चोट का अत्याधुनिक उपचार हो सकेगा। एसजीपीजीआई ने क्रैनियो-मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग ने पेशेंट-स्पेसिफिक इम्प्लांट तथा ओ-आर्म इमेजिंग तकनीक की सहायता से इंट्राऑपरेटिव नेविगेशन गाइडेड सेकेंडरी ऑर्बिटल वॉल रिकंस्ट्रक्शन की राज्य की पहली सफल सर्जरी सम्पन्न की है।

# असहाय बच्चों के लिए सहारा बनी सीएम बाल सेवा योजना

**▸ एक लाख से अधिक बच्चों तक पहुंचा योजना का लाभ**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) माता-पिता को खो चुके और असहाय परिस्थितियों में रह रहे बच्चों के लिए बड़ा सहारा है। इस योजना के माध्यम से बचपन से लेकर उच्च शिक्षा तक आर्थिक सहायता की व्यवस्था की गई है।

इस योजना के तहत ऐसे छात्र-छात्राएं, जिन्होंने माता-पिता दोनों अथवा उनमें से किसी एक को खो दिया है और कक्षा 12 के बाद स्नातक या डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है, उन्हें 18 से 23 वर्ष की आयु तक



प्रतिमाह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। यह सहायता 23 वर्ष की आयु पूरी होने अथवा पाठ्यक्रम समाप्त होने तक, जो पहले हो, जारी रहती है।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) का दायरा लगातार बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रदेश के 1,09,539 बच्चे इस योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि सरकार जरूरतमंद बच्चों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। नियमित आर्थिक सहायता मिलने से बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा, पोषण और दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल रही है। साथ ही उनके संरक्षक परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ भी कम हुआ है।

# एक अंगदान से बच सकती है आठ की जिंदगी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन ने संजय गांधी स्नातकोत्तर संस्थान (एसजीपीजीआई) के अस्पताल प्रशासन विभाग के सहयोग से रविवार को हजरतगंज में एक वाकथान का आयोजन किया। इस अवसर पर विशेष सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण धीरेन्द्र सिंह, अपर निदेशक चिकित्सा शिक्षा नीलम ने हरी झण्डी दिखाकर वाकथान को रवाना किया। कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया गया कि अंगदान एक चिकित्सकीय प्रकिया ही नहीं है बल्कि करूणा, मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है।

राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के संयुक्त निदेशक प्रो. आर. हर्षवर्धन ने बताया कि भारतीय अंगदान दिवस अंगदान के प्रति



जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 03 अगस्त को मनाया जाता है। इस पहल का उद्देश्य प्रत्यारोपण की आवश्यकता वाले मरीजों और उपलब्ध अंगों के बीच के अंतर को पाटना है।

प्रो. आर. हर्षवर्धन ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा किया गया अंगदान 08 लोगों का जीवन बचा सकता है। जबकि ऊतक दान 75 लोगों के जीवन में उल्लेखनीय सुधार ला सकता है। इसके बावजूद प्रत्यारोपण की आवश्यकता वाले मरीजों की संख्या और उपलब्ध अंगों के बीच एक बड़ा अंतर बना हुआ है। वाकथान में एसजीपीजीआई के कार्यवाहक निदेशक शालीन कुमार, डा. ज्ञानचंद, डॉ. दीक्षा दबु, डॉ. एकता यादव, डा. अक्षिता बंसल, डा. अर्पिता तिवारी व डा. अभिषेक सिंह शामिल रहे।

**आयोजन** | **राष्ट्रभाव की अलख जगाएगी तिरंगा यात्रा**

# नौ अगस्त को राजधानी में दिखेगा देशभक्ति का विराट स्वरूप

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय गौरव और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आगामी नौ अगस्त को राजधानी लखनऊ में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री आवास पांच, कालिदास मार्ग से विधानसभा तक निकलने वाली यह यात्रा देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत होगी। यात्रा के माध्यम से राष्ट्रध्वज के सम्मान, राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा।

हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा अभियान के सह संयोजक व प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी




**▸ मुख्यमंत्री आवास से विधानसभा तक निकलेगी भव्य यात्रा**
**▸ देशभक्ति के रंग में रंगेगा राजधानी का माहौल**

और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित होने वाली इस तिरंगा यात्रा में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की बड़ी भागीदारी की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक यात्रा नहीं, राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी, कर्तव्यबोध और गौरव की सामूहिक अभिव्यक्ति होगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। यात्रा के दौरान राष्ट्रध्वज के सम्मान और देश के प्रति समर्पण की भावना को प्रमुखता दी जाएगी। इसका उद्देश्य लोगों, विशेषकर युवाओं में राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि यात्रा में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। युवाओं की भागीदारी को विशेष महत्व दिया गया है, क्योंकि युवा शक्ति को राष्ट्र की ऊर्जा और भविष्य का आधार माना जाता है। तिरंगा यात्रा के जरिए यह संदेश दिया जाएगा कि देश की मजबूती नागरिकों की एकजुटता, आपसी सद्भाव और राष्ट्र के प्रति निष्ठा से संभव है। यात्रा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का माध्यम बनेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीकरण कर अधिक से अधिक संख्या में इस ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनें। आयोजकों के अनुसार, तिरंगा यात्रा में शामिल होना राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को प्रदर्शित करने का अवसर है।

### क्यूआर कोड स्कैन कर तिरंगा यात्रा में बनें सहभागी

बदलते डिजिटल दौर में राष्ट्रभाव की अभिव्यक्ति का नया माध्यम भी तैयार किया गया है। तिरंगा यात्रा में भागीदारी के लिए अब राष्ट्रभक्त युवा और नागरिक क्यूआर कोड के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकेंगे। डिजिटल पंजीकरण की यह पहल अधिक से अधिक लोगों को देशभक्ति के इस अभियान से जोड़ने का माध्यम बनेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने बताया कि तिरंगा यात्रा को जनभागीदारी का स्वरूप देने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का सहारा लिया जा रहा है। क्यूआर कोड स्कैन करते ही नागरिक यात्रा से जुड़ने की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। इससे युवाओं समेत समाज के विभिन्न वर्गों तक अभियान की पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# गंगा उफान पर: बाढ़ के पानी से ढाईघाट मेला क्षेत्र हुआ जलमग्न

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।**

ढाईघाट में गंगा पूरे उफान पर हैं। गंगा की बाढ़ से सम्पूर्ण मेला क्षेत्र जलमग्न हो गया है। गंगातट पर बने संत महात्माओं के स्थाई आश्रम जलमग्न हो रहे हैं। फिलहाल संत तख्त पर अपने दैनिक उपयोग का सामान रखकर सुरक्षित कर रहे हैं। संतों का कहना है कि अत्यधिक पानी बढ़ने पर आश्रमों की छतों पर डेरा डाल लिया जाएगा। गंगा की तटवर्ती ग्राम पंचायत पैलानी उत्तर के प्रधान फारूक अली का कहना है कि गंगा तेजी से बढ़ रहीं हैं। किंतु



अभी बाढ़ जैसे हालात नहीं बने हैं। जबकि ढाईघाट में बाढ़ से सबकुछ जलमग्न हो गया है। ढाईघाट में जिला पंचायत शाहजहांपुर की ओर से कांवड़ियों के लिए की गईं सभी व्यवस्थाएं बाढ़ की भेंट चढ़ गईं हैं। मेले में कांवड़ियों के लिए आश्रय स्थल, प्रकाश, पेयजल, सुरक्षित गंगास्नान आदि की व्यवस्थाएं करने वाला ठेकेदार मेले की व्यवस्थाएं समेट कर भाग गया है। ढाईघाट में स्थाई आश्रम बनाकर रह रहे संत श्याम स्वरूप ब्रह्मचारी,स्वास्थ्य रक्षक प्रेमपाल,संत गुरुचरण दास,राधे बाबा फूलपुरी आदि का कहना है कि बालू खनन के ठेकेदार ने गंगा में बांध बनाकर बालू का खनन किया जाता था। आज वही बांध और खनन के बड़े बड़े गड्ढे गंगातट पर बाढ़ को बढ़ावा दे रहे हैं। संतों का कहना है कि इसी तरह गंगा के जलस्तर में वृद्धि होती रही तो ग्राम चौरा के निकट जलालाबाद - ढाईघाट, शमशाबाद स्टेट हाइवे पर बाढ़ का पानी उतरने लगेगा। जिससे आवागमन प्रभावित हो जाएगा।

## सांप के डंसने से महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**तिलहर - शाहजहांपुर।** बटिहा से कंडे निकालने के दौरान महिला को सांप ने डस लिया । परिजन झाड़ फूंक के बाद सीएचसी ले गए । जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया ।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव बरहा मोहब्बतपुर निवासी चंपा देवी पत्नी रामेश्वर 60 रविवार सुबह बटिहा से कंडे निकालने गई थीं । कंडा निकाने के दौरान बटिहा में छिपे सांप ने उन्हें डस लिया। परिजन झाड़ फूंक कराने के बाद अचेतावस्था में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा गया है।

# गौतम हत्याकांड: सपा नेता नीरज मिश्रा ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

▸ आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**समृद्धि न्यूज, शाहजहाँपुर।**



कमलनेनपुर के गौतम मौर्य की निर्मम हत्या के बाद समाजवादी पार्टी के नेता नीरज मिश्रा रविवार को पीड़ित परिवार से मिलने उनके आवास पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया और घटना की कड़ी निंदा की। नीरज मिश्रा ने बताया कि उन्होंने पार्टी के सपा सांसद नीरज मौर्य से भी गौतम के पिता की बातचीत कराई। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर आवाज उठाएगी। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। साथ ही हत्याकांड के आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई ऐसी घटना करने का दुस्साहस न कर सके। नीरज मिश्रा ने कहा कि गौतम मौर्य की हत्या से पूरे क्षेत्र में आक्रोश है और दोषियों को शीघ्र एवं कठोर सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई की मांग की।

## खबरें एक नजर में

### प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावियों का होगा सम्मान



**शाहजहांपुर।** समाजसेवी संस्था वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स की ओर से शिक्षा और प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रतिभा सम्मान समारोह–2026 का आयोजन किया जाएगा। समारोह में विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं तथा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। संस्था की जिला प्रभारी वर्षा गोस्वामी एवं ग्रुप के संस्थापक अभिनय गुप्ता ने बताया कि समारोह में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट), संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मुख्य एवं उन्नत), केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी), राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट), राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे, बैंकिंग, पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों सहित विभिन्न सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड से हाईस्कूल अथवा इंटरमीडिएट परीक्षा में 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक तथा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल अथवा इंटरमीडिएट परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को भी विशेष सम्मान दिया जाएगा। समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा शाहजहाँपुर नगर से लगातार नौ बार विधायक सुरेश कुमार खन्ना को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। संस्था ने जनपदवासियों से अपील की है कि पात्र छात्र–छात्राएं 5 अगस्त 2026 तक अपने अंकपत्र अथवा चयन प्रमाण–पत्र की स्पष्ट प्रति उपलब्ध कराकर पंजीकरण करा लें। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी पंजीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा। बिना पंजीकरण किसी भी अभ्यर्थी को सम्मान समारोह में शामिल नहीं किया जाएगा। संस्था ने बताया कि यदि किसी कारणवश छात्र–छात्रा समारोह में उपस्थित नहीं हो पाते हैं तो उनके अभिभावक उनकी ओर से सम्मान ग्रहण कर सकेंगे। पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए 8112573338, 8795072312 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रतिभाओं का सम्मान, उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संस्था का मुख्य उद्देश्य है।

### श्रावण मास के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें दूर दराज से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन कर प्रसाद ग्रहण किया। रोजा क्षेत्र के प्रेमनगर कालोनी स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में दिल्ली से आये संत मुरारीदास की अगुवाई में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने महर्षि वाल्मीकि की पूजा अर्चना की। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुजीत निखिल, सतेंद्र कुमार एडवोकेट, रवि वाल्मीकि, अजीत कुमार, चंद्र प्रकाश, सुमित, सचिन कुमार, राजेश, मुकुल, शिवम ,हरि राम,लटूरी वाल्मीकि,वीरू,नत्थू लाल,बाबू राम भोले सहित सैकड़ों बच्चे और मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

## महिला ने चार पड़ोसियों के विरुद्ध दर्ज करवाई मारपीट व एससीएसटी रिपोर्ट

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम राजेरायपुर निवासी अनुसूचित जाति की अंतिमा पत्नी प्रमोद ने गांव के ही तनु, बल्लू,गोकरन व दिवारी कुशवाहा के विरुद्ध मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करवाया है। पीड़िता अन्तिमा ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि वह शनिवार सांय करीब छेह बजे अपने मकान की नींव भरवा रही थी। तभी उपरोक्त लोग जाति सूचक गालियां देते हुए कहा कि काम बंद कर दो। पीड़िता का कहना है कि उसने कहा कि वह अपनी जमीन पर नींव भरवा रही है,काम नहीं बंद करेंगे। आरोप है कि निर्माण कार्य बंद नहीं करने पर आरोपी तनु, बल्लू,गोकरन कुशवाहा ने अपने स्वजातीय दिवारी के साथ उसे लाठी डंडों और लात घुसों से उसे मारा पीटा और जाति सूचक गालियां देते हुए गांव से भगा देने की धमकी देकर चले गए।

# गौतम मौर्य हत्याकांड के आरोपियों के अवैध निर्माण पर नोटिस, 10 दिन में हटाने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।**

गौतम मौर्य हत्याकांड के बाद प्रशासनिक कार्रवाई लगातार तेज हो गई है। इसी क्रम में नगर पंचायत कांट ने आरोपी पक्ष से जुड़े बताए जा रहे एक कथित अवैध निर्माण को लेकर भवन स्वामियों को नोटिस जारी किया है। नोटिस में 10 दिन के भीतर स्वयं अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में कार्रवाई न होने पर नगर पंचायत और प्रशासन द्वारा नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई है। नगर पंचायत कार्यालय की ओर से जारी नोटिस के अनुसार गढ़ीपूर्वी प्रथम स्थित भवन संख्या-12 (पंजीकरण संख्या-439/384) में किया गया निर्माण उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 के प्रावधानों के विपरीत पाया गया है।



इस संबंध में अमीरन पत्नी स्वर्गीय खुशी मुहम्मद, नसीम जहां पत्नी स्वर्गीय शमीम तथा सलमा पत्नी लियाकत अली, निवासी गढ़ीपूर्वी प्रथम के नाम नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 178, 186 और 222(6) सहित अन्य संबंधित प्रावधानों तथा नगर पंचायत की उपविधियों का हवाला देते हुए कहा गया है कि यदि 10 दिनों के भीतर संबंधित पक्ष स्वयं निर्माण नहीं हटाता है तो नगर पंचायत एवं प्रशासन संयुक्त रूप से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा। इस कार्रवाई में आने वाला समस्त खर्च और उसकी जिम्मेदारी संबंधित भवन स्वामियों की होगी। बताया जा रहा है कि जिस भवन को नोटिस जारी किया गया है, उसमें करीब छह परिवारों के लगभग 25 लोग निवास करते हैं। नोटिस जारी होने के बाद भवन में रहने वाले लोगों के बीच चिंता का माहौल है। हालांकि नगर पंचायत की ओर से जारी नोटिस में केवल अवैध निर्माण का उल्लेख किया गया है और कार्रवाई को पूरी तरह नियमानुसार बताया गया है। गौरतलब है कि गौतम मौर्य हत्याकांड के बाद जनप्रतिनिधियों और प्रशासन ने आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। इसी क्रम में आरोपी पक्ष से जुड़े बताए जा रहे इस भवन पर नगर पंचायत की कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से आधिकारिक रूप से यह नहीं कहा गया है कि नोटिस सीधे हत्याकांड के संबंध में जारी किया गया है, बल्कि इसे अवैध निर्माण के मामले में विधिक कार्रवाई बताया गया है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि भवन स्वामी निर्धारित 10 दिन की अवधि के भीतर स्वयं निर्माण हटाते हैं या फिर नगर पंचायत और प्रशासन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाते हैं।

# आरोग्य मेले का सीएमओ ने किया निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं की परखी गुणवत्ता

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने रविवार को शहर के अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलीकोठी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुंदरनगर भावलखेड़ा तथा कांवड़ यात्रा के दौरान संचालित स्वास्थ्य शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपचार व्यवस्था, दवा वितरण, टीकाकरण, लेबर रूम, प्रयोगशाला, साफ-सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीएमओ ने सबसे पहले यूपीएचसी जलीकोठी का निरीक्षण



किया। यहां ओपीडी में 25 मरीजों का उपचार किया जा चुका था। उन्होंने एक मरीज से उपचार संबंधी जानकारी भी ली। अस्पताल में 38 लोगों को एआरवी वैक्सीन लगाई गई, जबकि पांच मरीजों की शुगर जांच की गई। दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण करते हुए दवाओं को व्यवस्थित रखने, एक्सपायरी तिथि की जांच के बाद ही मरीजों को दवा देने और रिकॉर्ड नियमित रूप से संधारित करने के निर्देश दिए। टीकाकरण कक्ष में तीन बच्चों का नियमित टीकाकरण तथा एक लाभार्थी को अंतरा इंजेक्शन लगाया गया। सीएमओ ने टीकाकरण संबंधी सूचनाएं समय से यू-विन पोर्टल पर अपलोड करने और अस्पताल परिसर व शौचालयों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुंदरनगर का निरीक्षण किया। यहां ओपीडी में 31 मरीजों का उपचार किया जा चुका था। सीएमओ ने ओपीडी पंजिका अद्यतन रखने और मरीजों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। लेबर रूम में दो प्रसव हो चुके थे, जबकि दो अन्य गर्भवती महिलाएं भर्ती थीं। उन्होंने लेबर रूम में उपकरणों के समुचित रखरखाव तथा बायोमेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण के निर्देश दिए। टीकाकरण कक्ष में दो बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई थी, जिसकी रिपोर्ट समय से यू-विन पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में सीएमओ ने भावलखेड़ा के दिउरिया में श्रावण मास के दौरान संचालित कांवड़ स्वास्थ्य शिविर का भी जायजा लिया। उस समय तक शिविर में 12 मरीजों का उपचार किया जा चुका था। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छ पेयजल, वाटर कूलर, डिस्पोजेबल गिलास तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही कांवड़ यात्रियों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा ड्यूटी के दौरान समय से उपस्थित रहने पर विशेष जोर दिया।

## पति के दबाव से परेशान महिला ने खुद को लगाई आग, भर्ती

**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव मंसूरपुर में पति के लगातार दबाव से परेशान एक महिला ने कथित रूप से खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसी महिला को परिजनों ने उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। गांव मंसूरपुर निवासी का पंकज का थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव टापर खंडहर में रिश्तेदारी के कारण आना-जाना था। इसी दौरान उसकी पहचान गांव निवासी एक युवक की पत्नी से हुई और दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। बताया जाता है कि इसकी जानकारी होने पर पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ने लगा और मारपीट भी होने लगी। परिजनों के अनुसार, घरेलू विवाद से परेशान होकर सरिता करीब छह माह पहले अपने पति और बच्चों को छोड़कर पंकज वर्मा के साथ रहने लगी थी। इसके बाद उसका पति लगातार उसे वापस घर चलने का दबाव बना रहा था। इसी तनाव के चलते रविवार को महिला ने कथित रूप से अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। महिला की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने आग बुझाई और गंभीर हालत में उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि वह करीब 60 प्रतिशत तक झुलस गई है। थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# युवक के साथ पत्नी को देख पति ने खाया जहर, मौत

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**

थाना क्षेत्र के गांव में 27 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के भाई ने पत्नी और उसके कथित प्रेमी पर शराब में जहर मिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है, जबकि पत्नी का कहना है कि पति खुद घर से बाहर गए थे और लौटने पर बताया कि उन्होंने कोई जहरीला पदार्थ पी लिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव मजीदपुर निवासी 27 वर्षीय अनूप वाहनों पर पेंट करने का काम करता था। उसकी शादी पांच साल पहले खुटार निवासी मनु देवी से हुई थी। दोनों का चार साल का बेटा अनुभव है। मृतक के भाई गगन का आरोप है कि शुक्रवार को अनूप काम से लौटे तो उन्होंने अपनी पत्नी मनु देवी को गांव के एक युवक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। जिसके बाद दोनों के बीच विवाद हुआ



और कथित प्रेमी वहां से चला गया। भाई का आरोप है कि पत्नी और उसके कथित प्रेमी ने अनूप को समझाने के बहाने शराब में जहर मिलाकर पिला दिया। कुछ देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। पहले उन्हें पुवायां सीएचसी ले जाया गया, फिर निजी अस्पताल और बाद में बरेली के अस्पताल रेफर किया गया, जहां शनिवार रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे और पत्नी तथा उसके कथित प्रेमी के खिलाफ नामजद तहरीर देकर हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। वही दूसरी ओर पत्नी मनु देवी ने अलग कहानी बताई है। उन्होंने स्वीकार किया कि वह गांव के एक युवक से फोन पर बात करती थीं। पति ने उन्हें दो बार ऐसा करने से मना किया था। शुक्रवार को भी जब अनूप ने उन्हें फोन पर बात करते देखा तो गुस्से में मोबाइल तोड़ दिया और बिना खाना खाए घर से निकल गए। मनु देवी के मुताबिक उन्होंने पति को काफी समझाया । अनूप ने कहा कि वह 100 रुपये लेकर बाहर कुछ खाने जा रहे हैं। कुछ देर बाद जब वह लौटे तो चारपाई पर लेट गए और कहा कि उन्होंने ÷दवा पी ली है÷। जिसके बाद घबराकर उन्होंने उसी युवक को फोन किया, तो युवक की मां और बहन भी मौके पर पहुंचीं।

### पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर पत्नी और एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि युवक की मौत जहर देने से हुई या उसने स्वयं जहर खाकर जान दी।

## महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती पर समाज की एकजुटता और शिक्षा पर दिया जोर




**सिंधौली, शाहजहांपुर।** मुड़िया मोड़ स्थित शगुन मैरिज लॉन, एमए पब्लिक स्कूल के निकट रविवार को महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में प्रजापति समाज के लोगों ने महाराजा दक्ष के आदर्शों पर चलने और समाज को संगठित करने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता एवं मानवतावादी समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राम रघुवीर उर्फ मुकेश प्रजापति ने समाज के लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि लोकतंत्र में वोट का अधिकार सबसे बड़ा हथियार है, इसलिए इसका सही उपयोग किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जोगेंद्र प्रजापति, लालू प्रजापति, महेश कुमार, हनुमत प्रसाद , दाताराम, राजेश कुमार, प्रदीप कुमार, हरिश्चंद्र प्रजापति, पूर्ति लाल , योगराज , स्वामी दयाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक वेदराम प्रजापति ने किया, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.एस. मानव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कांपते हाथों से इकलौते बेटे को दी मुखाग्नि

▸ शादी से पहले उठी अर्थी, नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।**

थाना क्षेत्र के कमलनयनपुर गांव में गौतम मौर्य हत्याकांड के बाद रविवार सुबह गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। चार बहनों के इकलौते भाई गौतम की नवंबर में शादी तय थी, लेकिन उससे पहले ही उसकी हत्या से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। रविवार सुबह करीब 9÷30 बजे पिता चंद्रपाल ने कांपते हाथों से बेटे की चिता को मुखाग्नि दी। यह दृश्य देखकर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण



शामिल हुए। क्षेत्रीय विधायक अरविंद सिंह ने भी अर्थी को कंधा देकर परिजनों को सांत्वना दी। शनिवार को हत्या के विरोध में लोगों ने कांट-जलालाबाद मार्ग पर करीब आठ घंटे तक जाम लगाया था। देर शाम प्रशासन के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ। ग्रामीण आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। कई घरों में चूल्हा नहीं जला और एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान सांसद अरुण सागर, विधायक हरिप्रकाश वर्मा, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा, सन्तोष दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की।

## सामूहिक दुष्कर्म के तीन बाल अपचारी गए बाल सुधार गृह

**तिलहर–शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के चर्चित बालिका सामूहिक रेप कांड के तीन बाल अपचारियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया। जबकि अन्य दो बाल अपचारियो की वास्तविक उम्र की पुष्टि के लिए स्कूल अभिलेख तलब किए गए हैं। गौर तलब है कि बीती 31 जुलाई की शाम को एक ग्रामीण क्षेत्र की 12 वर्षीय बालिका को गन्ने के खेत में लेजाकर पांच बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से रेप किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़िता की मां ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जबकि अन्य दो की उम्र 12 वर्ष बताए जाने पर उनकी वास्तविक उम्र की पुष्टि करने के लिए स्कूल अभिलेख तलब किए गए हैं। सीओ विद्युष सक्सेना ने बताया कि कार्रवाई करते हुए तीन बाल अपचारियों को रविवार को बाल सुधार गृह भेज दिया, जबकि अन्य आरोपियों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# हरदोई बार्डर तक चलेगी ई-बस, 30 गांवों का सफर सुगम

▸ 24 यात्रियों से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

जिला मुख्यालय से हरदोई बार्डर पर पड़ने वाले कुर्रिया कलां तक ई-बस सुविधा यात्रियों की सहूलियत के लिए शुरू कर दी गई है। शनिवार को बरेली मोड़ से कुर्रिया कलां वाया कांट तक एक ई-बस को हरी झंडी दिखाकर सिटी बस प्रबंधन टीम ने रवाना किया। जिसमें 24 यात्रियों ने यात्रा की। यह बस 30 गांव को सीधे कनेक्ट करेगी और इससे वहां के लोगों को जिला मुख्यालय तक आने का सफर सुगम हो सकेगा। साथ ही



सिटी बस की इनकम भी बढ़ेगी और यात्रियों की संख्या देखते हुए इस रुट पर 3 बसों के संचालन की रणनीति बनाई जा रही है। यह बस ककरा चार्जिंग स्टेशन से ककरा पुल, अजीजगंज, जिला अस्पताल, एस एस कालेज,बरेली मोड़, पालीटेक्निक, ददरौल मोड़, गट्टा मील, जमौर, ओसवाल,पिपरोला गांव, रुपबहादुरपुर, कमलनारायणपुर, कांट मदनापुर मोड़, रावतपुर कुर्रिया मोड़, गुरथना, बाबरपुर भुड़िया, पडैचा मोड़, इमलिया, सरथौली, कुर्रिया बहरी, कुतुआपुर, कुर्रिया कलां गांव शामिल है। ई-बस की समय सारिणी निर्धारित की गई है। जोकि बरेली मोड़ से कुर्रियां कलां सुबह 6:25 बजे, जोकि कुर्रिया कला 7:25 बजे पहुंचेगी, वहां से 8:25 बजे चलकर 9:25 बजे बरेली मोड़ आएगी। फिर 12:20 बजे बरेली मोड़ से चलकर 1:20 बजे कुर्रिया पहुंचेगी। 2:20 बजे वहां से चलेगी और 3:20 बजे बरेली लाकर यात्रियों को छोड़ेगी। बरेली मोड़ से कांट तक किराया 15 रुपये व कांट से कुर्रिया कलां तक का किराया 20 रुपये यात्री को देने पड़ेगे। इस अवसर पर वरिष्ठ संचालन पर्यवेक्षक जतिन सक्सेना, संचालन पर्यवेक्षक चंद्र प्रकाश पाण्डेय, तकनीकी पर्यवेक्षक अभिशेष द्विवेदी, एमआईएस आफिसर गुलशन, आपरेशन मैनेजर सामर्थ अवस्थी, विनीत त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

# छोटी काशी में सावन के पहले सोमवार की तैयारी पूरी, उमड़ेगा आस्था का सैलाब

- पुजारी बोले- स्कंद पुराण और पद्म पुराण में मिलता है गोला गोकर्णनाथ धाम का उल्लेख

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी)।**

सावन के पहले सोमवार पर छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ धाम में आस्था का सैलाब उमड़ने की तैयारी है। भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक और दर्शन के लिए दूर-दूर से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात और दर्शन व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है। रविवार से ही मंदिर क्षेत्र में चहल-पहल बढ़ गई और डाक कांवड़ लेकर आने वाले शिवभक्तों का सिलसिला शुरू हो गया। गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि पौराणिक मान्यताओं के कारण भी देशभर में प्रसिद्ध है। मंदिर के मुख्य पुजारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि स्कंद पुराण, पद्म पुराण समेत अनेक पुराणों में रावण की तपस्या और इस धाम की महिमा का उल्लेख मिलता है। मान्यता है कि लंकापति रावण की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव उसके साथ लंका जाने के लिए तैयार हुए थे। हालांकि उन्होंने शर्त रखी थी कि यात्रा के दौरान जहां भी उन्हें धरती पर रखा जाएगा, वहीं वे सदैव के लिए स्थापित हो जाएंगे। पौराणिक कथा के अनुसार जब रावण गोला क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी भगवान शिव की माया से उसे लघुशंका की आवश्यकता हुई। उसने अपनी कांवड़, जिसमें भगवान शिव विराजमान थे, भूतनाथ नामक गड़रिये को सौंपते हुए उसे जमीन पर न रखने की हिदायत दी। इसी बीच भगवान शिव ने अपना भार बढ़ा दिया और गड़रिया कांवड़ संभाल नहीं सका। मजबूर होकर उसने उसे भूमि पर रख दिया और भगवान शिव यहीं स्थापित हो गए। मान्यता है कि जब रावण लौटा तो उसने शिवलिंग को अपने अंगूठे से उठाने का प्रयास किया। मंदिर में स्थापित शिवलिंग के मध्य भाग में आज भी अंगूठे के निशान जैसा स्वरूप श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है।

### रात 9 बजे होती है श्रृंगार पूजा



गोला गोकर्णनाथ मंदिर की विशेष परंपरा प्रतिदिन रात 9 बजे होने वाली भगवान भोलेनाथ की भव्य श्रृंगार पूजा है। इस दिव्य स्वरूप के दर्शन के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से पहुंचते हैं। सावन माह में श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए श्रृंगार पूजा का समय बढ़ा दिया जाता है। पूजा संपन्न होने के बाद मंदिर के पट बंद कर दिए जाते हैं।

### सिनेमा चौराहे से मंदिर तक बैरिकेडिंग



श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। अशोक चौराहे से बैरिकेडिंग शुरू कर दी गई है। सिनेमा चौराहे से मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार तक लोहे की बैरिकेडिंग लगाकर अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं। मुख्य प्रवेश द्वार से गर्भगृह तक नियंत्रित मार्ग तैयार किया गया है। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है।

**डाक कांवड़ियों की बढ़ने लगी आमद:** रविवार से ही डाक कांवड़ लेकर आने वाले शिवभक्तों की संख्या बढ़ने लगी है। सोमवार को बड़ी संख्या में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### व्यवस्थाओं के बीच कुछ सवाल भी



व्यापक तैयारियों के बावजूद कुछ व्यवस्थाएं चर्चा का विषय बनी हुई हैं। कॉरिडोर के मुख्य प्रवेश द्वार के पास बैरिकेडिंग के बावजूद मोटरसाइकिलों का खड़ा होना व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। बूढ़े बाबा शिव मंदिर जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए ईंटों का अस्थायी रास्ता बनाया गया है, जबकि स्थायी सीढ़ियों और पक्के मार्ग की मांग लंबे समय से की जा रही है। तीर्थ परिसर में घूमता गोवंश भी श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। मुख्य प्रवेश द्वार से करीब 100 मीटर दूर जलाभिषेक के लिए पानी की टंकियां लगाई गई हैं, लेकिन बैरिकेडिंग के कारण कई श्रद्धालु वहां तक आसानी से नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसे में इन सुविधाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### अंतिम सोमवार को लगता है विशाल मेला

गोला गोकर्णनाथ में सावन का अंतिम सोमवार विशेष महत्व रखता है। इस दिन लाखों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। नगर में विशाल मेला लगता है और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों की बड़ी भागीदारी रहती है। इस दौरान लकड़ी के सामान का विशाल बाजार सजता है, जिसमें करोड़ों रुपये के कारोबार का अनुमान लगाया जाता है। सावन के पहले सोमवार से पहले छोटी काशी पूरी तरह शिवभक्ति के रंग में रंग चुकी है। अब प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित दर्शन कराना होगी।

## आठ वर्षीय बालक पर हमला करने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद



**निघासन (खीरी)।** पढ़ुआ थाना क्षेत्र के बाबागंज गांव में आठ वर्षीय गोलू डंडुरी को मौत के घाट उतारने वाला तेंदुआ रविवार को वन विभाग के लगाए पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बालक की मौत के बाद वन विभाग ने क्षेत्र में दो पिंजरे लगाकर लगातार निगरानी शुरू की थी। रविवार को तेंदुआ पिंजरे में फंस गया, जिसके बाद टीम ने उसे सुरक्षित कब्जे में ले लिया। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार उसे वन्यजीव संरक्षण केंद्र या सुरक्षित वन क्षेत्र में भेजा जाएगा। वन विभाग ने लोगों से वन्यजीव दिखने पर तुरंत सूचना देने और बच्चों को अकेले खेतों या जंगल की ओर न भेजने की अपील की गई।

## 20 साल में पहली बार खीरी की टीम ने सीबीएसई नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।**



लखीमपुर के अजमानी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सीबीएसई फुटबॉल क्लस्टर-4 प्रतियोगिता में श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल अकादमी (एसआरजीएमए), लक्ष्मणजती गोला की अंडर-14 फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीत लिया। इसके साथ ही टीम ने सीबीएसई नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर इतिहास रच दिया। बताया गया कि क्लस्टर प्रतियोगिता के 20 वर्षों के इतिहास में लखीमपुर खीरी की कोई टीम पहली बार नेशनल स्तर पर पहुंची है। कोच कमाल अहमद के मार्गदर्शन और कप्तान अलकाम की अगुवाई में एसआरजीएमए ने पहले मैच में द भोमुअल स्कूल, बिजनौर को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में जेबी अकादमी, अयोध्या को 1-0 से और सेमीफाइनल में सेंट एमआर जयपुरिया स्कूल, हरदोई को 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में एसआरजीएमए ने अवध इंटरनेशनल अकादमी, अयोध्या को 3-0 से हराकर चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम कर ली और नेशनल चैंपियनशिप का टिकट हासिल किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन एवं गोला विधायक अमन गिरि, प्रबंध निदेशक मोहित पुरी तथा प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने टीम, कोच कमाल अहमद और कप्तान अलकाम सहित सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए नेशनल चैंपियनशिप में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

## अंडा फार्म हटाने की मांग पर राष्ट्रीय विकास मंच का धरना दूसरे दिन भी जारी

- विकास रावत ने दी चेतावनी- जनता लगाएगी फार्म में ताला

**समृद्धि न्यूज़, ब्यूरो हरदोई।**



ब्लॉक भरावन के हयातगंज के पास संचालित अंडा फैक्ट्री को हटाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय विकास मंच का अनिश्चितकालीन धरना रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। हसौखेड़ा चौराहे पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास रावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं संगठन के कार्यकर्ता धरने पर बैठे रहे। धरना स्थल पर वार्ता के लिए पहुंचे तहसीलदार को बैरंग वापस लौटना पड़ा। उन्होंने कार्रवाई के लिए सोमवार दोपहर तक का समय मांगा है।

राष्ट्रीय विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास रावत ने शनिवार को अंडा फैक्ट्री के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। उन्होंने बताया कि अंडा फार्म से निकलने वाली मक्खियां लोगों के लिए जी का जंजाल बानी हैं। ग्रामीण दिन रात मच्छरदानी के अंदर गुजारा कर रहे। धरने के दौरान तहसीलदार अमित यादव मौके पर पहुंचे और लोगों के साथ बैठकर वार्ता की। उन्होंने संगठन से पूरे मामले के समाधान के लिए सोमवार दोपहर 12 बजे तक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

धरने को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष विज्ञान वर्मा ने कहा कि अंडा फैक्ट्री से फैल रही मक्खियों और गंदगी के कारण आसपास के गांवों के लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने फैक्ट्री को तत्काल हटाने, पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग दोहराई। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन सोमवार दोपहर 12 बजे तक कोई ठोस और संतोषजनक निर्णय नहीं लेता है, तो राष्ट्रीय विकास मंच अपने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ अंडा फैक्ट्री पर ताला लगाने की कार्रवाई करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। धरने में विजय रावत, विज्ञान वर्मा, धर्मराज वर्मा, अनुज श्रीवास्तव, ओमप्रकाश रावत, संतोष कुमार, अमरेश यादव, रोशन कुमार, संतोष दीक्षित, वीरपाल यादव, रामलखन यादव, ठकुरी प्रसाद, महेश गौतम, आशीष दीक्षित, दिनेश रावत मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिया में मिला दो वर्षीय मासूम का शव, जांच में जुटी पुलिस



**बेलरायां (लखीमपुर खीरी)।** बेलरायां चौकी क्षेत्र में रविवार को एक दो वर्षीय मासूम का शव पुलिया में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, बेलरायां चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैडौरी के कड़िया रोड के पास स्थित ननिहाल में आया शुभ शर्मा (2), पुत्र अंकित शर्मा, निवासी मोतीपुर, रविवार सुबह करीब 8:30 बजे घर के बाहर खेलते-खेलते अचानक लापता हो गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर डायल-112 और बेलरायां चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। करीब चार घंटे तक तलाश के बाद घर के पास पानी से भरी एक पुलिया में मासूम का शव उतराता मिला। शव मिलने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

### केजीबीवी में नशा मुक्त भारत युवा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** रविवार को माय भारत केंद्र के तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सोनिकपुर व हैदरगढ़ में नशा मुक्त युवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम सभी युवतियों को नशा मुक्त करने की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के वर्चुअल उद्बोधन को युवतियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सुना उद्बोधन में प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं को देश की बड़ी पूंजी बताया उन्होंने कहा युवा शक्ति ही विकसित भारत आधार है 2047 को तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प तभी सिद्ध होगा जब हमारी युवा पीढ़ी शारीरिक और मानसिक रूप स्वस्थ एव जागरूक होगा उक्त कार्यकम का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आदर्श सिंह ,प्रभात सिंह , देवेश गुप्ता ने किया इस अवसर पर विद्यालय वार्डन शकुंलता वर्मा , कंचन सिंह, ज्योति गुप्ता, प्रशांत तिवारी , नितेश सिंह उपस्थित रहे।

### डीएम के निर्देश के बाद भी विद्युत व्यवस्था में नहीं हुआ सुधार

**रामनगर बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेवा में चल रहे सावनी महोत्सव के मद्देनजर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के सख्त निर्देशों के बावजूद मेला परिसर में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था नहीं सुधर सकी।रविवार की शाम 6:50 बजे तक बिजली नहीं थी जिससे मंदिर के अंदर अंधेरा हो गया था रिसीवर हर प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि हर आधे घंटे के बाद अथवा दस बीस मिनट में ही लाइट कट जाती है जिसके कारण बहुत दिक्कत हो रही है।मालूम हो सावन माह भर चलने वाले भूत भावन भोलेनाथ के महोत्सव में प्रत्येक रविवार की शाम से सोमवार की देर शाम लाखों शिवभक्तों का जमावड़ा होता है।अब पहले सोमवार की पूर्व संध्या और दिन में भी विद्युत की आंख मिचौली जिलाधिकारी के सख्त दिशा निर्देशों के बाद भी जारी है जिससे शिवभक्तों में आक्रोश था।डी एम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को रविवार और सोमवार को निर्वाध गति से विधुत आपूर्ति करने के निर्देश दिए थे। लेकिन लगातार हो रही कटौती से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से लेकर दुकानदारों में नाराजगी फैली हुई है।बड़ी संख्या दुकानदारों और शिव भक्तों ने जिलाधिकारी से गौर फरमाये जाने की मांग की है।

## जनिगांव में क्षतिग्रस्त विद्युत पोल बना हादसे का सबब, ग्रामीणों में दहशत

- शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग नहीं दे रहा ध्यान, हादसे की आशंका

**समृद्धि न्यूज, ब्यूरो हरदोई।**



अतरौली विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के जनिगांव में एक क्षतिग्रस्त विद्युत पोल ग्रामीणों के लिए खतरा बना हुआ है। बस्ती में घरों के पास झुका हुआ यह पोल किसी भी समय गिर सकता है, जिससे जान-माल की बड़ी क्षति होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद बिजली विभाग ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। गांव निवासी कृष्ण किंकर सिंह ने बताया कि मुन्ना के घर के सामने लगा विद्युत पोल काफी समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में है। इसी सिंगल पोल पर ट्रांसफार्मर रखा होने के कारण उस पर अत्यधिक भार पड़ रहा है। इसके अलावा पोल को सहारा देने वाला स्टे (सपोर्ट) भी गलत दिशा में लगाया गया है, जिससे भार संतुलित नहीं हो पा रहा। इस वजह से पोल नीचे से कमजोर होकर एक ओर झुक गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के बीच पोल के गिरने का खतरा और बढ़ गया है। अगर यह पोल मकानों पर गिरा तो बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं इससे गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन भी लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है।ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार जेई से शिकायत कर पोल बदलवाने की मांग की, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में उपखंड अधिकारी (एसडीओ) राजीव कुमार ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि लाइनमैन को मौके पर भेजकर पोल का निरीक्षण कराया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई कर समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा।

## क्षय मुक्त मेरा संकल्प-साहित्य मेरी साधनाः श्रेयस

- प्रतिज्ञा सैनिक स्कूल में हुआ अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**बछरावां, रायबरेली।**



रविवार को प्रतिज्ञा सैनिक स्कूल की ओर से सभागार में क्षय रोगः कारण, उपचार एवं बचाव विषय पर अभिभावक गोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की मूर्ति पर पूजा अर्चना से हुआ। मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह श्रेयश ने विद्यालय के पुस्तकालय को गंभीर बीमारियों पर केंद्रित अपनी चार मौलिक पुस्तकें भेंट किया। डॉ. अर्जुन पांडेय, डॉ. शिवम् तिवारी, प्रधानाचार्य अनिरुद्ध कुमार एवं एन सी सी ऑफिसर सेवानिवृत्त सूबेदार ओम प्रकाश सोनी ने माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर श्रेयश का स्वागत किया। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में सेवारत स्टेट चीफ फार्मासिस्ट राजेश कुमार सिंह श्रेयश ने विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि क्षय मुक्त हम- सब संकल्प होना चाहिए।इसके लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत है।साहित्य समाज का दर्पण है अतः साहित्य साधना हमारा ध्येय होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्षय विभाग में सेवारत गौरव पाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। निरोगी काया बनाना हमारा ध्येय होना चाहिए। विद्यालय के निदेशक प्रो. अर्जुन पांडेय ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि प्रतिज्ञा सैनिक स्कूल क्षेत्रीय विकास के साथ युवाओं में नयी उर्जा का संचार करेगा। प्रबंध निदेशक डॉ. शिवम् तिवारी ने कहा कि किसी भी संस्था के उन्नयन में छात्र-छात्राओं, अध्यापकों के साथ अभिभावकों की भूमिका अहम है। उप निदेशक शालिनी तिवारी ने कहा कि शिक्षा मानवीय मूल्यों को स्थापित कर सकती है। इसी ध्येय को दृष्टि में रखकर प्रतिज्ञा सैनिक स्कूल की स्थापना का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवम् तिवारी ने किया। इस अवसर पर 75 से अधिक बच्चों के साथ शिवानी, तनु त्रिपाठी, हर्षिता चतुर्वेदी, प्रधान धनीराम, राजेश कुमार, रोशनी, रेखा तिवारी, सूखमी लाल, सुनील कुमार शुक्ला आदि दर्जनों प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर संस्कार भारती ने साहित्यकार का किया अभिनन्दन



**बाराबंकी।** संस्कार भारती अवध प्रान्त इकाई बाराबंकी के तत्वावधान में गुरुपूर्णिमा एवं नटराज पूजन का पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया गया , उक्त कार्यक्रम गिरीश चन्द्र मिश्र, उपाध्यक्ष ललित कला अकादमी की अध्यक्षता में एवं डॉ उपेंद्र सिंह रावत, प्रदेश महामंत्री एवं नि सांसद बाराबंकी के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ । मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ आर एस गुप्ता जिला संघ चालक, रवि प्रकाश जिला प्रचारक, गुरुशन लाल चेयर मैन डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक, शिव कुमार व्यास ,प्रान्त उपाध्यक्ष, डॉ पूनम श्रीवास्तव, प्रान्त उपाध्यक्ष, अमित कुमार, प्रान्त महामंत्री, साथ ही गुरु के रूप में डॉ अम्बरीष अम्बर का नागरिक अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष रवि अवस्थी, कोषाध्यक्ष प्रदीप महाजन, उपाध्यक्ष जगन्नाथ दीक्षित निर्दोष एवं विधा संयोजकगण -प्रभात नारायण दीक्षित, शरदराज सिंह, संदीप अनुरागी, कृति वर्मा तथा श्रेया रस्तोगी के साथ ही जनपद की संपूर्ण इकाई उपस्थिति रही। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ श्याम सुंदर दीक्षित, पं. राम किशोर तिवारी किशोर, अजय प्रधान , अनिल श्रीवास्तव लल्लू, दीपक दिवाकर, साहब नारायण शर्मा, रमेश चंद्र रावत, राजकुमार सोनी, डॉ कुमार पुष्पेन्द्र, अजय अटल तथा नागेन्द्र सिंह व अन्य की गरिमामई उपस्थिति में विषय सापेक्ष ऐतिहासिक कवि गोष्ठी भी हुई।

## पीएसी जवान का बैरक में लटकता मिला शव, हड़कंप

**समृद्धि न्यूज़, मसौली बाराबंकी।**



10 वीं वाहिनी पीएसी परिसर स्थित बैरक में 2021बैज के सिपाही ने रविवार तड़के एक पीएसी जवान का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पीएसी अधिकारियों और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान 10वीं वाहिनी पीएसी में तैनात सिपाही दीपक सिंह (30) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो साथी जवानों को संदेह हुआ। दरवाजा खोलने पर दीपक सिंह का शव फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।

पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि जवान द्वारा यह कदम उठाने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मृतक के परिजनों को सूचना देकर मामले की जांच में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि आत्महत्या का कारण ऑनलाइन गेमिंग खेलना है।

प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। आत्महत्या के कारणों की जानकारी की जा रही है। मृतक मेरठ जिले के थाना रोहतक निवासी है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवती की इलाज के दौरान मौत



**फतेहपुर, बाराबंकी।** क्षेत्र के मोहारी पुलिया के पास शनिवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल 28 वर्षीय खुशी रावत ने दम तोड़ दिया।उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर से जिला अस्पताल रेफर किया गया था,जहां से हालत नाजुक होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया था।देर रात ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।बताया गया कि खुशी रावत पुत्री विजय बहादुर निवासी चुरैलिया, थाना मसौली अपने भाई अंशुमान के साथ मोटरसाइकिल से जंगरा स्थित अपनी बहन के घर जा रही थी।मोहारी पुलिया के पास सामने से आ रहे एक सीएनजी ऑटो रिक्शा ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर के बाद खुशी और अंशुमान दोनो सड़क पर गिर गए।इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक की चपेट में आने से खुशी गंभीर रूप से घायल हो गईं,जबकि अंशुमान को मामूली चोटें आईं।खुशी की मौत की खबर मिलते ही परिजनो मे कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।विजय बहादुर के परिवार में एक बेटा अंशुमान और एकमात्र बेटी खुशी थीं।बेटी की मौत की सूचना पर माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। बेलहरा चौकी इंचार्ज अरविंद पटेल ने बताया कि ट्रक को अपने कब्जे मे ले लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है।

## गौतम हत्याकांड जघन्य, दोषी को मिले मृत्युदंडः विधायक

- जो लोग खुद को पीडीए समर्थक बताते हैं वे पीड़ित परिवार से मिलने तक नहीं पहुंचेः अरविंद सिंह
- बोले- जातिवाद से ऊपर उठकर पीड़ित परिवार के साथ खड़े हों सभी

**समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।**

ददरौल विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरविंद सिंह ने कांट क्षेत्र में हुए गौतम मौर्य हत्याकांड को जघन्य अपराध बताते हुए दोषी को मृत्युदंड दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस मामले में समाज को जातिवाद से ऊपर उठकर पीड़ित परिवार के साथ खड़ा होना चाहिए। मीडिया से बातचीत में विधायक ने कहा कि वह शुरू से ही पीड़ित परिवार के साथ हैं और आगे भी हर स्तर पर उनका सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि वह पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री से मिलवाएंगे, ताकि उन्हें अधिक से अधिक आर्थिक सहायता मिल सके और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित हो। विधायक ने दावा किया कि मुख्य आरोपित समीर का मकान बिना नक्शा पास कराए अवैध रूप से बना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जल्द ही उसके खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई करेगा। राजनीतिक टिप्पणी करते हुए विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि जो लोग खुद को पीडीए का समर्थक बताते हैं, वे पीड़ित परिवार से मिलने तक नहीं पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोग केवल वोट बैंक की राजनीति करते हैं। उनकी संवेदना किसी वर्ग विशेष के प्रति नहीं, बल्कि केवल वोट हासिल करने तक सीमित है। उन्होंने कहा कि पिछड़े और दलित समाज के नाम पर राजनीति करने वाले लोगों को इस मामले में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा होना चाहिए था। विधायक ने कहा कि सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## झाड़ फूंक के नाम पर लूटने वाले तीन गिरफ्तार

- एक फरार, तलाश जारी, लूट के जेवर, एसक्यूबी कार व एक बाईक बरामद

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**



पुलिस ने घर में प्रेतात्मा की डर दिखाकर लाखों के जेवरात लूटकांड का खुलासा कर दिया हैं। पुलिस ने तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर उनसे लूट का जेवर, एसक्यूबी कार व एक बाईक बरामद की हैं, जबकि एक लुटेरा मौका देखकर फरार हो गया।

रोजा थाना क्षेत्र के गुर्री गांव निवासी गीता देवी पत्नी मुकेश सिंह ने पुलिस को बताया था कि वह एक निजी संस्था में नेटवर्किंग का काम करती हैं। इसी संस्था में रेनू पत्नी अजयपाल, निवासी ग्राम फकरगंज, थाना रोजा भी उनके साथ काम करती थी। दोनों एक-दूसरे पर पूरा भरोसा करती थीं और अक्सर साथ आती-जाती थीं। 25 जुलाई को गीता और रेनू शाहजहांपुर से अपना काम खत्म करके एक ऑटो रिक्शा से घर लौट रही थीं। ऑटो में दो अन्य अज्ञात लोग भी बैठे थे, जिन्होंने उनसे बातचीत शुरू कर दी। गीता देवी को यह नहीं पता कि वे दोनों अज्ञात लोग रेनू के पूर्व परिचित थे या नहीं। जब गीता गुर्री रोड पर उतरीं, तो रेनू और वे दोनों अज्ञात लोग भी उनके साथ उतर गए। उन्होंने गीता से कहा कि उनके घर में प्रेतात्मा का वास है और उसका काला साया है, जिसे हटवाना जरूरी है। रेनू ने भी उन अज्ञात लोगों की बात का समर्थन किया। विश्वास करके गीता उन्हें अपने घर ले आईं। शनिवार शाम 5 बजकर 7 मिनट पर, दोनों अज्ञात लोगों ने गीता के मुंह के सामने एक रुमाल झाड़ा, जिससे उनकी याददाश्त चली गई। इसी मौके का फायदा उठाकर आरोपियों ने अलमारी से लाखों रुपये के जेवरात चुरा लिए और फरार हो गए। इस घटना के संबंध में एक महिला सहित तीन अज्ञात के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि झाड़ फूंक के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में गुर्री नहर से नेकनामपुर रोड़ पर खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही हैं। गिरफ्तार लुटेरे जनपद रायबरेली के थाना बछरावां के पटेलनगर निवासी आरिफ अली पुत्र रफी वारसी, मो. ईसराईल पुत्र मो. इकलाख व मो. कलीम पुत्र सलीम हैं। उन्होंने बताया कि तीनों के पास से लूट के जेवरात, एक कार व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं।

### नाम परिवर्तन सूचना

आधार कार्ड में मेरा नाम रिचा दर्ज है। मैंने अपना नाम बदलकर कुमारी रुचि रख लिया है, पुत्री स्व. ओमशंकर निवासी बी 11/53 कटिया टोला, तह.-सदर, शाहजहांपुर, भविष्य में मुझे कुमारी रुचि के नाम से जाना जाएगा।

## आतंक पर निर्णायक प्रहार जरूरी

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे छत्तीसगढ़ के दो हिंदू श्रमिकों की मजहब पूछकर हत्या केवल दो निर्दोष नागरिकों की हत्या नहीं है, बल्कि यह भारत की आंतरिक शांति, सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती देने वाला सुनियोजित आतंकी कृत्य है। इस हमले ने एक बार फिर उस भयावह मानसिकता की याद ताजा कर दी, जिसने पहलगाम में पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया था। यदि इस घटना की जिम्मेदारी उसी आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है, जो पहले भी इस प्रकार के हमलों में शामिल रहा है, तो यह स्पष्ट संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का नेटवर्क पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है और उसके विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई अभी अधूरी है।
आतंकवाद का सबसे खतरनाक स्वरूप वह होता है, जिसमें निर्दोष नागरिकों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया जाता है। इसका उद्देश्य केवल हत्या करना नहीं, बल्कि भय का ऐसा वातावरण तैयार करना होता है जिससे समाज में विभाजन, अविश्वास और असुरक्षा की भावना पैदा हो।
कुलगाम की घटना इसी रणनीति का हिस्सा प्रतीत होती है। ऐसे हमले कश्मीर की सामान्य होती स्थिति को अस्थिर करने और देशभर में सांप्रदायिक तनाव भड़काने की साजिश का हिस्सा होते हैं। टीआरएफ कोई स्वतंत्र संगठन नहीं, बल्कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी ढांचे का ही नया चेहरा माना जाता है।
अंतरराष्ट्रीय दबाव, विशेषकर फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की निगरानी के दौरान पाकिस्तान ने प्रतिबंधित संगठनों को नए नाम और नए मुखौटे देकर सक्रिय रखने की नीति अपनाई। इससे आतंकवाद की विचारधारा तो नहीं बदली, केवल उसका नाम बदल गया। यही कारण है कि टीआरएफ की गतिविधियों में वही पैटर्न दिखाई देता है, जो पहले लश्कर-ए-तैयबा और अन्य आतंकी संगठनों का रहा है। यह भी विचारणीय है कि यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब जम्मू-कश्मीर में पर्यटन, निवेश और विकास को लेकर सकारात्मक वातावरण बनने की कोशिश हो रही है। घाटी में सामान्य जीवन की वापसी से आतंकवादी संगठन और उनके आकाओं की बेचैनी बढ़ना स्वाभाविक है। वे जानते हैं कि यदि कश्मीर में स्थायी शांति स्थापित हो गई तो उनकी हिंसक विचारधारा और पाकिस्तान के छद्म युद्ध की रणनीति दोनों अप्रासंगिक हो जाएंगी। इसलिए वे समय-समय पर ऐसे हमलों के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास करते हैं कि आतंकवाद अभी समाप्त नहीं हुआ है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में आतंकवाद के विरुद्ध कठोर नीति अपनाई है। सुरक्षा बलों ने अनेक बड़े आतंकियों को मार गिराया है, उनकी वित्तीय और लॉजिस्टिक व्यवस्था पर प्रहार किया है तथा सीमा पार से होने वाली घुसपैठ को काफी हद तक नियंत्रित किया है। इसके बावजूद कुलगाम जैसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि केवल आतंकियों का सफाया पर्याप्त नहीं है। उनके स्थानीय सहायता तंत्र, वित्तीय स्रोत, सूचना नेटवर्क और वैचारिक समर्थन देने वाले तत्वों के विरुद्ध भी समान कठोरता से कार्रवाई आवश्यक है। आतंकवाद केवल हथियारों से नहीं चलता, बल्कि उसे स्थानीय सहयोग, सुरक्षित ठिकानों और आर्थिक संसाधनों का भी सहारा मिलता है। इसके साथ ही सीमा पार बैठे आतंकवाद के संरक्षकों पर भी लगातार दबाव बनाए रखना होगा। कूटनीतिक मंचों पर पाकिस्तान की भूमिका को लगातार उजागर करना, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उसके दोहरे रवैये से अवगत कराना और आतंकवाद को संरक्षण देने की उसकी नीति पर वैश्विक दबाव बढ़ाना समय की आवश्यकता है। भारत ने पहले भी यह स्पष्ट किया है कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। इस सिद्धांत पर दृढ़ रहते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हर विकल्प को खुला रखना होगा।
जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक नेतृत्व की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। किसी भी आतंकी घटना को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का विषय बनाने के बजाय पूरे समाज को आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट करने का प्रयास होना चाहिए।
आतंकवाद का कोई राजनीतिक औचित्य नहीं हो सकता और न ही किसी प्रकार की हिंसा को वैचारिक या क्षेत्रीय असंतोष के नाम पर स्वीकार किया जा सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति व्यक्त करने के अनेक संवैधानिक माध्यम उपलब्ध हैं, लेकिन निर्दोष नागरिकों की हत्या किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकती। सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक विश्वास को मजबूत करना भी उतना ही आवश्यक है। कश्मीर के अधिकांश नागरिक शांति चाहते हैं और आतंकवाद से स्वयं भी पीड़ित रहे हैं। ऐसे में स्थानीय समाज, प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के बीच भरोसे का वातावरण मजबूत करना होगा ताकि आतंकियों को किसी प्रकार का सामाजिक संरक्षण न मिल सके। विकास, शिक्षा, रोजगार और लोकतांत्रिक सहभागिता के माध्यम से कट्टरपंथी विचारधारा की जमीन को कमजोर करना भी दीर्घकालिक समाधान का महत्वपूर्ण हिस्सा है।
कुलगाम की घटना पूरे देश के लिए चेतावनी है कि आतंकवाद अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। भारत को न केवल आतंकियों, बल्कि उनके समर्थकों, वित्तपोषकों और संरक्षकों के विरुद्ध भी निर्णायक अभियान जारी रखना होगा। निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। आतंक का उत्तर केवल कड़ी निंदा नहीं, बल्कि ऐसी प्रभावी और सतत कार्रवाई है जो यह स्पष्ट संदेश दे कि भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द पर हमला करने वालों के लिए कहीं भी कोई सुरक्षित स्थान नहीं है।

### दो टूक




# भारत-खाड़ी संबंधों में बढ़ी चुनौतियां


प्रो. (डॉ.) डी.के. पांडे



जीसीसी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं, जो हर साल अरबों डॉलर भारत भेजते हैं। इससे भारत की अर्थव्यवस्था को काफी मजबूती मिलती है। साथ ही, खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्थाएं भी भारत के साथ व्यापार पर काफी हद तक निर्भर हैं। यह जीसीसी और भारत की संयुक्त कोशिश है, जिससे इस क्षेत्र की तरक्की और खुशहाली में मदद मिलेगी।

गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) एक समूह के तौर पर, विकासशील भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जीसीसी के सदस्य देशों के भारत के साथ सांस्कृतिक, आर्थिक और सभ्यतागत संबंध बहुत पुराने हैं। हाल के वर्षों में, यह संबंध पारंपरिक खरीदार-विक्रेता रिश्ते से आगे बढ़कर एक रणनीतिक गठबंधन में बदल गया है, जिसमें ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, रक्षा सहयोग और वहां रहने वाले भारतीयों का कल्याण शामिल है। इस क्षेत्र में मौजूद तेल और गैस के बड़े भंडार भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद अहम हैं।

जीसीसी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं, जो हर साल अरबों डॉलर भारत भेजते हैं। इससे भारत की अर्थव्यवस्था को काफी मजबूती मिलती है। साथ ही, खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्थाएं भी भारत के साथ व्यापार पर काफी हद तक निर्भर हैं। यह जीसीसी और भारत की संयुक्त कोशिश है, जिससे इस क्षेत्र की तरक्की और खुशहाली में मदद मिलेगी। कई संयुक्त परियोजनाओं के माध्यम से इसमें वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिरता और समृद्धि को बढ़ाने की क्षमता है। आपसी संबंधों को गहरा करने के लिए व्यापार, निवेश, बुनियादी ढांचे और लोगों के बीच आपसी संपर्क में सहयोग बढ़ाना कारगर साबित हुआ है।

प्रवासी और रेमिटेंस (विदेश से भेजा गया पैसा) : दक्षिण एशियाई व्यापार और व्यापक आर्थिक स्थिरता को प्रवासी कामगारों से काफी समर्थन मिलता है। जीसीसी देशों में लगभग 1 करोड़ (10 मिलियन) भारतीय रहते हैं। जीसीसी देशों ने इस क्षेत्र के विकास में भारतीय समुदाय की भूमिका को माना है। यह पश्चिमी एशिया (मुख्य रूप से जीसीसी) और दक्षिण एशिया के बीच व्यापार और रेमिटेंस की स्थिति है, जो हाल के आंकड़ों पर आधारित है। वित्त वर्ष 2024-25 में, भारत को दुनिया भर से रिकॉर्ड 135.46 अरब डॉलर का रेमिटेंस मिला। विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत को सबसे ज़्यादा रेमिटेंस मिला है। 2024 में मेक्सिको दूसरे स्थान पर रहा, जहां 68 अरब डॉलर आने का अनुमान है। तीसरे स्थान पर चीन रहा, जहां अनुमानित 48 अरब डॉलर आए।

भारत को मिलने वाले कुल रेमिटेंस में जीसीसी देशों की हिस्सेदारी लगभग 38 प्रतिशत है, जो इस क्षेत्र में बड़ी आर्थिक आमद का जरिया है। भारत में रेमिटेंस पर निर्भरता कुछ खास इलाकों तक सीमित है; अकेले यूएई से भारत को कुल रेमिटेंस का लगभग 19.2 प्रतिशत हिस्सा मिलता है। इसके बाद सऊदी अरब का स्थान है, जहां से 6.7 प्रतिशत रेमिटेंस आता है। भारत में आने वाले कुल रेमिटेंस (हर साल लगभग 27-28 बिलियन) में महाराष्ट्र का हिस्सा करीब 20.5 प्रतिशत है, और केरल का हिस्सा करीब 19.7 प्रतिशत (लगभग 26-27 बिलियन) है। इसलिए, खाड़ी देशों (गल्फ) में मंदी का इन दोनों राज्यों पर बहुत ज़्यादा असर पड़ता है। जीसीसी की कुल आबादी 6.15 करोड़ (61.5 मिलियन) है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2.3 ट्रिलियन है। कुल द्विपक्षीय व्यापार (वित्त वर्ष 2024-25) 178.56 बिलियन का है। सितंबर 2025 तक भारत में जीसीसी का कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 31.14 बिलियन से ज़्यादा हो गया है। भारत इंजीनियरिंग का सामान, चावल, कपड़ा, मशीनरी, रत्न और आभूषण एक्सपोर्ट करता है; और कच्चा तेल, द्रवरूप प्राकृतिक गैस (एलएनजी), पेट्रोकेमिकल्स और सोना जैसी कीमती धातुएं इंपोर्ट करता है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-खाड़ी व्यापार रिकॉर्ड 178.56 बिलियन तक पहुँच गया, जो भारत के कुल ग्लोबल व्यापार का 15.42 प्रतिशत है। इसमें 56.87 बिलियन का एक्सपोर्ट और 121.68 बिलियन का इंपोर्ट शामिल है – जिससे जीसीसी भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर ब्लॉक बन गया है, जो भारत के ग्लोबल व्यापार का 15.42 प्रतिशत है। पाँच साल का ट्रेंड : द्विपक्षीय व्यापार सालाना औसतन 15.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। भारत और जीसीसी ने फरवरी 2026 में औपचारिक रूप से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) बातचीत शुरू की। इंडस्ट्री के अनुमान के मुताबिक, 2030 तक इस कॉरिडोर में कुल व्यापार 250 बिलियन से ज़्यादा हो सकता है। यूएई के साथ व्यापार 100 बिलियन से ज़्यादा (सीईपीए) के तहत वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 101.25 बिलियन) रहा, जिसमें भारत का व्यापार घाटा 26.53 बिलियन था; भारत ने 37.36 बिलियन का एक्सपोर्ट किया और 63.89 बिलियन का इंपोर्ट किया। सऊदी अरब, कतर, ओमान, कुवैत और बहरीन के साथ व्यापार क्रमशः 41.87 बिलियन (भारत का दूसरा सबसे बड़ा जीसीसी पार्टनर), 14.14 बिलियन, 10.61 बिलियन, 1.64 बिलियन का रहा। भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटना अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीति में तेज़ी से हो रहे बदलावों के कारण भारत-जीसीसी सहयोग के सामने चुनौतियां हैं। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच, सबसे बड़ी चुनौती जीसीसी देशों और भारत के लिए संतुलन बनाए रखने की है। पारंपरिक रूप से, भारत और खाड़ी देशों के बीच हाइड्रोकार्बन को लेकर आर्थिक निर्भरता रही है, लेकिन अब रिन्यूएबल एनर्जी (नवीकरणीय ऊर्जा) की ओर वैश्विक झुकाव के कारण यह संबंध खतरे में है। भारत एक मुश्किल कूटनीतिक स्थिति में है, जहाँ उसे ईरान, इज़राइल और सऊदी अरब जैसे क्षेत्रीय दुश्मनों के साथ अपने संबंधों को संतुलित करना पड़ रहा है, खासकर तब जब खाड़ी देश पारंपरिक पश्चिमी सहयोगियों से आगे बढ़कर उभरते एशियाई देशों के साथ नए रणनीतिक गठबंधन बना रहे हैं। इस क्षेत्र का सुरक्षा ढांचा भी बदल रहा है।

इन भू-राजनीतिक बाधाओं के बावजूद, भारत-जीसीसी सहयोग को नया रूप देने और उसे बेहतर बनाने के लिए कई रणनीतिक कदम उठाए जा सकते हैं। आर्थिक एकीकरण को बढ़ाने और व्यापारिक जोखिमों को कम करने की दिशा में पहला कदम भारत-जीसीसी एफटीए को जल्द से जल्द पूरा करना है। दूसरा कदम यह है कि सहयोग केवल ऊर्जा तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए... इसमें रिन्यूएबल एनर्जी, रिन्यूएबल हाइड्रोजन, खाद्य सुरक्षा, अहम टेक्नोलॉजी और मिलिट्री मैन्युफैक्चरिंग जैसे भविष्य से जुड़े क्षेत्रों को शामिल किया जाना चाहिए। कई बुनियादी रणनीतियां द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत कर सकती हैं और उन्हें भू-राजनीतिक तनावों से बचा सकती हैं : द्विपक्षीय जुड़ाव के ढांचे को क्षेत्रीय से वैश्विक स्तर पर ले जाना : मध्य पूर्व की क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्थाओं की नाजुकता और बहु-ध्रुवीय प्रकृति के कारण, भारत एक व्यापक क्षेत्रीय नीति से हटकर अधिक लक्षित द्विपक्षीय जुड़ाव के दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहा है। जीसीसी सदस्यों के साथ अलग-अलग बातचीत करके भारत भू-राजनीतिक तनाव वाले मुद्दों से बच सकता है। इससे उसे खाड़ी देशों के आपसी मुद्दों, जैसे राजनयिक संकट और ऐतिहासिक नाकेबंदी, को सुलझाने में मदद मिलेगी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# गंगा भारतवासियों के लिए आस्था की धारा

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

भारतीय घरों में प्रतिदिन उच्चारित होने वाला यह मंत्र, वस्तुतः उस सभ्यता की घोषणा है जिसने नदियों को संसाधन नहीं, माता माना, जल को पदार्थ नहीं, जीवन माना और गंगा को नदी नहीं, संस्कृति की भावधारा से जोड़ा इसीलिए जब कोई यह कहता है कि गंगा तो बहता हुआ पानी है अथवा उसके संदर्भ में सिर्फ यह तर्क देता है कि गंगा के किनारे चिकन खाने पर कोई कानून नहीं है, तब यह तर्क और विवाद किसी भोजन या गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रह जाता, वह भारत की सांस्कृतिक चेतना और आधुनिक विधिक दृष्टि के बीच संवाद का प्रश्न बन जाता है।
सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान ने वाराणसी के उस प्रकरण का उल्लेख करते हुए, जिसमें गंगा तट पर चिकन बिरयानी खाकर इफ्तार करने वाले कुछ युवकों की गिरफ्तारी हुई थी, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की रक्षा का पक्ष रखा। आप कह सकते हैं कि उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से यूपी सरकार में पुलिस की कार्यप्रणाली और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस मुद्दे पर कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया। हो सकता है उन्हें जो कानून के विद्यार्थी सुन रहे थे, वह उनके पद एवं प्रतिष्ठा के प्रभाव में आकर उनकी बातों को सच मान लें! किंतु इस पक्ष से जुड़ा एक सच यह भी है कि क्या भारतीय संविधान किसी की भावनाओं और आस्था से खिलवाड़ करने के लिए कोई अवसर देता है?
बेशक, लोकतंत्र में यह चिंता निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है। किसी नागरिक की स्वतंत्रता का अनावश्यक हनन नहीं होना चाहिए, परंतु प्रश्न यह भी है कि क्या किसी पवित्र स्थल की मर्यादा को सिर्फ इस आधार पर परखा जा सकता है कि उस संबंध में कोई दंडात्मक कानून है या नहीं? इसलिए जो मर्जी आए करें! अपनी जूठन उस पवित्र जल में डालें, जिसके प्रति करोड़ों लोग आस्थावान हैं।
सोचिए, सामने से देखने पर यह दृश्य कितना खराब लगता है, जब आप शाकाहारी हों, नदी के प्रति पवित्र भाव रखते हों और उसी नदी के ऊपर कुछ लोग आकर मांसाहार करें, फिर उसके अवशेष पवित्र जल में मिला दें। यहां आप ये कृत्य कर रहे हैं और दूसरी जगह कोई उस जल को बहुत ही श्रद्धा से आचमन कर रहा है, पवित्र शुद्धिकरण मंत्र भी बोल रहा है-

अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः॥

यानी वह इस मंत्र के साथ तीन बार केशव, नारायण एवं माधव का नाम स्मरण कर उसे पी रहा हो, तब आप स्वयं विचार करें कि जो यह पवित्र जल पी रहा है, वह इस तरह के मांसाहार से जुड़े वीडियो सामने आने के बाद क्या अपना भाव उतना ही पवित्र रख सकेगा, जिस भाव से वह गंगा में पवित्रीकरण करने पहुंचा था? साथ ही इस क्रिया के अलावा अनेक श्रद्धावान अपनी बॉटल में भरकर गंगाजल को घर के मंदिर में रखने के लिए ले जाते हैं, तब क्या इस स्थिति में, इस भाव में वह जल किसी भी मंदिर में रखेजाने योग्य है? स्वभाविक है कि भारत की हिन्दू चेतना इस प्रश्न का उत्तर नहीं में देती है। काश; हमारे न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान को कोई यह अवश्य बताए कि सभ्यताएँ सिर्फ संविधान की धाराओं पर नहीं टिकतीं, वे स्मृतियों, प्रतीकों और श्रद्धा पर भी खड़ी होती हैं। यदि कानून ही अंतिम सत्य होता, तो संसार में मर्यादा जैसा कोई शब्द नहीं होता। किसी न्यायालय में प्रवेश करते समय लोग स्वतः संयमित हो जाते हैं। राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं। बलिदानी स्मारकों पर ऊँचे स्वर में ठहाके नहीं लगाते। इन सबके लिए हर क्षण पुलिस या दंड संहिता की आवश्यकता नहीं पड़ती। भारत के उच्चतम न्यायालय के प्रतीक चिन्ह के नीचे यतो धर्मस्ततो जयः लिखा हुआ है, क्योंकि समाज सिर्फ भय से नहीं, संस्कार से भी संचालित होता है। ठीक उसी प्रकार गंगा के घाट करोड़ों लोगों के लिए मंदिर के समान पवित्र हैं। वहाँ आचरण का निर्धारण विधिक प्रावधानहीं करते हैं, यहां तो सांस्कृतिक मर्यादा भी बहुत कुछ तय करती है। गंगा का इतिहास वेदों से प्रारंभ होता है। ऋग्वेद के नदी सूक्त में गंगा का स्मरण है। वाल्मीकि रामायण में वह भगीरथ की तपस्या है। महाभारत में भीष्म की माता गंगा हैं। विष्णु पुराण उन्हें विष्णुपदी कहता है। स्कंद पुराण तो स्पष्ट घोषणा ही कर देता है-

गङ्गा गङ्गेति यो ब्रूयाद् योजनानां शतैरपि।
मुच्यते सर्वपापेभ्यो विष्णुलोकं स गच्छति॥

भारतीय परंपरा में गंगा जल ही वह जल है, जिसका एक पात्र हर हिन्दू घर में रखा जाता है। जन्म के संस्कार में वही गंगाजल छिड़कता है। विवाह की प्रतिज्ञा उसी के साक्ष्य में होती है। मृत्यु के समय अंतिम बूंद भी उसी की चाही जाती है। वस्तुतः जो नदी मनुष्य के जन्म से मृत्यु तक उसके साथ चलती है, उसे सिर्फ जल कहना उस भावलोक को नकार देना है, जिसमें भारत सहस्राब्दियों से साँस लेता आया है। भगवान श्रीकृष्ण ने भी गंगा को अपनी विभूति कहा है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं- स्रोतसामस्मि जाह्नवी। (गीता 10.31) यानी कि नदियों में मैं स्वयं जाह्नवी अर्थात् गंगा हूँ। निश्चित ही उनका यह कथन गंगा को दिव्यता के सर्वोच्च प्रतिमान के रूप में स्थापित करती है। फिर यदि भारतीय समाज गंगा के प्रति असाधारण श्रद्धा रखता है, तो उसका आधार हजारों वर्षों की दार्शनिक परंपरा भी है। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी गंगा के सामने नतमस्तक थे, उन्होंने अपनी वसीयत में लिखा- गंगा भारत की नदी है... उससे हमारी जातीय स्मृतियाँ, हमारी आशाएँ, हमारे भय, हमारी विजय और हमारी पराजय जुड़ी हुई हैं। नेहरू स्वयं आधुनिक वैज्ञानिक सोच के पक्षधर थे, किंतु उन्होंने भी गंगा में भारतीय आत्मचेतना को देखा।भले ही फिर नेहरुजी की नीतियों एवं अन्य मामलों में कई मोर्चों पर आलोचना होती होगी, किंतु गंगा को लेकर उनका सदैव ही स्पष्ट मत रहा और उस मत से देखें तो गंगा एक पवित्र नदी है, जिसे अपवित्र करने का अधिकार किसी को नहीं दिया जा सकता है। यदि नेहरू, विवेकानंद, शंकराचार्य, तुलसीदास, कबीर और महात्मा गांधी, सभी गंगा को भारत की सांस्कृतिक धुरी मानते हैं, तो प्रश्न उठता है कि क्या आधुनिक विधिक विमर्श में उस सांस्कृतिक सत्य के लिए पर्याप्त स्थान बचा है? लोकतंत्र अधिकार देता है; किंतु अधिकारों के साथ उत्तरदायित्व भी जोड़ता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि समाज की गहरी आस्थाओं की उपेक्षा कर दी जाए। संविधान नागरिक को अधिकार देता है, पर वही संविधान प्रत्येक नागरिक से यह अपेक्षा भी करता है कि वह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करेगा। यही कारण है कि किसी धार्मिक स्थल पर आचरण व्यक्तिगत पसंद तक सीमित नहीं रहता है, वह सभी के हित से जुड़ा रहता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## खून से लाल हुई वर्दी...!

वहाँ पे खून से लाल हुई जो वर्दी,
वह केवल मात्र कपड़ा नहीं थी।
उसमें एक घर की भी उम्मीद थी,
माई की दुआँ, बच्चों की हँसी थी।

उस सड़क पर जब पत्थर बरसे,
यूं घायल हुए उनके कई अरमान।
वे तो कर्तव्य निभाने ही निकले थे,
कैसे बन गए वे हिंसा की पहचान।

वर्तमान लोकतंत्र का अर्थ यही है,
आज संवादों से ही राह निकले।
यदि क्रोध की ज्वाला जब भड़के,
तब रिश्तों के दीपक ना ही बुझें।

न कोई छात्र दोषी कहलाएँ सब,
सम्मान रहें न हर वर्दी कठोर बने।
निर्मल सत्य वही है जो न्याय करे,
उससे मानवता और मजबूत बने।

आओ ऐसा देश हिंदुस्तान बनाएँ,
जहाँ मतभेदों का भी सम्मान हों।
ना खून से कभी लाल हों वर्दियाँ,
ना आँसूओं से वीरान मकान हों।




# सभ्यों से बनती है सभा, उच्यते सभासु

*हृदयनारायण दीक्षित*

संसद देशकाल का दर्पण होती है। अपनी संसद डेढ़ अरब लोगों की भाग्य विधाता है। संसद के पास नए कानून बनाने की क्षमता के साथ संविधान संशोधन के भी अधिकार हैं। भारत में विचार-विमर्श की परंपरा है ही। वेदों में भी साथ साथ चलने और परामर्श करने के मंत्र हैं। संसद आदर योग्य है। संसदीय व्यवस्था का कोई विकल्प नहीं। संसद अपने सदस्यों से बनती है। सदस्यों द्वारा आदर पाती है। यह सर्वोच्च जनप्रतिनिधि संस्था है। लेकिन पीछे कुछ वर्षों से संसद की गरिमा और महिमा को अपमानित किया जा रहा है। जान पड़ता है कि शब्दों का अकाल है। जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर चलने वाली फिल्में गाली-गलौच और हिंसा से लबालब भरी होती हैं। वैसे ही दुर्भाग्य से हमारी संसद में वाणी संयम नहीं है। मर्यादा का अभाव है।

वैदिक काल परिपूर्ण संसदीय था। लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप ने लिखा, भारत में वैदिक युग से ही गणतांत्रिक स्वरूप, प्रतिनिधित्व विचार विमर्श और स्थानीय स्वशासन की संस्थाएँ थीं। ऋग्वेद, अथर्ववेद में सभा समिति के उल्लेख हैं। ऐतरेय ब्राह्मण, पाणिनि की अष्टाध्यायी, कौटिल्य के अर्थशास्त्र, महाभारत और अशोक स्तम्भों, जैन पाठ्यों में उत्तर वैदिक काल के गणतंत्रों के उल्लेख हैं।

सभा सभ्यों से ही बनती है। ऋग्वेद (ऋ 6.28.6) कहता है, पहले हम घर को भद्र बनाएँ-भद्रं गृहं कृणुथ, वाणी भद्र बनाएँ-भद्रवाचो, सभा में भद्र आचरण हो-उच्यते सभासु। लेकिन आज निजी जीवन में अपराध है। मानसतंत्र में क्रोध और तनाव है, ऐसे माननीयों से सभा में अमृत घट लुढ़काने की उम्मीदें करना व्यर्थ है। अथर्ववेद (8.10) में सभ्यता और सामाजिक संस्थाओं के विकास का प्रीतिकर वर्णन है, अराजक से उत्क्रान्ति हुई, गार्हपत्य (परिवार) आया। गार्हपत्य से आहवनीय (आह्वान से जनसंगठन) फिर दक्षिणाग्नि (योग्य, अग्रणी) और इसके बाद सभा समिति का विकास हुआ। अथर्वा कहते हैं, जो यह जानता है वह सभा का सभ्य बनता है। सभ्य सभा और सभ्य सभासदों (सभ्य सभा में पाहि ये च सभ्याः सभासद) की प्रार्थना हजारों बरस प्राचीन अथर्ववेद में भी है। भारत के संविधान निर्माताओं ने गहन विचार-विमर्श के बाद ब्रिटिश तर्ज की संसदीय प्रणाली अपनाई। भारत के लिए संसदीय पद्धति का कोई विकल्प नहीं था और न है। भारत का लोकजीवन सनातन काल से संसदीय है। तर्क-प्रतितर्क विचार-विमर्श यहाँ के जन-जन की जीवन शैली है। संसद भारत के कोटि-कोटि लोगों की जीवन स्पंदन है। आमजनों के हर्ष-विषाद, अभाव, प्रभाव और दुष्प्रभाव, राग, द्वेष, रोष की अभिव्यक्ति का केन्द्र है। संसद देशकाल का मुख है। सनातन-अधुनातन का मिलन-क्षितिज है। विभिन्न भाषा-भाषी, मत-मजहब आस्था के लोग यहाँ एक जन, एक संस्कृति और एक राष्ट्र के रूप में समवेत होते हैं। जनप्रतिनिधि के नाते वे अपने-अपने क्षेत्रों के दुख-सुख के प्रवक्ता हैं और एकजुट एकात्म भाव से राष्ट्र के गति नियंता। इसीलिए वे मान्यवर हैं, इसी वजह से उन्हें विशेषाधिकार है। उनके हावभाव, रूपरंग से राष्ट्र को अभिव्यक्ति मिलती है। डेढ़ अरब से अधिक भारतजन अपने भविष्य के लिए संसद की तरफ टकटकी लगाए देखते हैं लेकिन संसद उन्हें निराश करती है, हताश करती है, राजनीति के प्रति घृणाभाव देती है।

ये अठारहवीं लोकसभा है। इसके दृश्य लोकतंत्र के लिए डरावने हैं। एक-एक घटना का विवेचन और विश्लेषण इस छोटे से आलेख में रख पाना असंभव है। जान पड़ता है कि सदस्यों के पास अपनी भाषा के मर्यादित शब्दों का अभाव हो गया है। सदस्य अपनी बात चिल्ला कर ही कहते हैं। संसद के भीतर अनुशासन बनाए रखने की समस्या बड़ी है। अध्यक्ष नियंत्रण की कोशिश करते हैं लेकिन कामयाबी नहीं मिलती। संसद के परिसर में भी मर्यादा का संकट है। संसदीय पद्धति के अनुसार पूरे परिसर में अध्यक्ष का नियंत्रण रहता है। सदस्यों ने परिसर का दुरुपयोग कभी नहीं किया लेकिन बीते शुक्रवार को परिसर में जो नौटंकी हुई, उससे सारी दुनिया में देश की बदनामी हुई है। माननीय सदस्यों ने श्रीराम जन्मभूमि के वर्तमान विवाद का स्वांग बनाया है। करोड़ों भारतवासियों की आस्था पर सीधे हमला बोला। संत परंपरा का अपमान किया। एक सांसद ने साधु का वेश बना कर दान लेने और लेकर भाग जाने का नाटक किया। अयोध्या से सांसद ने भी इस ड्रामे में हिस्सा लिया। उन्होंने साधुवेश वाले कथित चोर को दौड़ाया। इसके पहले अनेक सांसदों ने दान देने का नाटक किया। संसद



और संसदीय शिष्टाचार की गरिमा तार-तार हो गई।

राष्ट्र स्तब्ध और सन्न है। संविधान निर्माताओं ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि हमारे सांसद ही भारतीय संस्कृति और परम्परा का अपमान करेंगे। संविधान की मुख्य धारा सांस्कृतिक है। भारतीय संस्कृति एक सतत संगीत है। कह सकते हैं एक वीणा। वीणा के तार संघर्षण से बजते हैं। स्वर से स्वर नहीं आते। बांसुरी में स्वर से स्वर निकलते हैं। तब संगीत आता है। वीणा वाद्य यंत्र है। यहाँ संघर्षण और छेड़खानी ही संगीत देती है। भारतीय संस्कृति एक वीणा है। भारत ने इसीलिए ज्ञान, वाणी और विद्या की देवी सरस्वती के हाथ में वीणा पकड़ाई। वीणा प्रतीक है संघर्षन में संगीत की खोज का। सतत् खोजी, सदा आनन्द अभीप्सु सनातन तार्किक, निरंतर लोकतंत्रीय-भारत की यही प्रकृति संस्कृति कहलाती है। ध्यान रहे व्यक्ति की तरह देश के भी वैशिष्ट्य होते हैं। व्यक्ति के वैशिष्ट्य व्यक्ति का व्यक्तित्व बनते हैं। राष्ट्र के वैशिष्ट्य राष्ट्र का राष्ट्रीयत्व बनते हैं। भारत का वैशिष्ट्य भारत की यही सनातन संस्कृति है। इसीलिए भारतीय राष्ट्र का प्राण संस्कृति है। संविधान की पहली प्रति में सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। यहां भारतीय संस्कृति को सुदृढ़ करने वाले तमाम चित्र हैं। श्रीराम के चित्र उल्लेखनीय हैं। इसी संविधान की शपथ लेकर चुनाव लड़ने वाले माननीय सदस्यों ने श्रीराम की मर्यादा और संसद का अपमान किया है। नेता विरोधी दल सम्माननीय आदर्श संवैधानिक दायित्व होता है। संसदीय व्यवस्था में नेता विरोधी दल प्रतीक्षारत सरकार का मुखिया होता है। संसद की ताजा नौटंकी में उनका भी सम्मिलित होना बहुत त्रासद है। भारत के मन को आहत करने वाला है।

वैसे तो इस घटना ने अनेक प्रश्न उठाए हैं, लेकिन मूलभूत प्रश्न है कि क्या भारतीय धर्म आस्था संस्कृति और समूची भारतीय परंपरा को अपमानित करना संसदीय विशेषाधिकार है। क्या संसद के परिसर में ऐसी आपराधिक घटनाएं रोकी नहीं जा सकतीं? यह संसदीय गरिमा को भी चोट पहुंचाने वाला है। यह संसद के विशेषाधिकार का अवमान है। इस स्वांग पर विशेषाधिकार हनन का प्रश्न उठाया जाना आवश्यक है। संसद के सदस्य माननीय होते हैं। उनसे संविधान के सामान्य ज्ञान की अपेक्षा की जाती है। उनसे संसदीय प्रक्रिया की जानकारी की अपेक्षा स्वाभाविक ही है। संविधान सभा के समापन भाषण में सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा था कि, सदस्यों के लिए कोई न्यूनतम शिक्षा का विचार हमलोग नहीं कर पाए। लोकसभा के 18 चुनाव हो चुके हैं। शिक्षित सदस्यों की संख्या बढ़ी है लेकिन संसदीय मर्यादा और गरिमा घटी है। वे भूल जाते हैं कि संसद के सदस्य होने के कारण उनको सम्मान किया जाता है। जिस संसद की सदस्यता के कारण उनका सम्मान और प्राधिकार बढ़ता है, वे उसी संसद की मर्यादा, गरिमा और महिमा को तार-तार करने में संकोच नहीं करते। वे संसद और परम्परा को अपमानित करने के बाद विजेता की मुद्रा में रहते हैं। प्रधानमंत्री संसदीय सदन का नेता होता है। उसे भी गलियाँ दी जाती हैं। संविधान का मजाक बनाया जाता है। सदस्यों को संसद की गरिमा तार-तार किए जाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। भारत के करोड़ों लोगों की आस्था को अपमानित करने का प्रश्न बड़ा है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# एसपी ने थाना चरखारी का किया निरीक्षण

**जनसुनवाई, कानून व्यवस्था का लिया जायजा**

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**



जनपद के पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा शनिवार को थाना चरखारी का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, भोजनालय सहित थाना परिसर के विभिन्न अनुभागों का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन कर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से क्षेत्र में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु नियमित रूप से बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा साइबर हेल्प डेस्क के माध्यम से पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। आगामी श्रावण मास, कांवड़ यात्रा एवं अन्य त्योहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा करते हुए, संवेदनशील स्थलों एवं प्रमुख मार्गों पर सतर्क निगरानी रखने, प्रभावी पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जुलूस, शोभायात्राओं एवं धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त मुकदमाती मालों के समयबद्ध निस्तारण, थाना परिसर में खड़े मुकदमाती वाहनों को क्रमबद्ध एवं स्पष्ट नंबरिंग के साथ व्यवस्थित रखने, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, स्वच्छता एवं थाना परिसर की समग्र व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे, प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेंद्र प्रताप सिंह, पीआरओ राहुल मिश्रा, कस्बा चौकी प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# थाना कुलपहाड़ पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।**



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र/शराब/गांजा/जुआ की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार के निर्देशन में थाना कुलपहाड़ पुलिस को सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा गठित टीम के उ.नि. हरीशंकर यादव, कां. धीरज कनौजिया व कां. हेमन्त मिश्रा द्वारा बेलाताल रोड से कबूतरा डेरा मुढारी मार्ग पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त शैलेन्द्र राजपूत पुत्र बृजलाल राजपूत, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी ग्राम मुढारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व 1 अदद कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कुलपहाड़ पर मुअसं. 174/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

## खबरें एक नजर में

### उत्तम उद्योग व्यापार मंडल की जिला कमेटी का हुआ विस्तार



**फतेहपुर।** उत्तम उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश फतेहपुर की जिला कमेटी की बैठक रोडवेज बस स्टॉप, जीटी रोड में एक होटल मे संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने की। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से जिला कमेटी का विस्तार भी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी मौजूद रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने जिला उपाध्यक्ष रज्जन साहू, जिला महामंत्री समीर मिश्रा, संगठन मंत्री अभय गुप्ता, दीपक जायसवाल, सक्रिय सदस्य प्रदीप साहू, सक्रिय सदस्य हसन, को बनाया। इस दौरान सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में जिला महामंत्री जय किशन ने कहा कि ष्हमारा संगठन सदैव व्यापारियों के हित में कार्य करता है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। जिला उपाध्यक्ष अनिल महाजन ने कहा कि ष्हमारा लक्ष्य हर छोटे-बड़े व्यापारी को संगठन से जोड़ना है ताकि किसी भी व्यापारी को अपनी समस्याओं का अकेले सामना न करना पड़े। बैठक में प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सलामत अली, संरक्षक श्रवण कुमार दीक्षित, उपाध्यक्ष प्रेम दत्त उमराव, उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह चौहान, सौरभ गुप्ता, संजय सिंह, शिव प्रसाद, कैस अहमद, भंवर सिंह, सौरभ गुप्ता सहित उत्तम उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एचटी लाइन चपेट में आने से झुलसे दो सगे भाई

**कुढौंद।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरसिंगपुर के मजरा माइनर के पास रविवार को खेत पर काम करते समय झूल रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो सगे भाई गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हरसिंगपुर के मजरा निवासी घायल अंशु दीक्षित और उनके भाई दीपू दीक्षित खेत पर कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही नीचे झूलती हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए और करंट लगने से झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिनको प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने विधुत विभाग पर आरोप लगाते हुए बताया कि हमारे गांव में 11हजार की हाई टेंशन लाइन जो बहुत नीची है उसको जल्द ही ऊपर किया जाए।

### सुट्टा प्रधान की माता को दिग्गज जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि



**गुरसरांय, झांसी।** ग्राम प्रधान सुट्टा संजय पटेल की माता की श्रद्धांजलि सभा मे दिग्गज जनप्रतिनिधियों ने आकर श्रद्धांजलि अर्पित की। देर रात तक चले श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिले के कई बड़े राजनैतिक लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि में भाजपा के विधायक जवाहरलाल राजपूत,एम एल सी प्रतिनिधि रमा आर पी निरंजन, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि टीकाराम पटेल, बी डी सी संघ की प्रदेश अध्यक्ष गुड्डी रानी पटेल, पुष्पेंद्र पटेल भड़ोकर,विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण यादव, नेहिल सिंघई , समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव के अलावा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेन्द्र पटेल, पार्षद राकेश पटेल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ विजय निरंजन, अखिलेश तिवारी सुट्टा ,अरुण चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक खुद करेंगे दिसंबर 2026 से एसजी गार्डेन का संचालन



**फ्त्तेहपुर।** एसजी गार्डेन के मालिक पूर्व विधायक अमरनाथ सिंह अनिल अपने आईटीआई रोड स्थित आवास में मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने कहा की एसजी गार्डेन का संचालन जो अब तक दूसरे के हाथ में था अब दिसंबर 2026 में इकरारनामा समाप्त हो रहा है और अब दिसंबर 2026 के बाद वह स्वयं एसजी गार्डेन का संचालन करेंगे। क्योंकि उनके बेटे अब एसजी गार्डेन को देखेंगे। उन्होंने कहा की तमाम जनपद वासियों से उन्होंने अपील किया है कि दिसंबर 2026 के बाद कोई भी एसजी गार्डेन को बुक ना कराये क्योंकि दिसंबर 2026 के बाद इसका संचालन वह स्वयं देखेंगे अन्यथा की स्थिति में बुक करने वाले व्यक्ति की स्वयं की जिम्मेदारी होगी कि उसने एसजी गार्डेन बताने के बाद भी क्यों बुक कराया। इस दौरान उनके लीगल एडवाइजर प्रवीण कुमार द्विवेदी एडवोकेट ने बताया की एसजी गार्डेन का जो संचालन कर रहा है उस व्यक्ति को नोटिस दे दी गई है और अब दिसंबर 2026 को कांटेक्ट भी समाप्त हो रहा है। लिहाजा दिसंबर 2026 के बाद पूर्व विधायक अमरनाथ सिंह अनिल जो की एसजी गार्डेन के मालिक हैं वह स्वयं एसजी गार्डेन का संचालन करेंगे।

# हरिशंकरी पौधारोपण अभियान को लेकर नपा चरखारी में हुई बैठक

**हरिशंकरी केवल पौधारोपण नहीं, जीव जगत से जुड़ा जन अभियान**

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**



जिला प्रशासन महोबा एवं लोकभारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले हरिशंकरी पौधारोपण अभियान की तैयारियों को लेकर शनिवार को नगर पालिका परिषद चरखारी में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभियान को जन-जन तक पहुंचाकर नगर के सभी वार्डों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण करने का संकल्प लिया गया। बैठक का प्रारंभिक उद्बोधन करते हुए नगर संयोजक महंत जुगुल महाराज (जुगुल किशोर द्विवेदी) ने हरिशंकरी वृक्षों के धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हरिशंकरी पौधारोपण केवल वृक्ष लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानवता और समस्त जीव-जगत के अस्तित्व से जुड़ा एक जन-अभियान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पीपल, बरगद और पाकड़ जैसे वृक्ष अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ये न केवल पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान कर मानव स्वास्थ्य की रक्षा भी करते हैं।

उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि 07 अगस्त 2026 को प्रत्येक वार्ड में उत्साहपूर्वक हरिशंकरी पौधारोपण करें तथा पौधों के वृक्ष बनने तक उनके संरक्षण का संकल्प लें। अंत में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा एवं अधिशासी अधिकारी अमरजीत ने सभी का आभार जताया।

बैठक में नगर पालिका के वार्ड सभासदों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, पर्यावरण प्रेमियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में समाजसेवियों की उपस्थिति रही। सभी ने आगामी आयोजित होने वाले हरिशंकरी त्रिदेव पौधारोपण अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का संकल्प लिया।

# लेन-देन की रकम वापसी का दबाव बना जानलेवा

**रकम वापस मांगने पर की गई थी रामप्रकाश की हत्या, दंपती समेत पांच गिरफ्तार**

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**



सदर कोतवाली क्षेत्र में बीते दिनों नशे में धुत्त कर युवक को गोली मारकर हत्या करने की सनसनीखेज घटना का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दंपत्ति समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी अभी फ्त्रार है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 तमंचे, खोखा, जिन्दा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिल, 3 मोबाइल फोन और 1310 रुपये नकद बरामद किए हैं। एएसपी ने किया घटना का खुलासा पुलिस लाइन में घटना का अनावरण करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय व क्षेत्राधिकार नगर गौरव शर्मा ने बताया कि मृतक लक्ष्मी उर्फ रामप्रकाश की हत्या लेन-देन के विवाद के चलते की गई थी। लाखों रुपये वापस मांगने पर मकान मालिक अनिल ने अपनी पत्नी और साथियों के साथ मिलकर किरायेदार की हत्या की साजिश रची। इस तरह फंसा था रामप्रकाश जाल में एएसपी ने बताया कि नवंबर 2024 में मृतक रामप्रकाश ने राधानगर स्थित मकान 75 लाख रुपये में बेचा था। इसमें से 37 लाख रुपये पिता रामसजीवन लेकर बेटी के साथ अलग रहने लगे। 10 लाख रुपये रामप्रकाश ने बेटी रूही के नाम जमा कर दिए। शेष रकम वह अपने पास रखे था। इसी दौरान सदर कोतवाली क्षेत्र के नासिरपीर निवासी आरोपी अनिल, रामप्रकाश और उसके सामान को अपने घर ले आया। अनिल ने रामप्रकाश के साथ ज्वाइंट खाता खुलवाकर लगभग 27 लाख रुपये उसमें जमा करवा दिए। उसी रकम से अनिल ने 8.5 लाख का प्लाट अपनी पत्नी मीना के नाम खरीदा, एक बुलेट बाइक और 5 लाख रुपये दोस्त आरोपी अक्षय उर्फ कृष्ण को कारोबार के लिए दे दिए। धीरे-धीरे खाते की रकम खर्च हो गई। रुपये मांगने पर रची हत्या की साजिश जब रामप्रकाश ने अनिल से रकम वापस मांगनी शुरू की तो आरोपी अनिल ने पत्नी मीना, साढ़ू के लड़के आरोपी शिवा, दोस्त आरोपी ईशु लोधी, दोस्त आरोपी अक्षय और रिश्तेदार आरोपी श्यामा के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। सभी को रुपये का लालच दिया गया। योजना के तहत 29 जुलाई को आरोपी श्यामा ने रामप्रकाश को घर के नीचे बुलाया। इसके बाद आरोपी शिवा और ईशु उसे बाइक से भैरमपुर मार्ग के सुनसान इलाके में ले गए। गिरफ्तार आरोपी और बरामदगी कोतवाल हेमंत कुमार मिश्रा व उनकी टीम वरि. उप निरीक्षक सत्यदेव गौतम, राजकमल यादव, उप निरीक्षक विधान सोनकर, उप निरीक्षक प्रवेश, कांस्टेबल प्रवेंद्र कमार, रामाशीष, म.कां. पल्लवी सिंह, म.कां. वर्षा कुशवाहा, म.कां. हेमा राजा ने रविवार को घटना में शामिल अनिल कुमार, मीना पत्नी अनिल, शिवा लोधी, ईशु लोधी और श्यामा को गिरफ्तार किया है। आरोपी अक्षय उर्फ कृष्ण अभी फ्त्रार है जिसकी तलाश जारी है।

# ताम्बेश्वर मंदिर में लगेगी 50 फिट की विशाल शिव प्रतिमा



**फ्त्तेहपुर।** ताम्बेश्वर मंदिर में श्रावण मास में हर सोमवार बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर दर्शन करते हैं इसीलिए प्रशासन भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करता है। वही मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक करवा रहे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल अपनी पत्नी व परिवार के साथ मौजूद रहे और तामेश्वर बाबा की आरती के बाद मीडिया से रूबरू हुए और कहा कि आज उन्होंने रुद्राभिषेक पर संकल्प लिया है की सिद्ध पीठ ताम्बेश्वर बाबा के मंदिर में 50 फ्ट्टि की विशाल शिव प्रतिमा लगवाएंगे। इसके लिए बृहद योजना बन रही है। फ्त्तेहपुर की सभी 840 ग्राम सभाओं से मिट्टी लाई जाएगी और तमाम लोगों को एकत्रित करके एक बड़ी बैठक करने के बाद यह निर्णय लिया जाएगा कि यह 50 फ्ट्टि की प्रतिमा कब लगवाई जाएगी और इसके लिए कितना समय लगेगा। इस दौरान मंदिर के पुजारी राघवेंद्र शास्त्री ने बताया की मंदिर में श्रावण मास के महीने में बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने आते हैं और जो भी सच्चे मन से यहां पर अपनी मनोकामना पूर्ण करने का वर मांगता है उसकी मनोकामनाएं पूर्ण भी होती हैं। यही कारण है की श्रावण मास के सोमवार के दिन यहां पर भारी तादाद में भीड़ एकत्रित होती है। इस दौरान लाइन में लगकर सुबह से ही भक्त भोले शंकर का जलाभिषेक करते हैं और माथा टेकते हैं।

# बुन्देलखण्ड विवि में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान का शुभारंभ

**पीएमके संदेश से प्रेरित होकर विद्यार्थियों ने लिया संकल्प**



**झांसी।** युवा शक्ति को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखकर स्वस्थ, जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माय भारत के अंतर्गत संचालित नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान का शुभारंभ रविवार को विश्वविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने की। मुख्य अतिथि कुलसचिव ज्ञानेंद्र कुमार रहे, जबकि वित्ताधिकारी प्रमोद कुमार विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारीगण, विभिन्न शिक्षण विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में युवाओं से नशे के विरुद्ध जन-जागरण का नेतृत्व करने तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उद्बोधन के उपरांत उपस्थित सभी अधिकारियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने नशा मुक्त भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके युवा होते हैं और यदि युवा नशे जैसी प्रवृत्तियों से प्रभावित हो जाएँ तो उसका प्रतिकूल प्रभाव समाज और राष्ट्र, दोनों के भविष्य पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल ज्ञान प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों के विकास का भी सशक्त माध्यम है। मुख्य अतिथि कुलसचिव ज्ञानेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. मुन्ना तिवारी, प्रो. सुनील कुमार काबिया एवं डॉ. श्वेता पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता पाण्डेय ने किया तथा अंत में प्रो. मुन्ना तिवारी ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, हृष्टष्ट के कैडेट्स एवं हृस्स के स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम डॉ ममता सिंह, डॉ शुभांगी निगम, डॉ संतोष पाण्डेय, डॉ कपिल शर्मा, डॉ अजय कुमार गुप्ता, डॉ रानी शर्मा, डॉ अंकिता शर्मा, डॉ ब्रजेश कुमार, डॉ सुनीता, डॉ संतोष कुमार आदि ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# संत रविदास की 650वीं जयंती पर पावन मिट्टी लेकर पहुंची कलश रथ यात्रा, हुआ स्वागत

**समृद्धि न्यूज, उरई।**



संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के तहत वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर धाम से लाई गई पावन मिट्टी की कलश रथ यात्रा रविवार को जालौन पहुंची।

उरई में यात्रा का श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। झांसी रोड स्थित गुरु रविदास मंदिर में आयोजित स्वागत समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री भानुप्रताप वर्मा और सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का अभिनंदन किया। इस दौरान गुरु रविदास महाराज की जय के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

अभियान के संयोजक डॉ. विनोद अहिरवार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास महाराज ने समाज को समरसता, समानता, सद्भाव और मानवता का संदेश दिया था। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और सामाजिक समरसता स्थापित करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने बताया कि पावन कलशों को जालौन जिले के सभी पांच मंडलों में ले जाया जाएगा। इसके बाद गांवों में स्थित संत रविदास महाराज के मंदिरों में उनकी स्थापना की जाएगी, ताकि उनके विचार जन-जन तक पहुंच सकें। कार्यक्रम में शंभूदयाल अहिरवार, प्रवेन्द्र अहिरवार, जितेंद्र अहिरवार 'काजू', जयप्रकाश गौतम 'जेपी', राजेंद्र शर्मा, अनीता कठेरिया, शीतल सेंगर, मंजू रानी, महेश चौधरी, गरिमा पाठक सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मिस्टर एंड मिस, मिसेज व किड्स फेम इंडिया 2026 और 'टैलेंट वॉर सीजन-14' का हुआ ऑडिशन

**समृद्धि न्यूज, उरई।**



शहर की प्रतिभाओं को बड़ा मंच देने के उद्देश्य से रुपस्नात्रज प्रोडक्शंस के तत्वावधान में रविवार को राठ रोड स्थित विजय विक्रम उत्सव ग्रह में 'मिस्टर एंड मिस, मिसेज एवं किड्स फेम इंडिया 2026' तथा 'टैलेंट वॉर सीजन-14' का भव्य ऑडिशन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मॉडलिंग, डांसिंग और सिंगिंग के क्षेत्र में बच्चे, युवा और वयस्कों ने उत्साह के साथ भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि ऑडिशन के लिए कोई आयु सीमा नहीं रखी गई थी, जिससे हर वर्ग के प्रतिभागियों को अपनी कला दिखाने का अवसर मिला। प्रतिभागियों का मूल्यांकन करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ जज मौजूद रहे। मॉडलिंग जज विकी डीकोस्टा, सिंगिंग जज नवीन गुलशन और शीलू चौहान, डांसिंग जज नटराज और प्रदीप यादव ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों को परखा। कालपी की प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट एकता वर्मा भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। आयोजकों ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली कलाकारों को पहचान दिलाना और उन्हें आगे बढ़ने का मंच देना है। ऑडिशन में चयनित प्रतिभागियों को आगामी राउंड में प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। ऑडिशन को लेकर शहर और आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक भी अपने बच्चों के साथ पहुंचे। आयोजकों के अनुसार ऑनलाइन ऑडिशन पहले से ही शुरू हैं और इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रोफाइल भेजकर भी इसमें शामिल हो सकते हैं।

# बीआईईटी झांसी में नशा मुक्ति अभियान: छात्रों ने निकाली रैली और लिया संकल्प



**झांसी।** बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (BIET) के प्रांगण में निर्देशक प्रोफेसर जितेंद्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आज नशा मुक्ति अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम और रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के प्रशासनिक भवन से मुख्य द्वार तक एक भव्य जागरूकता रैली निकालकर की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर नारे लगाए तथा आमजन को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इसमें उपस्थित सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और स्वस्थ तथा नशामुक्त समाज से ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के संकल्प के साथ हुआ।

# भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान भगवान से बड़ा: ओम नारायण मिश्रा

**राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने मनाया गुरु वंदन एवं शिक्षक जागरण अभियान**

**समृद्धि न्यूज, उरई।**



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ऐडेड संवर्ग द्वारा शनिवार को होटल संचिता पैलेस, रोडवेज बस स्टैंड के पास 'गुरु वंदन व शिक्षक जागरण अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षक सम्मान के साथ शिक्षा में संस्कार और राष्ट्रीयता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजा राम व्यास ने की। मुख्य वक्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झांसी विभाग के सह विभाग संचालक ओम नारायण मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से भी बड़ा स्थान प्राप्त है। वेद-उपनिषद में कहा गया है कि गुरु ही हमें देव ऋण, पितृ ऋण और ऋषि ऋण का बोध कराते हैं। प्राचार्य गांधी महाविद्यालय डॉ. अजय कुमार सक्सेना ने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा केवल शिक्षा नहीं, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की नींव है। वशिष्ठ-राम, द्रोण-अर्जुन, चाणक्य-चंद्रगुप्त और समर्थ रामदास-शिवाजी के उदाहरण देकर उन्होंने बताया कि एक गुरु पूरे राष्ट्र का भविष्य गढ़ता है। प्रो. सुरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि आज एआई और इंटरनेट के युग में भी तकनीक गुरु का स्थान नहीं ले सकती। पुस्तकें जानकारी दे सकती हैं, पर चरित्र, विवेक और मूल्य केवल शिक्षक ही दे सकते हैं। जिलाध्यक्ष उपेंद्र प्रजापति ने शैक्षिक गुणवत्ता में शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला। अरविंद कुमार स्वर्णकार ने कहा कि शिक्षकों के साथ हो रहे भेदभाव को दूर किया जाए। उन्होंने केंद्रीय शिक्षकों के समान अर्जित अवकाश, प्रतिकर अवकाश और अध्ययन अवकाश की मांग रखी। गुरु पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक शिक्षक जागरण अभियान' चलाने की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। मंच संचालन डॉ. भूपेंद्र कुमार त्रिपाठी और अरविंद कुमार स्वर्णकार ने किया। अंत में शिक्षकों ने संकल्प लिया कि वे शिक्षा को संस्कार और राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाएंगे।कार्यक्रम में शिवमजी, कार्तिक जी, आई.एम. दुबे, डॉ. अरुणेश बाजपेयी, उपेंद्र शर्मा, सीमा सिंह, अनिल बाथम, मनोज बाथम, अमित बिश्नोई सहित करीब 200 शिक्षक उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन अरविंद स्वर्णकार ने सभी का आभार जताया।

# ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत लायंस क्लब मिड टाउन ने किया वृक्षारोपण

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लायंस क्लब सुलतानपुर मिड टाउन की ओर से ग्राम हसनपुर स्थित महावीरन मंदिर परिसर में रविवार को बृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान के तहत किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन प्रमोद पुरी के नेतृत्व एवं ग्राम प्रधान इंद्र कुमार तिवारी के संरक्षण में क्लब सदस्यों और ग्रामीणों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, हरित भारत के निर्माण और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने का संदेश दिया। कार्यक्रम में राकेश पालीवाल, सुधांशु श्रीवास्तव, रमा श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अंजली श्रीवास्तव, डॉ. बी.पी. सिंह, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. एस.के. गोयल, डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय, परविंदर भालोटिया, डॉ. डी.एस. मिश्रा, अयांश पुरी, अरुण द्विवेदी, जगदंबा प्रसाद पाण्डेय, उदय प्रकाश जायसवाल, महेश दत्त तिवारी, सुनील धुरिया, अधिवक्ता अतुल कुमार तिवारी, पिंकू निषाद, प्रकाश निषाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



वृक्षारोपण करते लायंस क्लब के पदाधिकारी

# दिल्ली में सम्मानित हुआ गोमती मित्र मंडल

▸ साप्ताहिक श्रमदान में जताई खुशी

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।**

गोमती मित्र मंडल को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में किए जा रहे जनसेवा कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में स्वर संसार वेलफेयर एंड कल्चरल सोसायटी एवं सोशल ट्रांसफॉरमेशन फाउंडेशन, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में मंडल को ‘महाकुंभ अमृत सम्मान-2025’ प्रदान किया गया। गोमती मित्र मंडल की ओर से संस्थापक पदाधिकारी अजय प्रताप सिंह ने सम्मान ग्रहण किया। रविवार को साप्ताहिक श्रमदान के दौरान मंडल के सदस्यों ने इस उपलब्धि पर एक-दूसरे को बधाई दी और मां गोमती के समक्ष सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। सुबह छह से नौ बजे तक चले श्रमदान में गोमती तट, परिसर, श्राद्ध स्थल और सीता उपवन की साफ-सफाई की गई तथा सायंकाल होने वाली मां गोमती की आरती की तैयारियां भी की गईं। श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, प्रदेश प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी, युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सप्ताहिक श्रमदान करते गोमती मित्र मंडल के सदस्य

## नवागत सीआरओ ने कार्यभार किया ग्रहण



**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।** जनपद के नवागत मुख्य राजस्व अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने रविवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। पूर्व सीआरओ बाबू राम के सेवानिवृत होने के बाद यह पद काफी दिनों से रिक्त चल रहा था।पदभार संभालने के बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और राजस्व प्रशासन से जुड़े कार्यों की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व मामलों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# अयोध्या चढ़ावा विवाद पर कांग्रेस का भाजपा पर हमला

▸ पारदर्शिता की उठाई मांग

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

अयोध्या में भगवान श्रीराम के नाम पर कथित चढ़ावा एवं वित्तीय अनियमितताओं के मुद्दे को लेकर सियासत तेज हो गई है। जिला कांग्रेस कमेटी सुलतानपुर ने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव द्वारा संसद परिसर में किए गए विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने रविवार को जारी बयान में कहा कि यदि भगवान श्रीराम के नाम पर एकत्र धन को लेकर कोई जनप्रतिनिधि पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करता है तो उसका उत्तर तथ्यों के आधार पर दिया जाना चाहिए, न कि मुकदमे दर्ज कराकर विरोध की आवाज को दबाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा धर्म और आस्था का राजनीतिक उपयोग करती है तथा सवाल उठाने वालों को निशाना बनाती है। राणा ने कहा कि लोकतंत्र में प्रश्न पूछना अपराध नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। उन्होंने वाराणसी में सांसद पप्पू यादव और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध दर्ज मुकदमों की भी आलोचना करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा अन्याय और दमन के विरुद्ध लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाती रहेगी।



अभिषेक राणा जिलाध्यक्ष कांग्रेस

## गांजा के साथ बाप-बेटा गिरफ्तार, बाइक सीज

**समृद्धि न्यूज़, लंभुआ, सुलतानपुर।** लम्भुआ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 2.278 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ बाप-बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं, जबकि प्रयुक्त बाइक को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया।

# दूसरे दिन भी नहीं मिला नदी में कूदा युवक

**समृद्धि न्यूज़, कुड़वार सुल्तानपुर।**

शनिवार को हलियापुर सुल्तानपुर मार्ग के कुड़वार गोमती नदी पुल पर चप्पल रखकर कूदे युवक का दूसरे दिन भी अता पता नहीं चल सका। युवक के भाई ने थाने पहुंचकर चप्पल की उसके भाई के चप्पल के रूप में की। बता दे कि शनिवार को स्थानीय गोमती नदी पुल पर चप्पल रखकर युवक ने नदी में छलांग लगा दी थी।जिसकी सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से फैली तो बल्दीराय थाना क्षेत्र के वलीपुर मोमिनपुर गांव निवासी मो साहिल(20)पुत्र मो सफी के भाई ने स्थानीय थाने पहुंचकर जानकारी की।तो जो चप्पल नदी के पुल पर मिली थी उसके भाई साहिल की ही थी।उसने बताया कि शनिवार को उसका भाई बिना कुछ बताए ही घर से निकला था। घर में किसी तरह का वाद विवाद भी नहीं हुआ था। साहिल अपने बड़े भाई के साथ मुंबई में रहकर नौकरी करता था। दोनो भाइयों को सोमवार को मुंबई जाना था।उसके पिता की तीन साल पहले मौत हो चुकी है।घर पर उसकी मां मोमिना बड़े बेटे की बहू के साथ रहती है।घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।प्रभारी निरीक्षक प्रवीण यादव ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश की जा रही है। एसडीआरएफ टीम कही सर्च अभियान चला रहा है जल्द ही एसडीआरएफ टीम पहुंचने की उम्मीद है।



# मिशन ज्ञानदीप का 40वां सप्ताह पूरा

▸ 100 से अधिक बच्चों को मिल रही नि:शुल्क शिक्षा

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।**

घर सुलतानपुर फाउंडेशन द्वारा संचालित ‘मिशन ज्ञानदीप’ अभियान 40वें सप्ताह में पहुंच गया है। बल्लीपुर की निषाद बस्ती में प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाली इस पहल के तहत 100 से अधिक बच्चों को निःशुल्क गणित, अंग्रेज़ी, हिंदी, नैतिक शिक्षा एवं कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। फाउंडेशन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ डिजिटल साक्षरता से जोड़ना है। कंप्यूटर प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को तकनीकी जानकारी और भविष्य की प्रतिस्पर्धी दुनिया के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने का अवसर मिल रहा है। शिक्षकों ने पढ़ाई के साथ बच्चों को अनुशासन, अच्छे संस्कार, आत्मविश्वास, समय के सदुपयोग और सकारात्मक सोच का महत्व भी बताया। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि मिशन ज्ञानदीप सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक प्रयास है, जिसे आगे और व्यापक बनाया जाएगा। अभियान में स्वयंसेवक राघवेंद्र सिंह, सचिन सिंह, सिद्धार्थ सिंह, अरुण मिश्रा और अदनान हमजा ने बच्चों को विभिन्न विषयों की कक्षाएं संचालित कर उनका उत्साहवर्धन किया।



बच्चों को शिक्षा देते घर फाउंडेशन के सदस्य

## खबरें एक नजर में

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पिकअप पलटी, एक की मौत

**सुलतानपुर।** अखंडनगर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किमी 178.1 पर रविवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से खेती-किसानी की दवा लदी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सीतापुर निवासी सरफुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सलमान अली गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस और कादीपुर फायर स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची। पिकअप के केबिन में चालक और मृतक फंसे हुए थे। फायर कर्मी यशवंत यादव, राम आधार पटेल और विकास यादव ने कड़ी मशक्कत कर वाहन को काटकर दोनों को बाहर निकाला। घायल चालक को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया, जबकि सरफुद्दीन को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना देकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण अज्ञात वाहन की टक्कर बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश में जुटी है।

### स्पीड ब्रेकर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**सुलतानपुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के रामगंज राजबहा नहर पटरी मार्ग पर कथित अवैध स्पीड ब्रेकर से टकराकर बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार नरहरपुर गांव निवासी रामगोपाल का पुत्र धर्मेंद्र कुमार शनिवार शाम धर्मगंज बाजार गया था। वापस लौटते समय रामगंज राजबहा नहर पटरी पर एक ईंट-भट्ठे के पास बने कथित अवैध स्पीड ब्रेकर से उसकी बुलेट बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर उछल गई और धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैयाँ ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर बनी रही। रविवार सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक दो भाइयों में छोटा था। उसके पिता खेती-किसानी करते हैं। रविवार दोपहर परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाली देहात प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



फाइल फोटो मृतक धर्मेंद्र

### सगी बहने लापता, जांच में जुटी पुलिस

**कुड़वार सुल्तानपुर।** दो दिन पूर्व मंदिर जाने के बहाने निकली दो सगी बहने घर नहीं लौटी तो पिता ने खोजबीन शुरू की।लेकिन कही पता नहीं चल सका।थकहारकर पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है।गांव निवासी दो सगी बहने 14 वर्षीय व 18 वर्षीय घर से शुक्रवार को दिन में मंदिर जाने के बहाने के निकली थी।पिता का आरोप है कि उनके साथ गांव की एक किशोरी भी थी।तीनों मंदिर से नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की।गांव की किशोरी तो शुक्रवार देर शाम तक घर वापस आ गई।लेकिन दोनों सगी बहने वापस नहीं लौटी।बेटियों के पिता ने शनिवार को खोजबीन की लेकिन कही भी पता नहीं चल सका।जिस मंदिर पर जाने की बात कहने को घर से निकली थी उस मंदिर के सीसीटीवी फुटेज में भी दोनो लड़कियां नहीं आई है।

# बीमारी से जूझ रही युवती ने फंदे से लटककर दी जान

**नवंबर में होनी थी शादी, देहात कोतवाली क्षेत्र के रामपुर हनुमानगंज गांव की घटना**

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के रामपुर हनुमानगंज गांव में शनिवार शाम एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर मौत हो जाने से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान कोमल (23) पुत्री हरि मंगल के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि उसकी शादी आगामी नवंबर माह में तय थी, लेकिन वह काफी समय से पेट की गंभीर बीमारी से परेशान थी। हाल ही में उसका अल्ट्रासाउंड सहित अन्य चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया गया था। बीमारी के कारण वह मानसिक तनाव में रहने लगी थी। बताया जाता है कि शनिवार शाम घर के अन्य सदस्य अलग-अलग कार्यों से बाहर थे। पिता मजदूरी पर गए थे, मां रिश्तेदारी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं, जबकि छोटे भाई को वह बाजार भेज चुकी थी। इसी दौरान घर में अकेली रह गई कोमल ने कमरे के अंदर फंदा लगाकर जान दे दी।

कुछ देर बाद खेलकर लौटी उसकी छोटी बहन ने उसे लटका देखा और शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे।

घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।



## नशामुक्त को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** लालगंज नगर स्थित सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय लालगंज में शनिवार को नशामुक्त युवा विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों को नशामुक्त हेतु सामूहिक शपथ दिलायी गयी तथा नशा के दुष्प्रभावों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आनलाइन उद्बोधन को सुनाया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों व शिविरार्थियों को नशामुक्त जागरूकता रैली निकाली। रैली व नुक्कड़ नाटकों के जरिये युवाओं को नशा के प्रति जागरूक किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान, राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत प्रस्तुत कर शिविरार्थियों ने मंत्रमुग्ध किया। शिविरार्थी मनु, नेहा, दिव्यांशी आदि की प्रस्तुतियां खूब सराही गयी।

# हाईवे पर छिनैती से हड़कंप: बातचीत के बहाने कार सवारों ने युवक को छला

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर दिनदहाड़े हुई बाइक छिनैती की वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बेखौफ कार सवार युवकों ने सरेराह इस घटना को अंजाम देकर पुलिस गश्त की दावों पर सवालिया निशान लगा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली देहात क्षेत्र के श्रीनाथपुर निवासी सूरज मिश्रा उर्फ सोनू पुत्र राजेश मिश्रा हाईवे से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक कार में सवार युवकों ने उन्हें रोक लिया और आत्मीयता जताते हुए कंधे पर हाथ रखकर बातचीत करने लगे। जब तक पीड़ित कुछ समझ पाता, तब तक कार से उतरे एक अन्य बदमाश ने उनकी बाइक पर कब्जा जमाया और उसे लेकर रफूचक्कर हो गया। पीड़ित शोर मचाते हुए बदमाश के पीछे भागा, लेकिन आरोपी तेजी से ओझल हो गया। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही कोतवाली देहात एसओ पुष्पराज सिंह, दरोगा विनोद कुमार और चौकी इंचार्ज अतुल यादव हमराही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। लगातार हो रही चोरी व छिनैती की घटनाओं से क्षेत्रीय लोगों में भारी दहशत का माहौल है। मामले के संबंध में चौकी इंचार्ज अतुल यादव ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला बैंक फाइनेंस रिकवरी से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। उक्त बाइक एचडीबी बैंक से फाइनेंस कराई गई थी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से घटना की सघन जांच कर रही है।

# कानूपुर सड़क जाम व पुलिस पर हमले के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** सड़क दुर्घटना के बाद प्रतापगढ़-लालगोपालगंज मार्ग पर शव रखकर चक्का जाम करने, आपातकालीन 108 एम्बुलेंस को रोकने और पुलिस टीम के साथ अभद्रता व राजकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में थाना जेठवारा पुलिस ने दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को उपनिरीक्षक अरुण मौर्या की टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर ग्राम कानूपुर से दोनों आरोपियों को पकड़ा।

घटना बीते 31 जुलाई की है, जब कानूपुर गांव में सड़क दुर्घटना में रामाश्रय विश्वकर्मा की मौत हो गई थी। इसके बाद उग्र ग्रामीणों और असामाजिक तत्वों ने शव को सड़क पर रखकर आवागमन पूरी तरह ठप कर दिया था। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जब यातायात बहाल कराने का प्रयास किया, तो भीड़ में शामिल लोगों ने पुलिस बल के साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई की कोशिश की। मामले में पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं, 7 सीएलए एक्ट और लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा (मु0अ0सं0 242/2026) दर्ज किया था। गिरफ्तार अभियुक्तों में रामसिंह (50 वर्ष) और अशोक कुमार विश्वकर्मा (36 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम कानूपुर, थाना जेठवारा शामिल हैं।

# हत्या का आरोपी फरार, अंतू पुलिस ने घर पर चस्पा किया नोटिस

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।**

अंतू थाना क्षेत्र के ग्राम बघुमार में मजदूरी के विवाद में हुई हत्या के मामले में वांछित आरोपी पर शिकंजा कसते हुए पुलिस अधीक्षक ने 25,000 का इनाम घोषित किया है। इसके साथ ही विधिक प्रक्रिया के तहत पुलिस ने फरार आरोपी के घर पर नोटिस भी चस्पा कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 4 जुलाई को बघुमार गांव में मजदूरी के लेन-देन को लेकर हुए विवाद के दौरान राममिलन गुप्ता पर क्रिकेट बैट से जानलेवा हमला कर उनकी हत्या कर दी गई थी। इस संदर्भ में अंतू थाने में मुकदमा अपराध संख्या 169/2026, धारा 103 (1) बीएनएस के तहत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था।

प्रकरण की कार्रवाई करते हुए पुलिस मुख्य आरोपी रामराज हरिजन को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है और घटना में प्रयुक्त टूटा हुआ लकड़ी का बैट भी बरामद कर चुकी है। हालांकि, नामजद आरोपी राजू मुसहर पुत्र जमुना (निवासी जैतीपुर कठार, थाना अंतू) घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा है।

थाना प्रभारी अंतू अभिषेक सिरोही की आख्या पर कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने फरार राजू मुसहर पर 25,000 का पुरस्कार घोषित किया है। आरोपी की संपत्ति कुर्की की कार्रवाई के तहत न्यायालय के आदेश से उसके आवास पर नोटिस चस्पा कराया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।



आरोपी के घर नोटिस चस्पा करती पुलिस

## बोलबम के जयघोष के बीच कांवड़िया श्रद्धालुओं का बाबा घुइसरनाथ धाम में शुरू हुआ समागम

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** श्रावण माह के पहले सोमवार को लेकर रविवार से ही कांवड़िया श्रद्धालुओं का बाबा घुइसरनाथ धाम में जमावड़ा शुरू हो गया दिखा।

वहीं कांवड़ यात्रा को लेकर जगह जगह स्थानीय प्रशासन को भी मुस्तैद देखा गया। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में जिले के मानिकपुर गंगा घाट से ज्यादातर कांवड़िया जलाभिषेक को पहुंच रहे हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर रविवार की शाम बाबा धाम के मार्ग पर हर हर महादेव व बोल बम का जयघोष गूंज उठा दिखा।

बाबा धाम में विभिन्न शेड़ों में श्रद्धालुओं को कांवड़ के साथ विश्राम करते हुए देखा गया।

## सावन में शिवभक्त कांवरियों का स्वागत, अंगवस्त्र व फलाहार वितरित

**समृद्धि न्यूज़, अमेठी।** पवित्र सावन माह के अवसर पर रविवार को समाजसेवी अमरेंद्र सिंह ‘पिन्टू’ ने कांवर यात्रा पर निकले शिवभक्त कांवरियों का स्वागत एवं सत्कार किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा उनकी सुविधा के लिए फलाहार, पेयजल और अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया। अमरेंद्र सिंह ने कहा कि सावन माह में भगवान शिव के भक्तों की सेवा करना सौभाग्य की बात है। कांवरियों के उत्साह, श्रद्धा और भक्ति भाव से समाज को सकारात्मक ऊर्जा एवं प्रेरणा मिलती है। उन्होंने श्रद्धालुओं की यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिया। कार्यक्रम के दौरान भगवान भोलेनाथ से सभी शिवभक्तों की कांवर यात्रा के सफल एवं निर्विघ्न संपन्न होने की कामना की गई।

साथ ही क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने भी सेवा कार्य में सहयोग किया और श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया।



# नौकरी के नाम पर 61 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।**

फर्जी नियुक्ति पत्र और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दर्जनों अभ्यर्थियों से लाखों रुपये ठगने वाले वांछित आरोपी को आसपुर देवसरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पुलिस अग्रिम कानूनी कार्रवाई में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम फतूपुर निवासी सत्यानन्द ओझा की तहरीर पर थाना आसपुर देवसरा में नारायणदास पाण्डेय और सुनील कुमार पाण्डेय के खिलाफ धोखाधड़ी (मु0अ0सं0 105/2026 धारा 420/467/468/471 भादवि) का मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने यशोदानंदन माध्यमिक विद्यालय में लिपिक और चपरासी के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर अभ्यर्थियों को फर्जी शासनादेश व नियुक्ति पत्र दिए और करीब 61 लाख रुपये की ठगी की।

एसपी प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देशन, एएसपी (पूर्वी) आलोक कुमार और सीओ पट्टी प्रदीप सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी राकेश चौरसिया की अगुवाई वाली टीम आरोपियों की तलाश कर रही थी। शनिवार देर रात (01 अगस्त) करीब 9:20 बजे उपनिरीक्षक संजय कुमार और कांस्टेबल तेजबहादुर ने मुखबिर की सूचना पर पट्टी-रेडीगारा मार्ग स्थित भोपालपुर मोड़ से वांछित आरोपी नारायणदास पाण्डेय (66) निवासी ग्राम गंधियावा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी नारायणदास पाण्डेय शातिर किस्म का अपराधी है और उसके खिलाफ आसपुर देवसरा थाने में धोखाधड़ी व मारपीट समेत पहले से भी तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस दूसरे नामजद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।



पुलिस की हिरासत में आरोपी

## बहू-बेटी सम्मेलन व जागरुकता बैठक का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन मजनू एवं मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना बछरावां पुलिस टीम ने ग्राम टोडरपुर एवं ग्राम कन्नावा में बहू-बेटी सम्मेलनों तथा जागरूकता बैठकों का आयोजन किया। इन सम्मेलनों में गाँव की महिलाओं, बहु-बेटियों के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम प्रधान एवं स्थानीय संभ्रांत नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा या छेड़छाड़/असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध निडर होकर आवाज उठाने हेतु प्रेरित किया।

## कालिकन धाम में यात्री निवास भवन निर्माण का शुभारंभ



**समृद्धि न्यूज़, संग्रामपुर (अमेठी)।**

पवित्र कालिकन धाम में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए रविवार को लगभग 1.47 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले यात्री निवास भवन का भूमि पूजन किया गया। उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य पं. गोविंद नारायण शुक्ला (राजा बाबू) ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। मां कालिका मंदिर के उत्तरी हिस्से में प्रस्तावित भवन का भूमि पूजन पीठाधीश्वर श्री महाराज की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस दौरान एमएलसी ने फावड़े से खुदाई कर निर्माण की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में भाजपा नेता काशी तिवारी, सदाशिव पांडेय, देव प्रकाश पांडेय, राजेश शुक्ला समेत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

# सामूहिक रूप से पीएम के लाइव संबोधन का कराया अवलोकन

- युवाओं को नशामुक्त जीवन के प्रति किया जागरूक
- सभी ने नशा मुक्ति की शपथ ली



**समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद।** ब्लॉक क्षेत्र के डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी तथा अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत- संकल्प अभियान' के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अनौगी महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवाओं के नाम प्रसारित लाइव संबोधन का सामूहिक रूप से अवलोकन कराया गया। प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान के तहत युवाओं को नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूक करने और उनकी सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां निरंतर संचालित की जाएंगी। अविका डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' तथा योग शिक्षक डॉ. अभिषेक शेखर के निर्देशन में सामूहिक योगाभ्यास से हुआ। प्राचार्य हरिओम प्रजापति ने कहा कि किसी भी वस्तु या आदत का असंतुलित प्रयोग नशे का रूप ले लेता है, जिससे व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद छात्र- छात्राओं और स्टाफ ने नशा मुक्ति की शपथ ली। कार्यक्रम में डॉ. पल्लवी यादव, दुर्गेश शर्मा सहित शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## 18 शिक्षण संस्थानों में गूंजा नशा मुक्त युवा-विकसित भारत का संकल्प

**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत (MY Bharat) द्वारा शनिवार को जनपद के 18 शिक्षण संस्थानों में 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया, जिसमें हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। मुख्य कार्यक्रम एस.एम.सी.एम. पब्लिक इंटर कॉलेज, टडारायपुर में आयोजित हुआ। जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी ने युवाओं से नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए युवाओं का स्वस्थ और नशामुक्त होना आवश्यक है।

# हरियाली तीज पर मनाया जाएगा महिला स्नेह मिलन समारोह

- हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में होगा आयोजन



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

इस वर्ष हरियाली तीज का त्योहार महिला स्नेह मिलन समारोह के रूप में बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया जाएगा। नगर पालिका सभागार में आयोजित तैयारी बैठक में विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने बताया कि इस बार आयोजन दिव्य एवं भव्य स्वरूप में हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज के पीछे मैदान में 15 अगस्त को दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक होगा। उन्होंने कहा स्वागत के बाद विभिन्न सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पिछले वर्ष यह कार्यक्रम 27 जुलाई को गंगेश्वर वाटिका में हुआ था, लेकिन जगह कम पड़ गई थी। इसी कारण इस बार बड़ी जगह का चयन किया गया है। बैठक में बूथ एवं मोहल्ला स्तर पर जिम्मेदारियां तय की गईं। सभी महिलाओं से अनुरोध किया गया कि वे अपने परिवार की बहुओं को भी साथ लाएं। उन्होंने कहा इस आयोजन में छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र की लगभग 10 हजार महिलाओं को आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक में अधिक से अधिक महिलाओं को साथ लाने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई।

# एक्सप्रेसवे पर कंटेनर से टकराई एंबुलेंस, चालक की मौत

**समृद्धि न्यूज़, तिर्वा/कन्नौज।**




लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर तिर्वा कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात मरीज को लेकर वाराणसी जा रही एंबुलेंस आगे चल रहे कंटेनर से टकरा गई। हादसे में एंबुलेंस चालक 47 वर्षीय राजेश सिंह की मौत हो गई, जबकि मरीज, फार्मासिस्ट समेत चार अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को यूपीडा और पुलिस की मदद से मेडिकल कॉलेज तिर्वा भेजा गया, जहां चालक को मृत घोषित कर दिया गया।

बताया गया कि एंबुलेंस हरियाणा के मेदांता अस्पताल से रेफर मरीज को लेकर वाराणसी जा रही थी। रात करीब 11:45 बजे 192 किलोमीटर प्वाइंट पर हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में चालक को झपकी आने से दुर्घटना होने की आशंका जताई गई है।

# महारास नृत्य नहीं, बल्कि जीवात्मा-परमात्मा के मिलन का है प्रतीक

- महारास उत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**





नगर की आवास विकास कालोनी स्थित पं.रामप्रकाश त्रिपाठी पार्क में श्रीराधा चरितामृतम का वर्णन श्रीराधा धाम बरसाने से आए श्रीशरणजी महाराज के द्वारा किया जा रहा है। रविवार को महारास उत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के दिव्य महारास की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि महारास केवल नृत्य नहीं, बल्कि जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। इसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल राधे-राधे तथा जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। बरसाना धाम के श्रीशरणजी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने शरद पूर्णिमा की पावन रात्रि में गोपियों के साथ महारास रचाकर भक्ति, प्रेम और समर्पण का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि सच्चा भक्त वही है, जो अपने जीवन में अहंकार का त्याग कर प्रभु के चरणों में पूर्ण श्रद्धा और विश्वास रखे। महारास की कथा के दौरान भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराधा-कृष्ण की आरती में भाग लेकर सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की। आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा सभी के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की। बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने कथा में सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। महारास उत्सव की मनोहारी झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही और देर शाम तक भक्तों का आगमन जारी रहा।

# धर्म भले ही अलग-अलग, लेकिन परमात्मा सबका एक है : रिंकी यादव

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**



नगर के पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में महात्मा रिंकी यादव ने अपने प्रवचन में कहा इंसान मोक्ष पाने के लिए कर्मकांडों को करता रहता है। परमात्मा को पाने के लिए पूजा पाठ करता है, दान पुण्य करता है लेकिन वह नहीं जानता कि परमात्मा सबका एक है, भले ही धर्म अलग-अलग है। उन्होंने कहा जब तक इंसान स्वयं को सतगुरु के चरणों में समर्पित नहीं करता, वह भ्रम में रहता है। उसको कभी भी मोक्ष प्राप्त नहीं होता। सतगुरु निराकार की जीती जागती मूर्ति है जो इंसानों को भ्रमों से निकालता है। निरंकारी मिशन आत्मकल्याण का मिशन है जो आत्मा को मोक्ष देता है। यह मुक्ति का मार्ग है। मनुष्य को मुक्ति का केंद्र माना गया है क्योंकि इसमें आकर आत्मा चैतन्य अवस्था में विचरती है। पारब्रह्म से जुड़ने पर जीवन में आपको सुख भी मिलेगा व शांति भी मिलेगी। सतगुरु की कृपा से यह सब प्राप्त होता है। महात्मा शशि वर्मा के संचालन में हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी अपने भजनों व प्रवचनों से संगत को निहाल किया।

# खबरें एक नजर में

## जहरखुरानों ने युवक से लूटी नगदी-मोबाइल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** रोडवेज बस में यात्रा के दौरान एक युवक जहरखुरानी का शिकार हो गया। जहरखुरानों ने युवक को बेहोश कर हजारों की नगदी और दो मोबाइल लूट लिए। बेहोशी की हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी पर युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। ग्राम पंचायत खुबरियापुर के मजरा नगला भौसे गांव निवासी जसकरन राजपूत का बेटा गौरव राजपूत दिल्ली में किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। वह शनिवार की देर शाम रोडवेज बस से वापस अपने गांव लौट रहा था। तभी रास्ते में वह जहरखुरानी का शिकार हो गया। बेहोशी की हालत में रोडवेज बस कंडक्टर उसे तालग्राम तिराहा के पास उतार कर चला गया। सड़क किनारे बेहोश पड़े युवक को देख वहां लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद दोपहर बाद होश में आए युवक ने बताया कि जहरखुरान उससे 25 हजार रूपये की नगदी और दो मोबाइल लूट ले गए। जानकारी पर युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने बैग का तलाशी ली, जिसमें एक बैग तो गौरव का जबकि दूसरा बैग किसी अन्य महिला का था, जिसमें कुछ कपड़ों के साथ मेकअप का सामान रखा हुआ था। युवक की हालत में सुधार होने पर परिजन उसे अपने साथ ले गए।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार



**कन्नौज।** जिले के 32 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और चार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 1518 मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इनमें 706 पुरुष, 593 महिलाएं और 219 बच्चे शामिल रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएं, हेपेटाइटिस-बी एवं सी की जांच, टीबी संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग तथा नेत्र परीक्षण भी किया गया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 29 पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाकर वितरित किए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में आयोजित मेले का नोडल और निरीक्षण अधिकारियों ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी केंद्रों पर चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित रही।

## नंदेश्वर नाथ मंदिर के महंत बलराम त्रिपाठी ने बताया शमी वृक्ष का महत्व

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।** नगर के रामकृष्ण नगर स्थित नंदेश्वर नाथ मंदिर के महंत बलराम त्रिपाठी ने कहा कि शमी वृक्ष आध्यात्मिक, पौराणिक और आयुर्वेदिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। घर में शमी का पौधा लगाने और पूजा करने से समृद्धि आती है और देवी-देवताओं की कृपा बनी रहती है। महंत पंडित बलराम त्रिपाठी ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार शमी के वृक्ष की पूजा करने से घर में शनि का प्रकोप कम होता है।

कार्यों में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं। शमी की लकड़ी यज्ञ की वेदी के लिए पवित्र मानी जाती है। शनिवार को होने वाले यज्ञ में शमी की लकड़ी से बनी वेदी का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि शमी गणेश जी को प्रिय वृक्ष है।

## सयुस के प्रदेश सचिव जितेंद्र पाल का भव्य स्वागत



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम घिलोई मे एमडी गेस्ट हाउस के स्वामी दिनेश शाक्य एडवोकेट व सयोजक अभिषेक शाक्य द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव जितेंद्र पाल एडवोकेट का माल्यार्पण करके भव्य स्वागत किया गया। इसे अवसर पर प्रदेश सचिव जितेंद्र पाल एडवोकेट ने सपा की नीतियां घर-घर पहुंचाने की अपील करते हुए कहा पार्टी नेतृत्व में जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वाह पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ करूंगा। कार्यक्रम में रामचंद्र शाक्य, सर्वेश यादव, पूर्व प्रधान पिंटू यादव, आनद यादव, मनीष पाल, अंकित पाल, राजीव राजपूत, सुधीर शाक्य, सुरजीत, पवनेश यादव, कन्हैया कठेरिया, गोविन्द जाटव, सुनील यादव, कुलदीप यादव, विपिन यादव, लोकेन्द्र यादव पूर्व प्रत्याशी जिला पंचायत आदि मौजूद रहे। उधर पश्चिमी बाईपास पर वरिष्ठ सपा नेता बाबा रामप्रकाश यादव, अजय यादव, रामकुमार यादव, सोनू यादव, क्षितिज यादव, आशीष पाल, अनूप पाल, ऋषभ पाल, प्रवेश यादव, हसीब, सुमित यादव व लोकेंद्र यादव आदि ने जोरदार स्वागत किया।

# नाग पंचमी पर निकलेगी गंगेश्वरनाथ की नगर भ्रमण यात्रा

- यात्रा को लेकर गंगेश्वरनाथ मंदिर में हुई बैठक
- कार्यकर्ताओं को दी गई अलग अलग-अलग जिम्मेदारी



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

नाग पंचमी के पावन पर्व पर आयोजित होने वाली गंगेश्वरनाथ बाबा की पारंपरिक नगर भ्रमण यात्रा की तैयारियों को लेकर रविवार को गंगेश्वरनाथ मंदिर परिसर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा को भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। यात्रा के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा, साफ-सफाई तथा आयोजन की रूपरेखा पर विचार-विमर्श करते हुए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में आयोजक गंगेश्वरनाथ भक्त मंडली एवं संयोजक महंत प्रेमगिरी महाराज ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नाग पंचमी का पर्व नगर की आस्था और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से नगर भ्रमण यात्रा में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने का आवाहन किया। बैठक के अंत में सभी ने आपसी समन्वय के साथ धार्मिक आयोजन को शांतिपूर्ण एवं भव्य रूप से संपन्न कराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संजय सैनी, संतोष गुप्ता, अंकित मिश्रा (मोहित), भीमा गुप्ता, अनुज वर्मा, ऋषि गुप्ता, शिवम चौहान, आदेश सैनी, दीपक राजपूत, कुबेर दुबे, वैभव, सुमित सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छठे दिन भी जारी रहा भाकियू 'बलराज' का धरना

- भूख हड़ताल की चेतावनी



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

ग्राम वहबलपुर में भारतीय किसान यूनियन (बलराज) का धरना प्रदर्शन रविवार को छठे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ धरने में शामिल होकर रास्ता खुलवाने और दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग दोहराई।

धरने में पहुंचे जन्म से नेत्रहीन सूरदास ने बताया कि वह बचपन से इसी मार्ग का उपयोग करते आए हैं, लेकिन रास्ता बंद होने से उन्हें भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

उनका कहना था कि बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं तथा गाय-भैंस निकालने में भी कठिनाई हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2013 में देवांग यादव द्वारा 13 फुट सरकारी रास्ते पर कब्जा किया गया, लेकिन वर्षों तक कार्रवाई नहीं हुई। चेतावनी दी गई कि यदि रास्ता जल्द नहीं खुला और मुकदमा वापस नहीं हुआ तो आंदोलनकारी भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

धरने में कई ग्रामीण और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नर्मदेश्वर मंदिर में प्रथम सावन सोमवार पर भव्य रुद्राभिषेक

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज, कन्नौज।** सावन माह का प्रथम सोमवार भगवान शिव की आराधना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी क्रम में क्षेत्र के प्रसिद्ध नर्मदेश्वर मंदिर में प्रथम सावन सोमवार को भव्य धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर के संस्थापक पंकज गुप्ता और कल्पना गुप्ता के नेतृत्व में भगवान शिव का विशेष रुद्राभिषेक, पूजन-अर्चन और प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुबह से ही शिवभक्तों के दर्शन और पूजन का सिलसिला शुरू हो जाएगा। वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार महंत बलराम त्रिपाठी और रामकुमार पाण्डेय द्वारा भगवान नर्मदेश्वर महादेव की विशेष पूजा-अर्चना कराई जाएगी।

# नशा मुक्त युवा भारत अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में नेहरू कॉलेज में 'नशा मुक्त युवा भारत' अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से दिल्ली में आयोजित मुख्य समारोह से जोड़ा गया। शुरुआत नाट्य मंचन से हुई, जिसमें नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेल, योग और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया तथा समाज, अभिभावकों और शिक्षकों से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। संबोधन के बाद विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली और कॉलेज परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह के निर्देशन, नोडल अधिकारी प्रो. उदय पाल सिंह के संयोजन एवं जिलाधिकारी के प्रतिनिधि विकास कुमार की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# 15 किमी बदहाल सड़क बनी जानलेवा

- बारिश में गड्ढों और कीचड़ से बढ़ी मुसीबत



**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।** सदर ब्लॉक के सौंसरी गांव को जोड़ने वाली करीब 15 किलोमीटर लंबी मुख्य सड़क बदहाली के कारण लोगों के लिए जानलेवा बन गई है। बारिश के चलते सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी और कीचड़ भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी बाइक सवारों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों का दावा है कि इसी सड़क पर गिरने से एक बच्चे की मौत भी हो चुकी है। ग्रामीण सचिन, हेमराज, रामसेवक, कल्लू राम, हरिया समेत अन्य लोगों ने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि समाजवादी पार्टी सरकार के कार्यकाल में तिर्वा-तालग्राम मार्ग का निर्माण कराया गया था, लेकिन पिछले करीब एक वर्ष से सड़क का डामर उखड़ चुका है। समय पर मरम्मत नहीं होने से पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक एवं मंत्री असीम अरुण से भी सड़क दुरुस्त कराने की मांग की, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं, समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव रामसेवक राजपूत ने सड़क की बदहाली को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि खराब सड़कें लगातार हादसों का कारण बन रही हैं। उन्होंने सड़क का तत्काल पुनर्निर्माण कराकर लोगों को राहत देने की मांग की गई।

# 15 अगस्त को नगर में निकाली जाएगी विशाल भव्य तिरंगा यात्रा

- भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी करेंगे नेतृत्व

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज, कन्नौज।**



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति की भावना को और मजबूत करने के लिए गुरसहायगंज में 15 अगस्त 2026 को भव्य विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने बताया कि तिरंगा यात्रा सुबह रामगंज मिलेट्री ग्राउंड, गुरसहायगंज से प्रारंभ होगी। यात्रा का उद्देश्य 'एक कदम राष्ट्र के नाम, तिरंगा हमारा सम्मान' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने सभी राष्ट्रप्रेमी साथियों, इष्ट मित्रों, परिवारजनों एवं सहयोगियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस गौरवपूर्ण तिरंगा यात्रा का हिस्सा बनें।

# राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुए सीआरपीएफ एएसआई मुकेश बाबू

**समृद्धि न्यूज़, तालग्राम/कन्नौज।**



ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से निधन होने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) मुकेश बाबू का रविवार को उनके पैतृक गांव असेह में पूरे राजकीय और सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। पूरा गांव 'भारत माता की जय' और 'मुकेश बाबू अमर रहें' के नारों से गूंज उठा।

घर पहुंचते ही पत्नी मंजू देवी, पुत्र भानु प्रताप सिंह तथा पुत्रियां शीतल और छाया का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया। अंतिम दर्शन के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, पूर्व सैनिकों और आसपास के हजारों ग्रामीणों ने पहुंचकर पुष्पचक्र अर्पित किए और श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने मुकेश बाबू की कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा रहेगा। इसके बाद सीआरपीएफ के जवानों ने निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सैन्य सम्मान के साथ निकली अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। रास्ते भर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। श्मशान घाट पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

# आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर्स पार्टी का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में 1 अगस्त को यूजी बैच 2025 के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं भगवान धन्वंतरि के समक्ष पुष्पार्पण तथा धन्वंतरि वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन यूजी बैच 2024 के विद्यार्थियों द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने जूनियर्स का उत्साहपूर्वक स्वागत करते हुए कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गायन, नाटक, शायरी, कविता पाठ एवं कव्वाली सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। सभी प्रस्तुतियों ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का भरपूर मनोरंजन किया और पूरे वातावरण को उत्साह एवं उमंग से भर दिया। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ0 मनोरमणि, उप-प्राचार्या डॉ0 नीतूश्री, सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डॉ0 शीलू गुप्ता तथा डॉ0 वेणु एन, डॉ0 जितेन्द्र रॉय गौर, डॉ0 मधु रंजन, डॉ0 भारती पंचाल सहित अन्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। मिस्टर फ्रेशर का खिताब स्वयम यादव तथा मिस फ्रेशर का खिताब प्रगति पाल को उनकी सर्वांगीण प्रतिभा एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। वहीं मिस्टर स्टूडियस का पुरस्कार निखिल प्रजापति तथा मिस स्टूडियस का पुरस्कार स्मृति को दिया गया। मिस्टर डिसिप्लिन का सम्मान रोहित एवं मिस डिसिप्लिन का सम्मान ऋद्धि को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में यूजी बैच 2024 एवं यूजी बैच 2025 के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का परिचय दिया। प्राचार्या डॉ0 मनोरमणि एवं उप-प्राचार्या डॉ0 नीतूश्री ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं तथा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।


मिस्टर फ्रेशर स्वयम यादव व मिस फ्रेशर प्रगति पाल को सम्मानित करते विद्यालय स्टाफ


कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व विद्यालय स्टाफ

## सावन का पहला सोमवार आज, शिव मंदिरों में रौनक

▸ पांडेश्वर नाथ मंदिर रंगीन लाइटों से सजा, भक्तों के लिए बैरिकेडिंग

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** सावन माह के पहले सोमवार को नगर के शिव मंदिरों में विशेष सजावट की गई। मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया। सावन मास के पहले सोमवार को लेकर जनपद भर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और जलाभिषेक को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर के ऐतिहासिक एवं पौराणिक पांडेश्वरनाथ मंदिर को आकर्षक रोशनी, फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से दुल्हन की तरह सजाया गया है। सोमवार तड़के से ही भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने की उम्मीद है। नगर के प्राचीन महाभारत कालीन पांडेश्वर नाथ मंदिर को विशेष रूप से रंगीन लाइटों से सजाया गया। मंदिर परिसर जगमगाता रहा और रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर में बैरिकेडिंग भी लगाई गई, जिससे दर्शन और जलाभिषेक सुगमता से हो सके। सुबह से ही मंदिर में बोल बम के जयकारों के साथ भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। पुजारियों ने बताया कि सावन के सोमवार पर यहां दर्शन करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। तड़के मंदिर के कपाट खुलते ही भगवान शिव का गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र और भांग-धतूरे से अभिषेक कर भव्य श्रृंगार किया जाएगा। शहर के अन्य शिवालयों में भी सुबह से भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर समितियों द्वारा प्रसाद वितरण और स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए गए थे।


पाण्डेश्वरनाथ मंदिर

## अश्लील वीडियो वायरल केस में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, कायमगंज।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ और पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज यमुना प्रसाद के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कोतवाली कायमगंज पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने थाना शमशाबाद पर दर्ज अश्लील हरकत और वीडियो वायरल करने के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि 14 जून को वादिनी की तहरीर पर थाना शमशाबाद में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोप है कि अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ अश्लील हरकत की। वीडियो बनाने का विरोध करने पर मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद अभियुक्त ने फेसबुक पर वीडियो वायरल कर दिया था। इस मामले में धारा 64(1)/74/351(3)/351(4)/115(2) व 66 के तहत मुकदमा दर्ज था। विवेचना के दौरान मामला कोतवाली कायमगंज को हस्तांतरित हुआ था। कोतवाली कायमगंज पुलिस ने विवेचना के क्रम में वांछित अभियुक्त अभिषेक वाल्मीकि पुत्र सुरेश निवासी मोहल्ला मीरा दरवाजा, अंबेडकर नगर बाजिदपुर, कस्बा व थाना शमशाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार नहीं किया और कहा कि वह अपनी सफाई न्यायालय में अधिवक्ता के जरिए देगा। अभियुक्त अभिषेक वाल्मीकि के खिलाफ थाना शमशाबाद में धारा 64(1)/74/351(3)/351(4)/115(2) व 66 का मुकदमा पहले से दर्ज है। इस कार्रवाई को प्र0नि0 विनोद कुमार शुक्ल, निरीक्षक बाडू यादव, हे0का0 रत्नेश कुमार, हे0का0 मुकेश कुमार और का0 युवराज की टीम ने अंजाम दिया।


पुलिस गिरफ्तार में वांछित आरोपी

## पीड़िता ने दबंगों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।** थाना नवाबगंज के गांव पुठरी निवासी पिंकी देवी पत्नी हरिवंश कुमार जोकि एक विकलांग व गर्भवती महिला है। उन्होंने अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए घर के बाहर सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगवाये थे। गांव का ही निवासी एक युवक अपनी बाइक से उसी ब्रेकर से होकर तेज रफ्तार में निकला तो उसकी बाइक फिसल गई। जिसपर युवक घर से बेलचा लेकर आया और सड़क पर बच्चों की सुरक्षा के लिए बने स्पीड ब्रेकर को तोड़ दिया। पिंकी देवी ने जिसका विरोध किया तो युवक व उसकी पत्नी व उसके साथियों ने मिलकर पिंकी देवी को गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। पिंकी देवी ने अपने घर का दरवाजा बंद कर लिए जिससे वह उक्त लोगों की मारपीट से बच गई।

## खबरें एक नजर में

### उधार सौदा देने से मना करने पर युवक ने की गाली-गलौज

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव रामनगर शुकरुल्लापुर निवासी सुधीर कुमार शनिवार रात लगभग 9 बजे अपनी परचून की दुकान पर बैठा था। उसी समय गांव गंगलऊ निवासी युवक सुधीर कुमार की दुकान पर आकर सौदा उधार मांगने लगा। सुधीर कुमार व उसकी पत्नी प्रेमवती ने युवक को सौदा उधार देने से मना कर दिया। जिसपर युवक सुधीर कुमार व उसकी पत्नी प्रेमवती को गाली-गलौज करने लगा गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक मारपीट करने पर आमादा हो गया। थाना पुलिस को सुधीर कुमार ने नामजद युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### 18 लच्छा चाइनीज मांझा के साथ एक गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, कायमगंज।** रक्षाबंधन और 15 अगस्त के मद्देनजर चलाए जा रहे अभियान के तहत कस्बा चौकी इन्चार्ज अंकुर भाटी, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल सचिन कुमार, कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी ने संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 18 लच्छा चाइनीज मांझा के साथ एक युवक को गिरफ्तार जेल भेज दिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सौरभ पुत्र वेदराम निवासी मोहल्ला दलवीर खां थाना शमशाबाद बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 125/271 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त सौरभ के खिलाफ पहले से ही कोतवाली फर्रुखाबाद में धारा 125/271 बीएनएस का मुकदमा दर्ज है।

### पति ने भाई व भाभी के साथ मिलकर पत्नी को पीटा

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव जानकीपुर निवासी अंजली देवी पत्नी बलराम रविवार लगभग 12 बजे अपने घर पर मौजूद थी, तभी अजली की जेठानी अंजली के पति को अपने साथ बुलाकर अपने साथ ले गई। कुछ समय बाद अंजली का पति बलराम शराब के नशे में घर पर आया और अंजली को गाली-गलौज करने लगा। जिसपर अंजली ने गाली-गलौज करने से मना किया तो पति व उसके जेठ और जेठानी ने मिलकर अजली को लाठी डंडों से मारपीट कर दी। बचाने आए ससुर रामशंकर व सास सत्यवती को भी मारपीट की। मारपीट में अंजली व उसके ससुर रामशंकर के गुम चोटे आई। थाने पहुंचकर अजली पत्नी बलराम ने थाना पुलिस को पति, जेठ व जेठानी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने पति व जेठ को पूछताछ के लिए थाने में बैठा लिया और अंजली को कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

## जेएनवी और छोटी जेल क्रॉसिंग के बीच ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जेएनवी क्रॉसिंग और छोटी जेल क्रॉसिंग के बीच एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहाँ रेलवे ट्रैक पार करते समय या अचानक ट्रेन के सामने आ जाने से एक अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आने से कटकर मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन से कटकर युवक की मौत की खबर फैलते ही मौके पर सनसनी फैल गई और आसपास के स्थानीय लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम आनन-फानन में मौके पर पहुंची और भीड़ को रेलवे ट्रैक से हटाकर घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन किसी ने भी उसे नहीं पहचाना। शुरुआती जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम व सुरक्षित रख-रखाव के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है।



## शिक्षा सेवा चयन बोर्ड से 2022 में चयनित प्रधानाचार्य की जनपद के पांच माध्यमिक विद्यालयों में होगी तैनाती

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद ।** उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा वर्ष 2022 में की गई प्रधानाचार्यों की नियुक्तियों को उच्च न्यायालय द्वारा वैद्य मानने के आदेश से जनपद के पांच माध्यमिक विद्यालयों में चयन बोर्ड से चयनित प्रधानाचार्यों की साढ़े तीन वर्ष बाद स्थायी नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सहायता प्राप्त इंटर कालेजों में वर्ष 2013 के विज्ञापनों से वर्ष 2022 में चयन बोर्ड से हुई प्रधानाचार्यों की नियुक्तियों पर फैसला सुनाया। जिसमें फरवरी 2023 में हाईकोर्ट की लखनऊ एक पीठ के उस आदेश को रद्द कर दिया। जिसमें प्रधानाचार्यों की नियुक्तियां निरस्त की गई थी। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि अब जनपद के पांच माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा चयन बोर्ड से चयनित प्रधानाचार्यों की स्थायी नियुक्तियां हो सकेगी। दरअसल जिले के सात विद्यालयों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति हुई थी। जिसमें दो विद्यालय महात्मा गांधी विद्यालय राजेपुर में अनिल सिंह तथा रामप्रसाद इंटर कालेज तिराह मुरहास में बृजभूषण सिंह ने नियुक्तियां रद्द होने के हाईकोर्ट के आदेश से पहले ही ज्वाइन कर लिया था। रामानंद इंटर कालेज में मेरठ के अनिल चतुर्वेदी, सूर्यकुमारी इंटर कालेज मंझना में कानपुर के प्रशांत यादव, फिरोज गांधी जनता इंटर कालेज कमालगंज में जौनपुर के अमित श्रीवास्तव, सर्वोदय इंटर कालेज पिपरगांव में कानपुर के राजेन्द्र चौरसिया, म्युनिस्पिल इंटर कालेज फतेहगढ़ में एटा के हेम सिंह का चयन बोर्ड ने प्रधानाचार्य पद के लिए चयन किया था। जिसकी नियुक्ति होना है। डीआईओएस संजीव कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश मिलते ही जिले में चयनित प्रधानाचार्यों को नियुक्ति करने की कार्यवाही की जायेगी।

## पालतू कुत्तों के हमले से 20 भेड़ों की मौत, नौ घायल

### पुलिस ने दो को लिया हिरासत में

**समृद्धि न्यूज, कंपिल।** बाड़े में घुसे कुत्तों ने भेड़ों पर हमला कर उन्हें नोच लिया। जिससे बीस बीस भेड़ों की मौत हो गई। जबकि नौ गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव धीमर नगला निवासी दिनेश पाल के घर के पास बने बाड़े में 48 भेंडें बंद थी। दिनेश पाल रविवार की बीती रात भेड़ों के साथ बाड़े में सो गए। रात के समय बरसात होने पर वह घर चले गए। उसी समय पड़ोसी गांव के कुछ पालतू कुत्तों ने बाड़े में घुसकर भेड़ों पर हमला कर नोच डाला। जिससे बीस भेड़ों की मौके पर मौत हो गई। जबकि 9 गंभीर रूप से घायल हो गईं। सुबह बाड़े में आए दिनेश को घटना की जानकारी हुई। घटना के बाद महिलाएं बिलखने लगी। पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। ग्रामीणों के अनुसार पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। रविवार सुबह पुलिस की मौजूदगी में पशु चिकित्सकों ने मृतक भेड़ों का पीएम कर घायलों का इलाज किया। सिवारा चौकी इंचार्ज धीरज कुमार ने बताया भेड़ों का पीएम कराया गया है। मामले की जांच कर अन्य कार्रवाई की जाएगी।



## यू-विन एवं ई-विन पोर्टल की प्रभावी मॉनिटरिंग से नियमित टीकाकरण को मिलेगी नई गति

▸ एचपीवी वैक्सीनेशन पर भी रहेगा विशेष फोकस

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** जनपद में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी एवं शत-प्रतिशत बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आनंद उपाध्याय की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में यू-विन एवं ई-विन पोर्टल के प्रभावी संचालन, टीकाकरण रिपोर्टिंग एवं कार्यक्रम की गुणवत्ता सुधार हेतु एक दिवसीय अभिमुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आनंद उपाध्याय ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी यू-विन एवं ई-विन पोर्टल की नियमित समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत लाभार्थियों का समयबद्ध पंजीकरण एवं टीकाकरण की ऑनलाइन रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नियमित प्रतिरक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक पात्र बच्चे तक समय पर सभी टीके पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इससे बच्चों को डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, पोलियो, हेपेटाइटिस-बी, खसरा-रूबेला सहित 12 जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने जनपद के समस्त अभिभावकों से अपील की कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी पात्र बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं। यह टीका भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का प्रभावी माध्यम है तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशिक्षण का संचालन एसीएमओ डीआईओ डॉ0 सर्वेश यादव द्वारा किया गया। उन्होंने यू-विन एवं ई-विन पोर्टल पर लाभार्थियों के पंजीकरण, वैक्सीन स्टॉक प्रबंधन, कोल्ड चेन व्यवस्था, ऑनलाइन रिपोर्टिंग एवं डेटा गुणवत्ता से संबंधित तकनीकी बिंदुओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी नोडल अधिकारियों से निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनपद के समस्त यू-विन एवं ई-विन नोडल अधिकारी एवं प्रतिरक्षण कार्यक्रम से जुड़े

### शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य पर रहेगा विशेष फोकस

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय ने जनपद में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक बच्चे की नियमित स्वास्थ्य निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नवजात एवं छोटे बच्चों का समय पर टीकाकरण, पोषण स्तर की जांच, वृद्धि की निगरानी तथा सामान्य बीमारियों की समय रहते पहचान करना स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सीएमओ ने निर्देश दिए कि आशाए एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर भ्रमण कर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की जाए। जिन बच्चों में कुपोषण, कम वजन, बुखार, निमोनिया, दस्त अथवा अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के लक्षण दिखाई दें, उन्हें तत्काल नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार उपलब्ध कराया जाए। आवश्यकता पड़ने पर ऐसे बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र एवं उच्च स्वास्थ्य संस्थानों के लिए भी संदर्भित किया जाए। उन्होंने कहा कि नियमित एवं पूर्ण टीकाकरण, स्तनपान के प्रति जागरूकता, संतुलित पूरक आहार तथा स्वच्छता संबंधी व्यवहार बच्चों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी स्वास्थ्य कर्मी अभिभावकों को इन विषयों पर निरंतर जागरूक करें। डॉ0 आनंद उपाध्याय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित दस्तक अभियान, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम तथा बाल स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना लक्ष्य है।

## गालियां देने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को पीटा

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव गंगलऊ निवासी अमित कुमार का पुत्र सौरभ शनिवार रात लगभग साढ़े नौ बजे अपनी मोटरसाइकिल से गांव में ही कोल्डड्रिंक लेने गया था। उसी समय गांव का ही निवासी युवक अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल से आया और वहां खड़ी सौरभ की मोटरसाइकिल को गिरा दिया और गाली-गलौज करने लगे।

गाली-गलौज का विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर दी। मारपीट की जानकारी होने पर मौके पर पहुचे पिता अमित कुमार को भी मारपीट की। थाना पुलिस को अमित कुमार ने नामजद लोगो के खिलाफ तहरीर दी।

## दिव्यांगजनों को सम्मानजनक व सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता: सीएमओ

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय ने जनपद के सरकारी चिकित्सालयों में दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मरीजों को उपचार के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े तथा उन्हें अस्पताल परिसर में सहज, सम्मानजनक एवं प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। सीएमओ ने संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पतालों में दिव्यांगजनों के लिए सुगम आवागमन, व्हीलचेयर की उपलब्धता, आवश्यकतानुसार रैंप, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं प्राथमिकता के आधार पर पंजीकरण एवं चिकित्सकीय परामर्श की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गंभीर रूप से दिव्यांग अथवा वृद्ध मरीजों को विशेष संवेदनशीलता के साथ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि दिव्यांग प्रमाणपत्र, यूडीआईडी कार्ड एवं अन्य चिकित्सकीय औपचारिकताओं से संबंधित कार्यों में भी मरीजों का अनावश्यक उत्पीड़न न हो। संबंधित अधिकारी निर्धारित समय सीमा में आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण एवं अभिलेखों का सत्यापन सुनिश्चित करें, ताकि पात्र लाभार्थियों को शासन की योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। डॉ0 आनंद उपाध्याय ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक समान रूप से गुणवत्तापूर्ण उपचार पहुंचाना है। दिव्यांगजन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की नैतिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से दिव्यांग मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने कहा कि जनपद के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी। यदि कहीं किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल दूर कराया जाएगा, जिससे प्रत्येक दिव्यांग मरीज को बिना किसी कठिनाई के बेहतर एवं सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें।

## तंबाकू मुक्त स्वास्थ्य संस्थान बनाने पर रहेगा विशेष जोर

**कोटपा अधिनियम का कड़ाई से कराया जाए अनुपालन**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय ने जनपद के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य इकाइयों को पूर्ण रूप से तंबाकू मुक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थान स्वयं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देने वाले केंद्र हैं, इसलिए अस्पताल परिसर में किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन अथवा बिक्री किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगी। सीएमओ ने जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ को निर्देशित किया कि सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। अस्पताल परिसरों में निर्धारित चेतावनी बोर्ड, नो स्मोकिंग संकेतक एवं तंबाकू निषेध संबंधी जागरूकता सामग्री प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित की जाए। साथ ही समय-समय पर निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियों एवं अन्य असाध्य रोगों का प्रमुख कारण है। इसलिए उपचार के साथ साथ लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करना भी स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। अस्पतालों में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति नियमित रूप से जागरूक किया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तंबाकू निषेध परामर्श सेवाओं का भी लाभ उपलब्ध कराया जाए।

## तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को 315 बोर के तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अपराधियों की धरपकड़ हेतु चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक युवक तमंचा लिये घूम रहा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बताये गये स्थान पर पहुंच गयी और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम कल्लू पुत्र हारुन निवासी ग्राम भरगैन थाना पटियाली जनपद कासगंज बताया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर पटियाली में पहले से ही तीन मुकदमे दर्ज है।

# संत रविदास जयंती पर निकाली गई कलश यात्रा

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

रविवार को भाजपा सांसद मुकेश राजपूत, जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर आयोजित होने वाले सामाजिक समरसता संकल्प अभियान की शुरुआत की। सांसद मुकेश राजपूत ने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जन्मस्थली वाराणसी से कलश में भरकर लाई गई मिट्टी को नमन करते हुए कलश को अपने सिर पर रखकर यात्रा को रवाना किया। यह यात्रा पूरे जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों एवं मंडलों तक पहुंचेगी। सांसद मुकेश राजपूत ने बताया संत शिरोमणि महाराज रविदास ने जीवन भर समानता सामाजिक समरसता और मानव सेवा का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। उनकी 650वीं जन्म जयंती से आयोजित होने वाले कार्यक्रम सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत पूरे जनपद में कलश यात्रा निकाली जाएगी। देश व प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद देश के विभिन्न संतों एवं महापुरुषों के इतिहास के बारे में जानकारी देने का कार्य किया जा रहा है। पिछली सरकारों में केवल मुगल शासन काल व्याख्यान किया जाता था। पिछली कांग्रेस और सपा की सरकार ने देश के महान संतों और महापुरुषों के विचारों के साथ भेदभाव किया। यात्रा से पूरे जनपद में सामाजिक समरसता का एक संदेश जाएगा। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया संत रविदास महाराज एक विख्यात संत थे, जिन्होंने अपने सामाजिक जीवन में समरसता का संदेश दिया।


सर पर कलश ले जाते सांसद मुकेश राजपूत मौजूद अन्य

उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है। यह कलश यात्रा पूरे जनपद के सभी मंडलों में जाएगी। इस अवसर पर वीरेंद्र कठेरिया, सत्यपाल सिंह, कृष्ण मुरारी राजपूत, रूपेश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, गोपाल राठौड़, संजीव गुप्ता, श्वेता दुबे, शिवमोहन सिंह, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह, संदीप शाक्य, रामनरेश गौतम, पंकज पाल, योगेंद्र सिंह चौहान, प्रतिभा राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# नारायण आर्य कन्या पाठशाला महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान संपन्न

▸ पीएम मोदी के आवाह्न पर ली गई नशा मुक्त समाज बनाने की शपथ

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

नारायण आर्य कन्या पाठशाला महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर आयोजित नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और छात्राओं ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री का सजीव प्रसारण अत्यंत उत्साह के साथ सुना। कार्यक्रम की मुख्य संरक्षक एवं प्राचार्या प्रो0 डॉ0 पारुल मिश्रा की उपस्थिति में महाविद्यालय परिवार ने नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ ली। प्राचार्या ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की बुराइयों से बचाकर ही स्वस्थ और सशक्त भारत का निर्माण संभव है। इस अवसर पर


नशा मुक्ति की शपथ दिलाती प्रधाचार्या

श्रुति गुप्ता, डॉ0 शिल्पी मिश्रा, डॉ0 श्वेता सिंह, रूपा देवी, कु0 शालिनी धुसिया, प्रियंका, डॉ0 शाहीन खान, कु0 रंजना सिंह, डॉ0 रंजना चतुर्वेदी, प्रज्ञा दीक्षित, डॉ0 मनीषा पांडे, डॉ0 अंजू पांडे, अरविंद पांडे, राजीव सक्सेना, दीपांशी सक्सेना, कमलेश चंद्र मिश्रा, सुखदेव शुक्ला, गोपी गुप्ता एवं एनसी कैडेट्स सहित महाविद्यालय की समस्त छात्राएं एवं संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा। सभी प्रतिभागियों ने एक स्वर में समाज को नशे जैसी सामाजिक बुराई से मुक्त कराने और एक स्वस्थ, सशक्त एवं नशा-मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का दृढ़ संकल्प लिया।

# विद्यार्थियों को सफलता के बताये गये महत्वपूर्ण सूत्र

▸ भौतिक शिक्षा पर्याप्त नहीं, अध्यात्मिक शिक्षा जरूरी: संदीप आर्य


हवन में आहुतियां देते लोग

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

आर्य समाज कमालगंज में रविवार को साप्ताहिक वैदिक यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन सम्पन्न हुआ। यज्ञ का संचालन आचार्य संदीप आर्य ने कराया। उन्होंने कहा कि अनुशासित जीवन ही सफलता, आत्मविश्वास तथा चरित्र निर्माण का आधार है। आर्य समाज द्वारा संचालित एम0डी0एस0 लाइब्रेरी का तृतीय स्थापना दिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लाइब्रेरी के छात्र-छात्राओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियाँ अर्पित कर अपने उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्रहित की कामना की। लाइब्रेरी के संचालक संदीप आर्य एवं प्रदीप आर्य ने विद्यार्थियों को सफलता के महत्वपूर्ण सूत्र बताते हुए कहा कि केवल भौतिक शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक एवं नैतिक उन्नति भी जीवन को सार्थक बनाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग, अनुशासन तथा संस्कारयुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। स्थापना दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। कार्यक्रम में साहिल कुमार, सुमित आर्य, अमित कुमार, हिमांशु, सार्थक, संजेश, आलोक, अभय, नेहा आर्या, उन्नति आर्या, मांशी, नीलम, उर्मिला आर्या सहित अनेक विद्यार्थी एवं आर्यजन उपस्थित रहे।

# ऋषि समाज सेवा संस्थान की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की बनी रुपरेखा


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** ऋषि समाज सेवा संस्थान की बैठक संस्था के अध्यक्ष ऋषि दत्त शर्मा गुड्डू पंडित के निवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यता अभियान की गति को बढ़ाने के लिए वार्डों में मीटिंग और बैठके तय की गई। कई सदस्यों ने अपनी सहमति से अपने-अपने वार्डों में मीटिंग के आयोजन करने की तारीख भी तय कराई हैं।

बैठक में बताया गया कि संस्था में 437 सदस्य अभी तक जुड़ गए हैं और सदस्यों को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए कहा गया है।

बैठक में उपस्थित सदस्य अजय शंकर तिवारी, शशि भूषण यादव, अमित सक्सेना, सुनीत शर्मा, अमित शर्मा, दिलीप मारवाड़ी, अविरल तिवारी, मुकेश शर्मा, अजय, सुशील मिश्रा, चंद्रशेखर, मुरारी लाल शर्मा, राजेंद्र बाबू आदि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने देखा पीएम का प्रसारण

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय, निनौआ में विकसित भारत के तहत नशा मुक्त युवा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण महाविद्यालय के सभागार में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा0 कल्पना सिंह, प्राध्यापकों में डा0 प्रियांशु गुप्ता, डा0 अमित कुमार, डा0 वीरेंद्र कुमार तथा समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। इस सजीव प्रसारण में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। सजीव प्रसारण के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के वक्ता रहे मंत्री मनसुख मांडवीया ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के


पीएम का प्रसारण देखते विद्यार्थी मौजूद शिक्षक

स्वास्थ्य और भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक बनता है। इसलिए प्रत्येक युवा का कर्तव्य है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करे। सजीव प्रसारण में भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी युवाओं को नशा मुक्ति हेतु आगे आने को कहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण हेतु संकल्प लिया तथा समाज में जनजागरूकता फैलाने का भी वचन दिया।

महाविद्यालय परिवार ने इस आयोजन को युवाओं में सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों तथा राष्ट्रनिर्माण की भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# आरोग्य पथ पर डायरिया को हराने की गूंज

▸ सभी 42 वार्डों में कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों से भी गूंजेंगे जागरूकता संदेश

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

डायरिया नियंत्रण व रोकथाम को लेकर जनपद में एक अनूठी पहल की गयी है। इसके तहत आरोग्य पथ पर स्थापित पब्लिक स्पीकरों के जरिए जागरूकता संदेश नियमित रूप से जन-जन तक पहुंचाए जा रहे हैं। जिले में 25 अगस्त तक चलने वाले डायरिया रोको अभियान में नगर पालिका ने भी अब स्वास्थ्य विभाग से हाथ मिला लिया है और जनजागरूकता में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। जनपद के 42 वार्डों में डोर-टू-डोर पहुँचने वाली कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों से भी डायरिया के कारण, बचाव और उपचार सम्बन्धी


जानकारी देते ईओ विनोद कुमार

जरूरी सन्देश आकर्षक ऑडियो जिंगल्स के जरिये गूंजेंगे। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू पहले से ही अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इस अनूठी पहल के तहत अंतर-विभागीय समन्वय से कानपुर रोड पर हाल ही में विकसित किए गए करीब 600 मीटर लंबे आरोग्य पथ पर स्थापित सार्वजनिक साउंड सिस्टम का उपयोग डायरिया से बचाव और प्रबंधन के जागरूकता संदेशों गीत के माध्यम से को प्रसारित करने के लिए किया जा रहा है। आरोग्य पथ पर एक उचित दूरी पर पब्लिक स्पीकर लगाए गए हैं, जिन पर रोजाना सुबह छह बजे से सुबह आठ बजे तक और शाम को छह बजे से रात दस बजे के दौरान प्रेरणादायक, धार्मिक, देशभक्तिपूर्ण के साथ डायरिया रोकथाम से जुड़ा ऑडियो जिंगल प्रसारित किया जा रहा है। शाम के समय इस मार्ग पर ओपन जिम और बैठने की उचित व्यवस्था होने के कारण प्रतिदिन 200 से अधिक लोग, मुख्य रूप से महिलाएं और बच्चे तथा अन्य आयु वर्ग के व्यक्ति आते-जाते हैं। यह कार्यक्रम डायरिया रोको अभियान और जनजागरूकता में बहुत ही मददगार साबित हो रहा है। सफलता और व्यापक जन उपयोगिता को देखते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद विनोद कुमार तथा विजय कुमार शुक्ला के साथ समन्वय कर इसके विस्तार की रूपरेखा तैयार की गई है।

# रामदरश मिश्र शताब्दी सृजन सम्मान से पुरस्कृत होंगे उत्कर्ष अग्निहोत्री

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

शताब्दी पुरुष पद्मश्री प्रो0 रामदरश मिश्र के 103वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आगामी 14 और 15 अगस्त को गोरखपुर में दो-दिवसीय समारोह का आयोजन रामदरश मिश्र न्यास द्वारा किया जा रहा है। 14 अगस्त को अखिल भाग्य स्नातकोत्तर विद्यालय, रानापुर, गोरखपुर एवं भारतीय हिंदी अध्यापक परिषद के संयुक्त तत्वधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसका विषय रामदरश मिश्र के साहित्य में जल, जवार और जीवन के प्रश्न है। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर


उत्कर्ष अग्निहोत्री

विश्वनाथ प्रसाद तिवारी करेंगे। मिश्र के जन्मदिवस 15 अगस्त को सुबह 9 बजे मिश्र के पैतृक घर डुमरी मिश्र गाँव और उनके प्रथम विद्यालय बिशुनपुरा प्राथमिक विद्यालय गमन का कार्यक्रम रहेगा। पद्मश्री रामदरश मिश्र न्यास की ओर से प्रतिवर्ष दिया जाने वाला रामदरश मिश्र शताब्दी सृजन सम्मान भी प्रदान किया जायेगा। काव्य विधा के अंतर्गत उत्कर्ष अग्निहोत्री को उनके ग़ज़ल संग्रह मैं बंदिशों को तोड़ के आगे निकल गया को और आलोचना विधा के अंतर्गत कृष्ण बिहारी पाठक को उनकी आलोचनात्मक कृति रामचंद्र शुक्ल दृष्टि सृष्टि के लिए सम्मान प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार स्वरूप प्रत्येक लेखक को 21000 की राशि, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। देश से विभिन्न हस्तियां पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेंगी।

## गंगा समिति ने चलाया पांचाल घाट पर स्वच्छता अभियान



**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** जिला गंगा समिति के तत्वाधान में पतित पावनी मां गंगा के तट पांचाल घाट पर स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। निहारिका पटेल के निर्देशन में सावन माह के चलते विशेष अभियान चलाया गया। गंगा योद्धाओं ने मिलकर घाट पर आ रहे श्रद्धालुओं को गंगा की निर्मलता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। घाट पर उपस्थित दुकानदारों को भी पालीथिन इत्यादि प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया। बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए गहरे पानी में स्नान करने से रोका गया।

## गंगा का रौद्र रूप, चेतावनी बिंदु के पार पहुंचा जलस्तर, बाढ़ के पानी से घिरे कई गांव

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

जनपद के गंगा पार क्षेत्र में बाढ़ का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण कई गांवों में बाढ़ का पानी घुसने लगा है। मुख्य मार्गों और संपर्क मार्गों पर पानी आ जाने से आवागमन बुरी तरह से बाधित होने लगा है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सिंचाई खण्ड द्वारा जारी आधिकारिक रिपोर्ट में दर्शाया गया गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु को पार कर गया है। लोहिया सेतु पांचालघाट पर गंगा नदी का जलस्तर सुबह 8 बजे 136.85 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि यहाँ चेतावनी बिंदु 136.60 मीटर है। जलस्तर अब 137.10 मीटर के खतरे के निशान की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे तटीय


गांव में घुसा बाढ़ का पानी

इलाकों में खतरा और मंडराने लगा है। रिपोर्ट के मुताबिक, नरौरा बैराज से गंगा नदी में 1,72,721 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इस भारी डिस्चार्ज के कारण नदी के जलस्तर में और वृद्धि होने की पूरी आशंका है, जिससे गंगा किनारे बसे और भी गांवों में पानी घुस सकता है। वहीं दूसरी ओर रामगंगा नदी की स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। ब्रह्मदत्त द्विवेदी सेतु (रामगंगा) पर जलस्तर अभी गेज से नीच है। रामगंगा नदी में खो बैराज से 920, हरेली बैराज से 140 और रामनगर बैराज से 648 (कुल 1708) क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण गंगा पार के निचले इलाकों में स्थित खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसलों को भी भारी नुकसान होने की आशंका है। कई जगह रास्तों पर पानी चलने लगा हैए जिससे लोगों का कस्बों और शहर से संपर्क टूटने लगा है।

# आगामी चेहल्लुम व कांवड़ यात्रा को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

▸ कोतवाली प्रभारी ने सौहार्द बनाए रखने की अपील

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

आगामी त्योहारों चेहल्लुम और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली फर्रुखाबाद परिसर में शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने की। इसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, संभ्रांत व्यक्तियों और व्यापारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान कोतवाली प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने उपस्थित दोनों समुदायों के लोगों व जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए


बैठक लेते कोतवाली प्रभारी

आगामी त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या शांतिभंग करने के प्रयास को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में दिए गए मुख्य निर्देश एवं फैसले-रूट व बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण, कांवड़ यात्रा मार्गों एवं चेहल्लुम के जुलूस वाले रास्तों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था (स्ट्रीट लाइट), लटके हुए बिजली के तारों की दुरुस्ती और पेयजल के पुख्ता इंतजाम के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। डीजे व ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण, शासन के निर्देशानुसार तय ध्वनि सीमा में ही लाउडस्पीकर/डीजे बजाने की अनुमति होगी। किसी भी प्रकार के भड़काऊ या आपत्तिजनक गीत-संगीत के बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। डिजिटल वॉलंटियर्स और पुलिस की साइबर टीम सोशल मीडिया (व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) पर 24 घंटे निगरानी रखेगी। भ्रामक खबरें या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश करने वाले संदिग्धों व पूर्व के अराजक तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली प्रभारी ने दोनों समुदायों के प्रबुद्धजनों से गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखते हुए पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी छोटी या संदिग्ध घटना सामने आने पर तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या कोतवाली प्रभारी को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। इस अवसर पर कोतवाली के उपनिरीक्षक, हल्का प्रभारी, बीट कांस्टेबल सहित क्षेत्र के सभासद, धर्मगुरु व प्रबुद्ध नागरिक के अलावा विमलेश मिश्रा, मौलाना सदाकत हुसैन सैथली उपस्थित रहे।

# नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के अंतर्गत हुआ आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व अन्य

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** माय भारत नशा मुक्त युवा फार विकसित अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रव्यापी आयोजित महासंकल्प अभियान के अन्तर्गत बढ़पुर ब्लाक के कार्यालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल संवाद एवं सामूहिक संकल्प कार्यक्रम आयोजित हुआ। युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों को नशा मुक्त भारत की सामूहिक शपथ दिलायी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन नशामुक्त जीवनशैली अपनाने तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए नशा उन्मूलन को जनआंदोलन बनाने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि इस अभियान के अंतर्गत आगामी 100 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार सांस्कृतिक, खेल, फिटनेस, जन-जागरूकता, माइंडफुलनेस एवं सामुदायिक सहभागिता से संबंधित विविध गतिविधियों का नियमित आयोजन किया जाएगा। साथ ही शिक्षकों के साथ जागरुकता के तहत परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभाग एवं रेजिडेंट डॉक्टरों ने नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को नशे से बचाव, तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, स्वस्थ जीवनशैली तथा आवश्यकता पड़ने पर समय रहते परामर्श एवं उपचार लेने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा अभियान को जन-जन तक पहुँचाना रहा।

# नाले में गिरे गोवंश का सफल रेस्क्यू

▸ गौ सेवकों ने जेसीबी की मदद से बचाई जान

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

पुलिस लाइन के समीप एक गहरे नाले में गिरे बेजुबान गोवंश को गौ सेवकों और जागरूक युवाओं की तत्परता से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। युवाओं के इस सराहनीय प्रयास की स्थानीय लोगों ने जमकर प्रशंसा की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ पुलिस लाइन के निकट एक गोवंश अचानक नाले में गिर गया था। बेजुबान जानवर ने नाले से बाहर निकलने का काफी प्रयास किया, लेकिन गहराई और कीचड़ होने के कारण वह स्वयं बाहर निकलने में पूरी तरह असमर्थ रहा। इस दौरान वहां से गुजर रहे राहुल राठौर की नजर जब नाले में फंसे गोवंश पर पड़ी, तो उन्होंने बिना समय गंवाए तत्काल गौ सेवकों से संपर्क किया और घटना की जानकारी दी। सूचना


नाले से गौवंश निकालते गौसेवक

मिलते ही गौ सेवक गोलू माथुर अपनी टीम के सदस्य करन कुमार, अनुज राठौर, कोहिनूर चौहान, साहिल कुमार और सागर कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुँच गए। स्थिति का जायजा लेने के बाद जब यह लगा कि सामान्य तरीके से गोवंश को बाहर निकालना संभव नहीं है, तो टीम ने त्वरित निर्णय लेते हुए एक जेसीबी मशीन की व्यवस्था की।

## ब्रह्माकुमारी केंद्र पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सिस्टर दिवस



**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद द्वारा सिस्टर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीके बहनों के साथ-साथ समाज की अनेक बहनों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ईश्वरीय स्मृति से हुआ। बहनों के सम्मान में शुभकामनाएं व्यक्त की गयी। कार्यक्रम आध्यात्मिक गरिमा के साथ मनाया गया। बीके शोभा बहन ने कहा कि बहन प्रेम, त्याग, ममता, संस्कार और सेवा की प्रतिमूर्ति है।

## खबरें एक नजर में

### दिनदहाड़े सुभाष चौक से उड़ी बाइक, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**कुशीनगर।** जनपद मुख्यालय पडरौना के सबसे व्यस्त इलाकों में शुमार सुभाष चौक से दिनदहाड़े बाइक चोरी की घटना ने एक बार फिर शहर की कानून-व्यवस्था और पुलिस गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भीड़भाड़ वाले बाजार में चोरों के बेखौफ होने से आम लोगों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार जंगल बकुलहा घोसी टोला निवासी जलालुद्दीन अहमद शुक्रवार 31 जुलाई को लगभग दोपहर 3-30 बजे अपनी हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल (क57,॥ 7358) से सुभाष चौक स्थित एक मोबाइल दुकान पर सिम कार्ड निकलवाने पहुंचे थि। उन्होंने अपनी बाइक दुकान के बाहर खड़ी की और कुछ ही देर बाद लौटे तो बाइक मौके से गायब थी।पीड़ित ने तत्काल आसपास के लोगों से पूछताछ की और अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने कोतवाली पडरौना में लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा बाइक बरामद करने की मांग की है। तहरीर में पीड़ित ने पुलिस से आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान करने और उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। चोरी हुई बाइक वर्ष 2017 मॉडल की हीरो डीलक्स है।

### वज्रपात की चपेट में आने से 17 वर्षीय किशोर की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के सिलहटा गांव में शनिवार दोपहर करीब एक बजे के करीब बज्रपात होने से 17 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सिलहटा गांव निवासी रामदयाल का 17 वर्षीय पुत्र सचिन अपनी 15 वर्षीय चचेरी बहन करीना के साथ घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर सिवान में गाय चरा रहा था। इसी दौरान तेज गरज-चमक के बीच बज्रपात हो जाने से सचिन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं करीना भी अचेत होकर गिर पड़ी। कुछ देर बाद होश आने पर वह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही दादा चिंता एवं अन्य परिजन सचिन को निजी वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए। जहां चिकित्सक डा. विवेक खरे ने परीक्षण के बाद किशोर को मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सचिन दो भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। उसके पिता रामदयाल रोजगार के सिलसिले में मुंबई में रहते हैं, जबकि बड़ा भाई भी एक दिन पहले ही रोजगार के लिए मुंबई गया था। चिकित्सक की सूचना पर पहुंची हलिया पुलिस ने किशोर के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

### महिला ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुईया कला गांव निवासी संतरा देवी ने शनिवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर गांव निवासी दो लोगो के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है दी गयी तहरीर मे बताया है की 27 जुलाई को पुरानी रंजिस की बात को लेकर गांव निवासी श्यामजीत व बबलू गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया जान से मारने की धमकी दिया है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया मामले की जांच एसआई घनश्याम सिंह द्वारा किया जा रहा है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महिला की तहरीर पर दो लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### स्कूल जाने के लिए घर से निकली तीन छात्राएं लापता

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से तीन छात्राएं शनिवार को रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। वे अपने घरों से विद्यालय जाने के लिए निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। ये तीनों किशोरियां लालगंज थाना क्षेत्र के एक ही गांव की रहने वाली हैं और स्थानीय राजकीय हाईस्कूल में पढ़ती हैं। शनिवार को स्कूल के बाद जब वे घर नहीं पहुंचीं, तो परिजनों को चिंता हुई। देर रात तक खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। रात भर जागने के बाद, रविवार सुबह परिजनों ने लालगंज थाने में पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक को गुमशुदगी दर्ज करने के लिए तहरीर दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया और लापता छात्राओं की खोजबीन में जुट गई।इस संबंध में लालगंज प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि तीनों छात्राओं की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीम लगातार सुराग लगा रही है।दावा किया की छात्राओं को ट्रेस कर लिया गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि लापता छात्राओं को जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

### सावन के पहले रविवार को कोटार नाथ शिव मंदिर में उमड़े भक्त

**हलिया (मिर्जापुर)।** पवित्र सावन माह के प्रथम रविवार को अदवा नदी के मध्य टीले पर स्थित प्रसिद्ध कोटार नाथ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर बाबा कोटार नाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक, दूधाभिषेक और बेलपत्र अर्पित किए। कई श्रद्धालुओं ने मंदिर में रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना भी करवाई।मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि सावन के हर सोमवार और रविवार को यहां विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने और प्रसाद वितरण की व्यवस्था मंदिर प्रबंधन द्वारा की गई थी। स्थानीय लोगों का मानना है कि कोटार नाथ मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं, इसी कारण सावन माह में दूर-दूर से भक्त यहां दर्शन करने आते हैं।थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे दिन माहौल भक्तिमय रहा और भजन-कीर्तन के साथ शिव भक्तों ने सावन का आनंद लिया।

# चखनी गांव के किशोर की चाकू से गोंदकर हत्या

- छह लोग को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही जांच

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

थाना क्षेत्र के गांव चखनी ख़ास में एक 14 वर्षीय युवक की हत्या चाकू से गोद कर कर दी गयी । घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी । तहरीर के आधार पर पुलिस ने छः नामजद लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कुछ लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है ।

थाना क्षेत्र के गांव चखनी खास निवासी आदर्श चौहान पुत्र चंद्रेश चौहान को बीती रात्रि कुछ युवकों ने आदर्श चौहान से मारपीट की घटना को अंजाम दिया उसके बाद उसे खेत की तरफ खींच कर ले गये और उसके पेट मे चाकू मार दिया। गम्भीर रूप से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहाँ हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी । पिता की तहरीर पर छः लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में जुट गयी है । परिजनों ने घटना के पीछे महाकाल ग्रुप का हाथ बताते हुए जल्द गिरफ्तारी की मांग की है । परिजनों का यह भी आरोप है कि आदर्श से रंगदारी मांगी जाती थी ।

सीओ तमकुहीराज, जयंत यादव ने बताया सभी पहलुओ को आधार बनाकर जांच की जा रही है , कुछ लोगो को हिरासत में लिया गया है अन्य की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है । आरोपी किसी कीमत पर पुलिस हाथों बच नही सकते । सर्विस टीम की भी मदद ली जा रही है।

# विधायक ने चौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**कुशीनगर।** खड्डा क्षेत्र की ग्राम सभा रामपुर गोनहा में विधायक विवेकानंद पांडेय ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और सड़क, पेयजल, बिजली, आवास, शिक्षा सहित अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं एवं सुझाव विधायक के समक्ष रखे। विधायक विवेकानंद पांडेय ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उनका शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि अवनीन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### बारिश में पैर फिसलने से छात्रा घायल हाथ में फ्रैक्चर, ट्रामा सेंटर रेफर

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोनगढ़ा में शनिवार को बारिश के दौरान फिसलकर गिरने से एक छात्रा घायल हो गई। हादसे में उसके बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा सात की 13 वर्षीय छात्रा शिल्पा बारिश के दौरान शौचालय की ओर जा रही थी। इसी बीच विद्यालय परिसर में फर्श पर पानी जमा होने के कारण उसका पैर फिसल गया और वह गिर पड़ी। हादसे में उसके बाएं हाथ की कलाई के पास गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद विद्यालय के शिक्षकों ने परिजनों को सूचना दी और छात्रा को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया गया।

# हलिया ब्लॉक में आरोग्य मेला का आयोजन, 215 मरीजों का उपचार

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

हलिया ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखी गई और सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श का लाभ लिया। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने 51 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 39 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल व शालिनी सिंह ने 43 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज चिकित्सक बालकृष्ण मिश्रा ने 45 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूडपेली चिकित्सक मनीष कुमार ने 37 मरीजों का उपचार किया कुल 215 लोगों ने आरोग्य मेले में हिस्सा




लिया। सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-शुगर टेस्ट, गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, निःशुल्क दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर के पास उपलब्ध कराना और लोगों को रोगों की रोकथाम व प्रारंभिक उपचार के प्रति जागरूक करना था। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मेले को सफल बनाने के लिए दिनभर सेवाएं दीं। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल आदि मौजूद रहे।

# शादी का सपना दिखाकर चार साल तक शोषण का आरोप

- नाबालिग रहने के दौरान बनाया संबंध
- युवती की तहरीर पर पुलिस जांच में जुटी

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर वर्षों तक कथित तौर पर यौन शोषण करने और बाद में शादी से इनकार कर निजी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता के अनुसार वर्ष 2022 में, जब वह नाबालिग थी, तभी आरोपी ने शादी का भरोसा देकर उससे संबंध बनाए। आरोपी लगातार बालिग होने पर विवाह करने का आश्वासन देता रहा। इसी भरोसे में वह उसके संपर्क में रही।युवती का आरोप है कि बालिग होने के बाद जब उसने शादी की बात उठाई तो आरोपी अपने वादे से पीछे हटने लगा। आरोप है कि 15 जुलाई को आरोपी उसे कुशीनगर के एक होटल में ले गया, जहां निजी तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी उसकी निजी तस्वीरें गांव और अन्य लोगों को दिखाकर उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। इससे वह भय और मानसिक तनाव में है।पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में पटहेरवा थानाध्यक्ष प्रबिंद्र राय ने बताया कि युवती की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# रामलीला कमेटी ड्रमंडगंज के अध्यक्ष बने आशीष केशरी

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

ड्रमंडगंज बाजार स्थित रामलीला मंच पर शनिवार की रात रामलीला कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आशीष केशरी (गुड्डू) को आदर्श श्रीराम लीला कमेटी का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अंजनी सोनी ने बताया कि बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आशीष केशरी के नाम पर सर्वसम्मति से अपनी सहमति जताई। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर आशीष केशरी ने रामलीला कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा व समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। आगामी रामलीला के



भव्य एवं सफल आयोजन हेतु सभी के सहयोग से कार्य करेंगे। बैठक में रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अंजनी सोनी, लवकुश केशरी, ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता, शत्रुघ्न केशरी, तारकेश्वर केशरी, शिवम केशरी, अनिल केशरी, दिलीप चौरसिया, ओंकार केशरी, विजय पाल, अनूप केशरी, बाबा केशरी आदि मौजूद रहे।

### दो कंटेनर आपस में भिड़े, दो घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय मार्ग 135 पर स्थित राजापुर पेट्रोल पंप के पास शनिवार शाम खड़े कंटेनर में पीछे से आ रही तेज रफ्तार दूसरे कंटेनर ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। जिससे कंटेनर में बैठे दो लोग घायल हो गए। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ ने आगे खड़े कंटेनर को सड़क किनारे करवाया और दूसरे कंटेनर में फंसे दोनों व्यक्तियों को गंभीरावस्था में निकाल कर एंबुलेंस सेवा 1033 से अस्पताल भेजा। पुलिस के अनुसार मध्य प्रदेश की तरफ से आ रही कंटेनर राजापुर पेट्रोल पंप के सामने एकाएक ब्रेक लगाकर खड़ा कर दिया। वहीं पीछे से आ रही तेज रफ्तार दूसरा कंटेनर भी अनियंत्रित होकर खड़ी कंटेनर में टकरा गई। घायलों में पवन पुत्र गुल्ले सिंह निवासी रागोपुरा जिला गुना मध्य प्रदेश व शिवाकांत पुत्र रघुवीर निवासी आदमपुर हरदोई को एंबुलेंस 1033से अस्पताल भेजा गया।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटार नाथ व राजपुर गांव में रविवार को एसआई रमाशंकर व कांस्टेबल हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया । पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर ( आईजीआरएस) -



1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# ड्रमंडगंज घाटी क्षेत्र में बोरी में फेका मिला संदिग्ध मांस

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

- पुलिस ने चार किमी दूर नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह जंगल में बोरी को जांच के लिए ढंककर रखवाया

ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास शनिवार शाम को बोरी में बंद संदिग्ध मांस मिलने पर राहगीरों में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में बोरी को एक आटो पर लदवाकर ड्रमंडगंज घाटी के ऊपर नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह जंगल में चार किलोमीटर दूर ढंककर रखवा दिया। पुलिस द्वारा बोरी को जंगल में ले जाने पर क्षेत्रीय लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। मौके पर मौजूद राहगीरों व स्थानीय लोगों ने बताया कि बोरी से आ रही दुर्गंध से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि बोरी में बंद मांस दो तीन पहले का है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पुलिस को संदिग्ध बोरी को थाने पर ले जाकर जांच करवानी चाहिए थी। लेकिन पुलिस ने बोरी को एक आटो पर लदवाकर नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह जंगल में फिंकवा दिया। पुलिस की कार्य प्रणाली को लेकर क्षेत्रीय लोगों में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि बोरी में किस जानवर का मांस फेंका गया है यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा। वहीं पुलिस का कहना है कि बोरी में बंद मांस जंगली सुअर का लग रहा है। जिसे किसी के द्वारा बड़का मोड़ घुमान पर फेंक दिया गया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार ने बताया कि ड्रमंडगंज घाटी में बंद बोरी में मिला मांस सुअर का लग रहा है जिसे खराब होने पर बोरी में बंद कर किसी के द्वारा ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास फेंक दिया गया था। बोरी को नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह गांव में जांच के लिए ढंककर रखवाया गया है।

# सन्त रविदास कलश वंदन यात्रा का सिसवा में हुआ स्वागत

- क्षेत्र के कई मंदिरों में कलश की गई पूजा अर्चना

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।**

सन्त शिरोमणि गुरु रविदास की समरसता संकल्प अभियान के तहत सिसवा नगर सहित क्षेत्र के कई मंदिरों में सन्त रविदास की कलश वंदन यात्रा पहुची जहाँ कलश का समरसता संकल्प यात्रा के संयोजक जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव व सिसवा मण्डल के कार्यकर्ताओं के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। रविवार सुबह सिसवा के बन्दी ढाला पहुची सन्त रविदास की कलश वंदन यात्रा का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया इसके बाद



रथयात्रा हरपुर पकड़ी स्थित बहुरहवा बाबा शिव मंदिर पहुची जहाँ सिसवा विधानसभा के भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा कलश को अपने सिर पर उठाकर मंदिर परिसर ले जाया गया जहाँ पूजन अर्चन कर रथयात्रा जायसवाल नगर स्थित शिव मंदिर पहुचा जहाँ उपस्थित जनसमूह ने पूजा अर्चना किया इसके बाद प्रसिद्ध प्राचीन काली मंदिर पहुचा जहाँ मंडल अध्यक्ष भाजपा रणधीर सिंह द्वारा कलश को मंदिर परिसर ले जाया गया जहाँ मंदिर के पुजारी सोनू शर्मा ने कलश का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर रथ नगर के देवीनगर स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर पहुची जहाँ कलश का पूजा अर्चना किया गया वहीं यात्रा के सबया हनुमान मंदिर पहुचने पर ओमप्रकाश गुप्ता जी , प्रमोद चौरसिया ,सभासद अभिमन्यु चौरसिया सहित दलित समाज के लोगों ने स्वागत वंदन किया ।इस अवसर पर दयाशंकर सिंह, धर्मनाथ खरवार, राममिलन गुप्ता, राजू सिंह, राजेश वैश्य, प्रमोद जायसवाल, पिंटू,अमित अंजन, प्रमोद जायसवाल, प्रेम चंद निषाद, हरिकिशुन कुशवाहा, पिंटू गुप्ता, भोला व गणेश खरवार सहित सैकड़ो दलित समाज के लोग व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# नगरीय क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर सदर व पनियरा विधायक मंत्री से मिले

- शहरी क्षेत्रों में विद्युत, सड़क, जल निकासी की समस्या से कराया अवगत

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

जनपद के शहरी क्षेत्रों में विद्युत,सड़क, जल निकासी आदि समस्या से भारी संख्या में लोग परेशानी उठाने को विवश है। इसके समाधान के लिए और सुविधा विहीन क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह के साथ सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न विकास



योजनाओं और विद्युत की समस्या पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान दोनों विधायकों ने महाराजगंज नगर पालिका परिषद तथा क्षेत्र के चौक, घुघली पनियरा परतावल नगर पंचायतों में सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास से जुड़े प्रस्ताव मंत्री के समक्ष रखे। नगर के अधिकांश स्थानों पर विद्युत पोल और पुराने ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की भी बात की। विधायकों ने नगर निकायों में लंबित विकास कार्यों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कराते हुए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया।विधायक जय मंगल कन्नौजिया एवं विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और नगर पालिका व नगर पंचायतों के विकास के लिए आपका आशीर्वाद प्राप्त हो। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने दोनों जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा जनहित से जुड़े प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निकायों में गुणवत्तापूर्ण आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। इस दौरान चेयरमैन राजेश जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल नंदू दुबे, संजीव शुक्ला साथ रहे।

# कुछ देर की बारिश में तमाम ऑफिसों के परिसर में हुआ जल जमाव

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

- पीडब्ल्यूडी, आबकारी विभाग, कोतवाली परिसर में भरा पानी

कल से बारिश के रुक -रुक कर बने दौर के बीच रविवार को कुछ देर हुई बारिश के चलते जनपद मुख्यालय के पी डब्लू डी परिसर, आबकारी विभाग परिसर, कोतवाली परिसर आदि में जल जमाव हो गया है। जिससे आने-जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।वही अधिकांश वार्डों में जगह-जगह जल भराव की स्थिति बन गई है। जिससे वहां के निवासियों को पानी एवं कीचड़ से होकर आना जाना पड़ रहा है।

नगर पालिका परिषद महाराजगंज में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण कई वर्षों से जिले के विभिन्न क्षेत्र से आने वाले एवं नगर वासियों को बरसात के दिनों में खासी परेशानी झेलनी पड़ती है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद महाराजगंज जनपद मुख्यालय का केंद्र होने के कारण जिले भर से लोगो का आना होता है। ऐसे मे तमाम जनपद स्तरीय कार्यालयो के परिसर में कुछ देर की बारिश में जल भराव होना लोगों के लिए दिक्कत का सबक बन जाता है।वही विभिन्न वार्डों में जल भराव की समस्या बरसात के दिनों में आम हो गई है।जिससे लोगों को फांसी परेशानी उठानी पड़ रही है।चालू बारिश के मौसम के बीच रुक-रुक कर हो रही बारिश के बावजूद थोड़ी देर के बारिश में रविवार को तमाम कार्यालयो के परिसर में जल जमाव की स्थिति बन गई । वही कई वार्डों में जगह-जगह जल जमाव हो गया है। जिसके कारण लोगों को पानी एवं कीचड़ से होकर आना जाना पड़ रहा है। स्थानीय जनों के अनुसार और बारिश का दौर चला तो जल भराव में और वृद्धि होगी।